CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : $37^{0}$ C
न्यूनतम : $22^{0}$ C

हल्द्वानी, मंगलवार 19 मई 2026 हल्द्वानी संस्करण: वर्ष 23 अंक 262 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष 2 विक्रमी सम्वत् 2083 1 जिलहिज्जा 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



उप्र में पंचायत चुनाव के लिए पिछड़ा वर्ग आयोग गठित पेज 2



सूर्यवंशी एक सीजन में सबसे ज्यादा सिक्स लगाने वाले भारतीय खेल टाइम्स



चीन से खाली हाथ लौटे ट्रम्प, नहीं बोल पा रहे हैं खुलकर सम्पादकीय



होर्मुज स्ट्रेट बंद होने से कतर का गैस निर्यात ठप पेज 12

## संक्षिप्त समाचार

### जयराम ने धर्मेंद्र प्रधान के खिलाफ दिया विशेषाधिकार हनन का नोटिस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस सांसद जयराम रमेश ने शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के खिलाफ राज्यसभा के सभापति सीपी राधाकृष्णन को विशेषाधिकार हनन का नोटिस दिया है और उनके खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है। श्री रमेश ने सोमवार को सभापति को पत्र लिखकर आरोप लगाया कि शिक्षा मंत्री ने 15 मई को संवाददाता सम्मेलन में संसद और संसदीय समितियों की गरिमा को ठेस पहुंचाने वाला बयान दिया है। श्री प्रधान ने संवाददाता सम्मेलन में चिकित्सा प्रवेश परीक्षा नीट से जुड़े सवालों पर संसदीय स्थायी समिति की सिफारिशों पर टिप्पणी करने से इन्कार कर दिया था।

### इंजीनियर राशिद को पिता के अंतिम संस्कार के लिए मिली अंतरिम जमानत

**श्रीनगर।** दिल्ली की एक अदालत ने जेल में बंद बारामूला के सांसद अब्दुल राशिद शेख (इंजीनियर राशिद) को सोमवार को उनके पिता खजीर मोहम्मद शेख के अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए अंतरिम जमानत दे दी। श्री खजीर मोहम्मद शेख (85) का रविवार रात लंबी बीमारी के बाद अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में निधन हो गया था। अवामी इत्तेहाद पार्टी (एआईपी) के नेता फिरदौस बाबा ने बताया कि जेल में बंद सांसद को उनके पिता के निधन के बाद पिछली शर्तों के आधार पर दो जून तक के लिए जमानत दी गई है। अदालत ने यह राहत तब दी, जब आतंकवाद के वित्तपोषण के एक मामले में तिहाड़ जेल में बंद राशिद ने अंतिम संस्कार की रस्मों में शामिल होने की अनुमति मांगते हुए एक अर्जी दाखिल की।

### वडोदरा से दिल्ली जा रही इंडिगो फ्लाइट में लाइट गुल

**वडोदरा।** गुजरात के वडोदरा में रविवार रात इंडिगो की फ्लाइट (6ई 657) में बिजली गुल हो गई। विमान का ग्राउंड पावर यूनिट (जीपीयू) अचानक बंद हो जाने से ये हालात बने। इसके चलते पैसेंजर्स को अंधेरे और भारी उमस में परेशानी का सामना करना पड़ा। कुछ यात्रियों की तबीयत बिगड़ने लगी थी। एक पैसेंजर ने अपने मोबाइल में ये वीडियो रिकॉर्ड कर लिया था, जो अब वायरल हो रहा है। रविवार रात को इंडिगो की फ्लाइट नंबर 6ई657 वडोदरा से दिल्ली रवाना होने की तैयारी में थी। इसी बीच 8:50 बजे अचानक फ्लाइट की बिजली गुल हो गई। करीब 25 मिनट बाद बिजली की सप्लाई दोबारा शुरू हो सकी।

### नीट केस में महाराष्ट्र के केमिस्ट्री कोचिंग का डायरेक्टर अरेस्ट

**नई दिल्ली/मुंबई।** नीट पेपर लीक केस में सोमवार को 10वीं गिरफ्तारी हुई। सीबीआई ने महाराष्ट्र के लातूर से केमिस्ट्री कोचिंग डायरेक्टर शिवराज रघुनाथ मोटेगांवकर को गिरफ्तार किया। रविवार को सीबीआई की तलाशी के दौरान रघुनाथ के मोबाइल से नीट यूजी का लीक पेपर बरामद हुआ। सीबीआई के मुताबिक मोटेगांवकर संगठित गिरोह का हिस्सा है, जो नीट पेपर लीक कराने और आगे फैलाने में शामिल है।

# नौ राज्यों में पारा $45^{0}$ के पार, यूपी का बांदा सबसे गर्म

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** राजस्थान, मध्य प्रदेश समेत मैदानी इलाकों के 9 राज्यों में भीषण गर्मी का अलर्ट जारी किया गया है। पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली, महाराष्ट्र का विदर्भ- मराठवाड़ा और तेलंगाना में भी सोमवार को येलो अलर्ट रहा।

मौसम विभाग के मुताबिक इन राज्यों में कई जिलों का तापमान 45 डिग्री सेल्सियस का आंकड़ा पार कर गया। गर्मी का यह दौर पिछले एक हफ्ते से जारी है। रविवार को यूपी का बांदा 46.4 डिग्री के साथ देश का सबसे गर्म शहर रहा। राजस्थान के बीकानेर-बाड़मेर में पारा 45 डिग्री और मप्र के खंडवा में 44.5 डिग्री रिकॉर्ड किया गया।

- **बांदा का तापमान 46.4 डिग्री दर्ज**
- **बिहार में गर्मी से 27 छात्राएं बेहोश**

इधर, बिहार में कई जिलों में उमस भरी गर्मी है तो कुछ जगह बारिश हो रही है। शेखपुरा के कस्तूरबा स्कूल में गर्मी के कारण 27 छात्राएं बेहोश होकर गिर पड़ीं। सभी को शेखपुरा सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। देश के बाकी हिस्सों की बात करें तो केरलम, तमिलनाडु, कर्नाटक, असम, मेघालय, अरुणाचल प्रदेश, नागालैंड, मणिपुर, मिजोरम और त्रिपुरा में भारी बारिश हो सकती है। 19 मई को उत्तर प्रदेश में कुछ जगहों पर भीषण लू चल सकती है।



### रुपया 44 पैसे टूटा, 96.25 रुपये प्रति डॉलर के ऐतिहासिक निचले स्तर पर

**मुंबई।** कच्चे तेल में जारी तेजी के कारण अंतरबैंकिंग मुद्रा बाजार में शुरुआती कारोबार में रुपया सोमवार को 44 पैसे टूट गया और पहली बार एक डॉलर 96.25 रुपये का बोला गया। पिछले कारोबारी दिवस पर भारतीय मुद्रा 17 पैसे की गिरावट में 95.81 रुपये प्रति डॉलर पर रही थी। बीच कारोबार में इसका निचला स्तर 96.14 रुपये प्रति डॉलर रहा था। रुपये पर सोमवार को शुरू से ही दबाव रहा। यह 38 पैसे नीचे 96.18 रुपये प्रति डॉलर पर खुला। फिलहाल यह 96.25 रुपये प्रति डॉलर तक टूट चुका है। अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल में तेजी रही।

# उमर खालिद को मिल सकती थी जमानत: सुप्रीम कोर्ट

## अदालत ने जमानत मामले में अपने ही फैसले पर जताई आपत्ति

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली दंगा साजिश मामले में जेएनयू के पूर्व छात्र नेता उमर खालिद को जमानत देने से इन्कार करने वाले अपने पिछले फैसले पर आपत्ति जताई। कोर्ट ने सोमवार को यह बयान सैयद इफ्तिखार अंद्राबी से जुड़े नार्को- टेररिज्म मामले पर सुनवाई के दौरान दिया।

कोर्ट ने माना कि किसी आरोपी को बेल देना एक नियम है, उसे जेल भेजना अपवाद होना चाहिए। जस्टिस उज्जल भुइयां और जस्टिस बीवी नागरत्ना की बेंच ने केए नजीब मामले में सुप्रीम कोर्ट के फैसले का जिक्र किया। बेंच ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने 2021 में माना था कि मौलिक अधिकार का उल्लंघन होने पर अदालतें गैर-कानूनी गतिविधि रोकथाम अधिनियम (यूएपीए) मामलों में जमानत दे सकती हैं। कोर्ट ने कहा कि खालिद की जमानत याचिका खारिज करते समय कोर्ट ने इस फैसले पर ध्यान नहीं दिया था। 2019 से 2023 के बीच पूरे भारत में यूएपीए मामलों में सिर्फ 1.5प्रतिशत-4फीसदी लोगों को सजा हुई। यानी लगभग 94 प्रतिशत मामलों में बरी होने की संभावना होती है। दिल्ली दंगे का आरोपी उमर खालिद जेएनयू का पूर्व छात्र है। वह सितम्बर 2020 से जेल में है। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने कहा कि जब कोई बड़ी बेंच फैसला सुना देती है, तो छोटी बेंच को उसे मानना ही पड़ेगा। आजकल ऐसा देखा जा रहा है कि छोटी बेंच सीधे-सीधे मना तो नहीं करतीं, लेकिन घुमा-फिराकर बड़े फैसले के असर को कमजोर कर देती हैं। इस साल 4 जनवरी को जस्टिस अरविंद कुमार और जस्टिस एनवी अंजारिया की बेंच ने उमर खालिद और शरजील इमाम की जमानत याचिका खारिज कर दी थी। कोर्ट ने फैसले को रीव्यू करने से भी मना कर दिया था। कहा था कि दोनों आरोपी एक साल तक दिल्ली दंगे मामले में जमानत याचिका दाखिल नहीं कर सकते। उमर जमानत के लिए निचली अदालत से सुप्रीम कोर्ट तक 6 बार याचिका लगा चुका है। दिल्ली में फरवरी, 2020 में हिंसा भड़की थी। इसमें 53 लोगों की मौत हुई थी। 250 से ज्यादा लोग घायल हुए थे। 750 से ज्यादा एफआईआर दर्ज की गईं।



- **आरोपी को बेल देना नियम है और जेल अपवाद**

# नॉर्वे ने पीएम मोदी को दिया सर्वोच्च सम्मान

## पीएम मोदी का ये 32वां अंतर्राष्ट्रीय सम्मान

ओस्लो, वार्ता

**नॉर्वे के राजा** हेराल्ड पंचम ने पीएम मोदी को अपने सर्वोच्च सम्मान 'ग्रैंड क्रॉस ऑफ द रॉयल नार्वेजियन ऑर्डर ऑफ मेरिट' से सम्मानित किया है। यह नॉर्वे के सबसे बड़ा सम्मान माना जाता है।

इसे मिलाकर अब तक पीएम मोदी को 32 अंतर्राष्ट्रीय सम्मान मिल चुके हैं। इससे पहले रविवार को स्वीडन ने भी उन्हें अपने सर्वोच्च सम्मान से सम्मानित किया था। पीएम मोदी ने सोमवार को नॉर्वे की राजधानी ओस्लो में नॉर्वे के पीएम योनास स्टोरे के साथ जॉइंट प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इस दौरान उन्होंने कहा कि पिछले साल भारत और यूरोपियन फ्री ट्रेड एसोसिएशन (ईएफटीए) देशों के बीच ऐतिहासिक व्यापार और आर्थिक साझेदारी समझौता लागू हुआ था। पीएम मोदी के मुताबिक, यह समझौता भारत और नॉर्वे के बीच साझा विकास और समृद्धि का मजबूत आधार बनेगा। इस समझौते के तहत अगले 15 साल में भारत में 100 अरब डॉलर के निवेश और 10 लाख नौकरियां पैदा करने का टारगेट रखा गया है। 19 मई को ओस्लो में तीसरा भारत-नार्डिक शिखर सम्मेलन आयोजित होगा। मोदी ने कहा कि यह उनके नार्डिक समकक्षों से मुलाकात का शानदार अवसर होगा।



- **यूरोप भारत में 100 अरब डॉलर निवेश करेगा**

# बंगाल में इमाम-मुअज्जिन और पुजारियों का भत्ता बंद

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के सीएम सुवेंदु अधिकारी ने कैबिनेट बैठक में कई बड़े फैसले लिए। राज्य सरकार ने इमाम, मुअज्जिन और पुजारियों को दिए जाने वाले भत्ते को एक जून से बंद करने का फैसला किया है।

इसके अलावा टीएमसी सरकार के कार्यकाल में हुए भ्रष्टाचार और महिला उत्पीड़न की जांच के लिए 2 आयोग बनेंगे। दोनों आयोगों की अध्यक्षता कलकत्ता हाईकोर्ट के रिटायर्ड जज करेंगे। साथ ही महिलाओं को अन्नपूर्णा योजना के तहत हर महीने 3000 रुपये देने, मुफ्त बस यात्रा शुरू करने, सातवां वेतन आयोग गठित करने और ओबीसी सूची में बदलाव जैसे अहम निर्णय भी लिए गए। पूर्व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी सरकार ने इसी साल मार्च में धार्मिक नेताओं के मानदेय में 500 रुपये की बढ़ोतरी की थी।

- **महिलाओं को एक जून से 3000 रुपये मिलेंगे**

# लखीमपुर: मैजिक वाहन और ट्रक की टक्कर में 10 की मौत

**लखीमपुर खीरी (ब्यूरो)।** लखीमपुर खीरी जिले के ईसानगर क्षेत्र में एनएच-730 पीलीभीत-बस्ती राजमार्ग पर सोमवार सुबह मैजिक वाहन और ट्रक की आमने-सामने हुई भीषण टक्कर में 10 लोगों की मौत हो गई।

पुलिस सूत्रों ने बताया कि ऊंच गांव और भरेहटा के बीच यह हादसा सुबह करीब सात बजे हुआ। हादसे में सात पुरुषों और दो महिलाओं की मौके पर ही मृत्यु हो गई, जबकि एक अन्य घायल को उपचार के लिए लखीमपुर जिला चिकित्सालय भेजा गया था, जहां चिकित्सकों ने उसे भी मृत घोषित कर दिया। बताया गया कि मैजिक वाहन लखीमपुर से नानपारा की ओर दस यात्रियों को लेकर जा रहा था, जबकि ट्रक बहराइच की तरफ से आ रहा था। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि मैजिक वाहन का अगला टायर फट जाने से वह अनियंत्रित होकर ट्रक से टकरा गया। घटना की सूचना मिलते ही क्षेत्राधिकारी धौरहरा, एसडीएम धौरहरा, खमरिया और ईसानगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची तथा राहत एवं बचाव कार्य शुरू कराया। घायलों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खमरिया भेजा गया।

- **मैजिक अगला टायर फटने के बाद ट्रक से टकराया**

# वीडी सतीशन केरलम के मुख्यमंत्री बने

**तिरुवनंतपुरम।** कांग्रेस नेता वीडी सतीशन सोमवार को केरलम के 13वें मुख्यमंत्री बने। राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर ने उनके अलावा पूरी कैबिनेट (20 मंत्रियों) को शपथ दिलाई। ऐसा 64 साल के बाद हुआ। इससे पहले राज्य के तीसरे कांग्रेसी मुख्यमंत्री रहे आर शंकर ने 1962 में पूरी कैबिनेट के साथ शपथ ली थी, लेकिन 1964 में अविश्वास प्रस्ताव के बाद उनकी सरकार गिर गई थी।

कार्यक्रम में राहुल और प्रियंका गांधी के अलावा पूर्व मुख्यमंत्री पी विजयन, बीजेपी नेता राजीव चंद्रशेखर समेत सभी कांग्रेस शासित राज्यों के सीएम भी कार्यक्रम में शामिल हुए। शपथ लेने के बाद जब सतीशन राहुल के पास गए, तो उन्होंने गले लगाकर बधाई दी और कान में कुछ कहा। राहुल गांधी से मिलने के बाद सतीशन खड़गे, सीएम सिद्धारमैया, सीएम रेवंत रेड्डी, वेणुगोपाल, पिनराई विजयन, सीएम सुक्खू और डीके शिवकुमार से मुलाकात की। केरलम की कैबिनेट में 14 विधायकों ने पहली बार मंत्री पद की शपथ ली। इसमें सीपी जॉन और एन. शमसुद्दीन, केएम शाजी, पीके बशीर और वीई अब्दुल गफूर, पीसी विष्णुनाथ, रोजी एम. जान, बिंदु कृष्णा, टी. सिद्दीकी, केए तुलसी और ओजे जनीश शामिल हैं।



- **64 साल बाद राज्य में किसी सीएम ने पूरी कैबिनेट के साथ शपथ ली**
- **राहुल-प्रियंका गांधी मौजूद रहे**

# भारत रूस से निरंतर खरीद रहा है तेल: सरकार

**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया संकट के कारण वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति प्रभावित होने के बीच भारत ने स्पष्ट किया है कि वह रूस से निरंतर तेल खरीदता रहा है और यह खरीद प्रतिबंधों से पहले, प्रतिबंधों में छूट के दौरान भी और अभी भी जारी है।

भारत ने कहा है कि देश की सार्वजनिक क्षेत्र की तेल कंपनी खरीद के समय व्यावसायिक यानी बाजार के दृष्टिकोण को ध्यान में रखकर निर्णय लेती हैं। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय में संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने पश्चिम एशिया संकट के कारण उत्पन्न स्थिति की जानकारी देने के लिए बुलाए गए संवाददाता सम्मेलन में सवालों के जवाब में यह बात कही। उन्होंने कहा कि देश में कच्चे तेल की कोई कमी नहीं है और विभिन्न स्रोतों से खरीद के माध्यम से तेल की आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है। सुश्री शर्मा ने भारत की रूस से तेल खरीद पर अमेरिकी प्रतिबंधों में छूट के समाप्त होने के बाद वहां से तेल खरीद के बारे में पूछे गए सवाल के जवाब में कहा कि भारत रूस से पहले से ही तेल खरीद रहा है यानी छूट से पहले भी, छूट के दौरान भी और अब भी। संयुक्त सचिव ने कहा कि भारत में तेल कहां से खरीदा जाना है इसका निर्णय बाजार की स्थिति को ध्यान में रखकर लिया जाता है। उन्होंने कहा कि देश में कच्चे तेल की आपूर्ति बराबर सुनिश्चित की जा रही है और यह छूट हो या न हो इससे प्रभावित नहीं होती। उल्लेखनीय है कि अमेरिका ने भारत के रूस से तेल खरीदने पर प्रतिबंध लगा रखा है, लेकिन पश्चिम एशिया संकट को देखते हुए अमेरिका ने इन प्रतिबंधों में छूट दी थी जो 16 मई को समाप्त हो गई।




- **पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने कहा: अमेरिकी प्रतिबंधों से पहले भी और बाद में भी खरीद जारी**

CMYK

## संक्षिप्त समाचार

### आज दो दिनी दौरे पर यूपी में आएंगे राहुल

**रायबरेली।** केरलम में कांग्रेस की अगुवाई वाले यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट (यूडीएफ) के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने के बाद राहुल गांधी उत्तर प्रदेश के दौरे पर रहेंगे। राहुल आज सोमवार को केरल में 10 साल बाद सत्ता में आई कांग्रेस सरकार के शपथ ग्रहण कार्यक्रम में शामिल हुए, इस बीच कांग्रेस के एक पदाधिकारी ने कहा कि लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष के नेता और रायबरेली से सांसद राहुल कल मंगलवार को 2 दिन के दौरे पर यहां पहुंचेंगे। रायबरेली के कांग्रेस जिला अध्यक्ष पंकज तिवारी ने बताया कि यात्रा के पहले दिन राहुल गांधी बछरावां के ठकुराइन खेड़ा में एक मैरिज हॉल का उद्घाटन करेंगे। इसके बाद वह खीरों में एक जनसभा को संबोधित करेंगे, फिर वह लालगंज जाएंगे, जहां वह 'महिला संवाद' कार्यक्रम में शामिल होंगे। गंगा एक्सप्रेसवे पर दौड़ीं यूपी रोडवेज की बसें

### मात्र 839 में प्रयागराज से मेरठ की यात्रा होगी

**लखनऊ।** यूपी के यात्रियों के लिए सफर को और आसान बनाते हुए यूपी रोडवेज ने अब शानदार गंगा एक्सप्रेसवे को भी अपने रूट में शामिल कर लिया है और इस मार्ग पर सरकारी बसों का संचालन सोमवार से शुरू हो गया है। फिलहाल इस सेवा की शुरुआत प्रयागराज से मेरठ के बीच की गई है, जिसका किराया बेहद किफायती रखा गया है। इस नई बस सेवा से मेरठ, हापुड़, नोएडा व गाजियाबाद से प्रयागराज आने-जाने वाले हजारों यात्रियों को बड़ी राहत मिलने वाली है। बसों को सुचारू रूप से चलाने का जिम्मा प्रयागराज रीजन के लीडर रोड डिपो को सौंपा गया है। आज सुबह 10 बजे पहली बस को मेरठ के लिए हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।

# शिक्षक भर्ती अभ्यर्थियों का अनोखा प्रदर्शन

## कीड़े-मकौड़े की तरह रेंगते हुए मंत्री आवास पहुंचे, कई बेहोश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** 69000 शिक्षक भर्ती अभ्यर्थियों ने सोमवार को शिक्षा मंत्री संदीप सिंह के आवास पर प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारी मंत्री के आवास से करीब 100 मीटर पहले इकट्ठा हुए। जमीन पर कीड़े-मकौड़े की तरह रेंगते हुए मंत्री के आवास तक पहुंचे।

इस दौरान उन्होंने कहा कि हम लोग सरकार की नजर में कीड़े-मकौड़े हो चुके हैं। हमारी कहीं कोई सुनवाई नहीं है। इसलिए आज हम लोग कीड़ों की तरह रेंगते हुए मंत्री के आवास पर पहुंचे। भीषण गर्मी की वजह से कई अभ्यर्थी बेहोश हो गए। पुलिस ने उन्हें पानी पिलाया। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। बनारस से आए कैलाश नाथ मौर्या




ने कहा- हम उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री और शिक्षा मंत्री से बस यही कहना चाहते हैं कि हम अब अपना धैर्य खो चुके हैं। हमारे अंदर बिल्कुल भी सहन शक्ति नहीं बची है। हम लोग घर से हार चुके हैं और अब सरकार से भी उम्मीद नहीं रही है। यह अंतिम फरियाद है। सुनवाई नहीं हुई तो हम सभी अभ्यर्थी सामूहिक तौर पर आत्मदाह करेंगे। एक छोटी सी खेती है, उसी से घर का खर्च चलता है। कैलाश नाथ मौर्या ने कहा- फसल बेचकर हम लोग लखनऊ प्रदर्शन करने आते हैं। कैलाश नाथ मौर्या ने कहा- हम लोग अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा नहीं दे पा रहे हैं। सिस्टम की वजह से बेरोजगार घूम रहे हैं। हाईकोर्ट में जीतने के बाद भी हमें नौकरी नहीं मिली है। हमारी बात कोई सुनने को तैयार नहीं है। हर कोई हमारे बारे में उल्टा बोलता है। ओम प्रकाश राजभर हमारे मंत्री हैं, जिन्होंने कभी न्याय की बात नहीं की। राजभर कहते हैं कि यह 69000 शिक्षक भर्ती वाले जूता खाने के लायक हैं, यह कितना शर्मनाक बयान है। अगर नौकरी नहीं मिली तो हम लोग चंदा इकट्ठा करके ओमप्रकाश राजभर के खिलाफ प्रचार करेंगे और उन्हें चुनाव हरवाएंगे। नवलेश ने बताया कि जौनपुर से आए हैं। हम मुख्यमंत्री और पिछड़ों के मंत्री अनुप्रिया पटेल से कहना चाहते हैं कि हमें न्याय दिलाइए।

# उप्र में अगले पांच दिन आसमान से बरसेगी आग

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में भीषण गर्मी और लू का प्रकोप लगातार बढ़ता जा रहा है। मौसम विभाग ने अगले पांच दिनो में प्रचंड गर्मी और लू के आसार व्यक्त किए हैं। विभाग के अनुसार पिछले 24 घंटों के दौरान प्रदेश के कई जिलों में अधिकतम तापमान सामान्य से ऊपर दर्ज किया गया, जबकि बांदा में लू की स्थिति दर्ज की गई।

मौसम विभाग द्वारा सोमवार को जारी हीट वेव बुलेटिन के अनुसार पिछले 24 घंटे में बांदा, प्रयागराज, झांसी, गाजीपुर और सुल्तानपुर में अधिकतम तापमान सामान्य से काफी अधिक दर्ज किया गया। वहीं बारा. बंकी, गोरखपुर, वाराणसी (बीएचयू), बहराइच, बांदा, फुर्सतगंज, मुजफ्फरनगर, मेरठ, उरई और आगरा ताज में तापमान सामान्य से ऊपर रहा। बुलेटिन के मुताबिक पूर्वी उत्तर प्रदेश के बांदा जिले में लू की स्थिति दर्ज की गई। यहां रविवार को अधि. कतम तापमान 46.4 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया जो देश भर में सबसे अधिक था,



■ **मौसम विभाग ने अगले पांच दिनो में पारा 40 से 50 डिग्री के बीच रहने का अनुमान जताया**

वहीं प्रयागराज में दिन का तापमान 44.5, झांसी में 44.6, हमीरपुर में 44.2 और आगरा में 43.3 डिग्री सेल्सियस रहा। मौसम विभाग के अनुसार इस अवधि में पश्चिमी उत्तर प्रदेश में कहीं भी लू नहीं चली।

मौसम विभाग ने अगले पांच दिनों के दौरान प्रदेश के अधिकतम तापमान में तीन से चार डिग्री सेल्सियस तक क्रमिक वृद्धि होने की संभावना जताई है। इसके बाद तापमान में किसी बड़े बदलाव की संभावना नहीं है। विभाग के अनुसार रविवार को मेरठ, आगरा, गाजियाबाद, बहराइच, लखनऊ, रायबरेली, सुल्तानपुर, गोरखपुर, प्रयागराज, झांसी, ललितपुर, वाराणसी, मऊ और महाराजगंज समेत कई जिलों में हीट इंडेक्स 40 से 50 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने की संभावना है। मौसम विभाग ने आगरा, अमेठी, औरैया, आजमगढ़, बलिया, बांदा, चंदौली, चित्रकूट, इटावा, फतेहपुर, फिरोजाबाद, गाजीपुर, हमीरपुर, जालौन, जौनपुर, झांसी, कन्नौज, कानपुर देहात, कानपुर नगर, कौशांबी, ललितपुर, महोबा, मैनपुरी, मऊ, मिर्जापुर, प्रतापगढ़, प्रयागराज, रायबरेली, संत रविदास नगर, सोनभद्र, सुल्तानपुर, उन्नाव और वाराणसी जिलों में लू चलने की चेतावनी जारी की है। मौसम विभाग ने लोगों को दोपहर 11 बजे से तीन बजे के बीच अत्यधिक गर्मी में बाहर निकलने से बचने, पर्याप्त मात्रा में पानी और तरल पदार्थ लेने तथा हल्के सूती कपड़े पहनने की सलाह दी है।

## योगी कैबिनेट में 12 प्रस्तावों को मिली मंजूरी

# पंचायत चुनाव के लिए पिछड़ा वर्ग आयोग गठित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** पंचायत चुनाव से पहले उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने पिछड़ा वर्ग आयोग के गठन को मंजूरी देकर बड़ा सामाजिक दांव चला है। इसके साथ ही लखनऊ मेट्रो विस्तार, स्वास्थ्य सुविधाओं और इंफ्रास्ट्रक्चर से जुड़े प्रस्तावों को भी हरी झंडी मिल गई है।

मुख्यमंत्री योगी आदिंत्यनाथ की अध्यक्षता में सोमवार को हुई मंत्रिमंडल की बैठक में राज्य ग्रामीण निकाय समर्पित पिछड़ा वर्ग आयोग के गठन को मंजूरी दे दी गई। यह आयोग पंचायत स्तर पर पिछड़ों की हिस्सेदारी का अध्ययन कर ओबीसी आरक्षण का नया आधार तैयार करेगा। पांच सदस्ईय आयोग के अध्यक्ष उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त



■ **लखनऊ मेट्रो विस्तार स्वास्थ्य सुविधाओं और इंफ्रास्ट्रक्चर से जुड़े प्रस्तावों को भी हरी झंडी मिली**

न्यायाधीश होंगे। अध्यक्ष और सदस्यों का कार्यकाल छह महीने का होगा। इस अवधि में आयोग सरकार को अपनी रिपोर्ट सौंपेगा। पंचायत चुनाव से पहले इसे सरकार का बड़ा सामाजिक फैसला माना जा रहा है। मंत्रिमंडलट ने लखनऊ मेट्रो के ईस्ट-वेस्ट कॉरिडोर को मंजूरी दी। चारबाग से बसंतकुंज मेट्रो कॉरिडोर के एमओयू को भी पास कर दिया गया है। इससे राजधानी के दक्षिणी हिस्से को बेहतर कनेक्टिविटी मिलेगी और यातायात व्यवस्था मजबूत होगी। योगी सरकार ने वेटरनरी छात्रों का इंटर्नशिप भत्ता चार हजार रुपये से बढ़ाकर 12 हजार रुपये महीना कर दिया। अब पशु चिकित्सा के छात्रों को 12 हजार रुपये मानदेय मिलेगा। लोहिया इंस्टीट्यूट में 1010 बेड का सुपर स्पेशिएलिटी इमरजेंसी सेंटर बनेगा जबकि इसके साथ ही प्रयागराज के स्वरूप रानी नेहरू अस्पताल के विस्तार का रास्ता साफ हो गया है।

### नमाज पढ़नी है, तो शिफ्ट में पढ़िए: योगी

**लखनऊ।** यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ ने बकरीद के त्योहार से पहले राज्य में सड़कों पर नमाज पढ़ने के मामले को लेकर कहा है कि नमाज पढ़नी है, तो आप शिफ्ट में पढ़िए। प्यार से मानेंगे ठीक है, नहीं मानेंगे, तो दूसरा तरीका अपनाएंगे। राजधानी लखनऊ में एक कार्यक्रम के दौरान सीएम ने यह बयान दिया है। सीएम ने कहा कि लोग मुझसे पूछते हैं साहब आपके यहां यूपी में क्या सड़कों पर सचमुच नमाज नहीं होती? मैं कहता हूं कतई नहीं होती है। आप जाकर देख लो नहीं होती है। सड़कें चलने के लिए हैं या कोई भी व्यक्ति आकर के चौराहे पर आकर तमाशा बना देगा, क्या अधिकार है उसको सड़क रोकने का? आवागमन बाधित करने का कौन सा अधिकार है? जहां उसका स्थल होगा वहां जाकर करे। सीएम योगी ने आगे कहा कि उन लोगों ने मुझसे कहा साहब कैसे होगा? हमारी संख्या ज्यादा है। हमने कहा शिफ्ट में कर लो, तुम्हारे घर में रहने की जगह नहीं है, तो भाई संख्या नियंत्रित कर लो, और नहीं है सामर्थ्य, क्यों बेकार आगे संख्या बढ़ाई जा रही है और यह चाहिए आपको कि अगर आपको सिस्टम के साथ रहना है, तो याद करना हम उन नियम और कानून को मानना शुरू करें।

यूपी जन्म-मृत्यु पंजीकरण नियमावली 2026 लागू होगी। मंत्रिमंडल की बैठक में आगरा मेट्रो कॉरिडोर-2 के लिए भूमि हस्तांतरण और स्टेशन-वायाडक्ट निर्माण को मंजूरी मिल गई है।

# प. बंगाल में हिंसा पर भड़कीं बसपा सुप्रीमो मायावती

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी प्रमुख मायावती ने पश्चिम बंगाल में चुनाव के बाद जारी हिंसा को लेकर चिंता जताते हुए केंद्र और राज्य सरकारों को धर्मनिरपेक्षता और संविधान की मर्यादा बनाए रखने की नसीहत दी। सुश्री मायावती ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर लिखा- सरकारों को ऐसा कुछ नहीं करना चाहिए, जिससे संकीर्ण राजनीति, धार्मिक भेदभाव या जातीय द्वेष का आरोप लगे। भारत की दुनिया भर में अच्छी और अनोखी मानवतावादी पहचान बाबा साहेब डा. भीमराव अम्बेडकर के संविधान से है, जो पूरी तरह धर्मनिरपेक्षता के सिद्धांत पर आधारित है। संविधान सभी धर्मों के लोगों को एक-समान आदर-सम्मान, जान-माल और



मजहब की आजादी की सुरक्षा सुनिश्चित करता है। उन्होंने पश्चिम बंगाल में चुनाव उपरांत हिंसा का जिक्र करते हुए कहा कि उच्च न्यायालय के निर्देशों के बाद सरकारों को अराजकता के विरुद्ध सख्त हो जाना चाहिए। ताकि किसी भी सरकार पर संकीर्ण राजनीति, धार्मिक भेदभाव, जातीय द्वेष व पक्षपात का दोष न लगे। यह अति-चिंता की बात होनी चाहिए।

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

# बिज़नेस-टाइम्स

सेंसेक्स 75315.04
निफ्टी 23649.95

सोना 157000 प्रति 10 ग्राम
चांदी 266000 प्रति किलो

# शेयर बाजारों में बिकवाली हावी

## दिग्गज कंपनियों में लिवाली से चढ़े प्रमुख सूचकांक

**मुंबई, वार्ता**

विदेशों से मिले नकारात्मक संकेतों के बीच घरेलू शेयर बाजारों में सोमवार को बिकवाली हावी रही, हालांकि दिग्गज कंपनियों में बाद में हुई लिवाली से प्रमुख सूचकांक हरे निशान में बंद हुए। बीएसई का सेंसेक्स 77.05 अंक (0.10 प्रतिशत) बढ़कर 75,315.04 अंक पर पहुंच गया।

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचक. ांक भी लगभग पूरे दिन लाल निशान में रहने के बाद 6.45 अंक यानी 0.03 प्रतिशत ऊपर 23,649.95 अंक पर रहा। डॉलर की तुलना में रुपये में जारी नरमी और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल में तेजी से बाजार में निवेश धारणा कमजोर है। अंतरबैंकिंग मुद्रा बाजार में रुपया आज 58 पैसे टूटकर 96.39 रुपये प्रति डॉलर के ऐतिहासिक निचले स्तर तक फिसल गया। वहीं कच्चा तेल एक प्रतिशत चढ़कर 110 डॉलर प्रति बैरल के पार पहुंच गया। सेंसेक्स 430 अंक की गिरावट में खुला और सुबह के समय ही 1,057 अंक टूटकर 74,180.26 अंक तक उतर गया था। हालांकि



आखिर आधे घंटे में हुई लिवाली से सूचकांक में तेजी लौट आई। वृहत बाजार में बिकवाली का जोर रहा। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 0.07 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 1.26 प्रतिशत गिर गया। इस बीच, आईटी सेक्टर में जबरदस्त तेजी रही और इसका सूचकांक 2.43 प्रतिशत चढ़ा। फार्मा, स्वास्थ्य और निजी बैंकों के समूहों में भी बढ़त रही। सार्वजनिक बैंकों, टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद, ऑटो, तेल एवं गैस, धातु और मीडिया समूहों के सूचकांकों में गिरावट रही। सेंसेक्स की कंपनियों में टेक महिंद्रा का शेयर करीब साढ़े चार प्रतिशत और इंफोसिस का दो प्रतिशत से ज्यादा की बढ़त में बंद हुआ। भारती एयरटेल, बजाज फिनसर्व, सन फार्मा, एचसीएल टेक्नोलॉजीज और बजाज फाइनेंस के शेयर एक से दो प्रतिशत तक चढ़े।

### सोना और चांदी की कीमतों में गिरावट

**नई दिल्ली।** इंटरनेशनल लेवल पर सोने की कीमत में आ रही गिरावट का असर भारतीय सर्राफा बाजार में भी देखने को मिल रहा है। हफ्ते के पहले कारोबारी दिन सोमवार, 18 मई को घरेलू बाजार में सोना-चांदी के दाम गिरे हैं। हालांकि 24 कैरेट गोल्ड का रेट अभी भी 1 लाख 57 हजार रुपये प्रति 10 ग्राम के पार है। वहीं चांदी की कीमत भी अब गिरावट के साथ 2 लाख 66 हजार रुपये प्रति किलो तक आ गई है। सोना 2026 में अब तक 24 हजार रुपए और चांदी 37 रुपए महंगी हुई है। 31 दिसंबर 2025 को 10 ग्राम सोना 1.33 लाख रुपए पर था, जो अब 1.58 लाख रुपए पर पहुंच गया है। वहीं चांदी 2.30 लाख रुपए किलो थी, जो अब 2.67 लाख रुपए पर पहुंच गई है।

# चावल, गेहूं में तेजी, चीनी नरम दालों, खाद्य तेलों में रही घट-बढ़

**नई दिल्ली, वार्ता**

घरेलू थोक जिंस बाजारों में सोमवार को चावल का औसत भाव बढ़ गया। चावल के साथ गेहूं में भी तेजी देखी गई। चीनी में गिरावट रही, जबकि दालों और खाद्य तेलों में उतार-चढ़ाव का रुख रहा।

औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत 35 रुपये बढ़कर 3,864 रुपये प्रति क्विंटल पर पहुंच गई। गेहूं चार रुपये महंगा हुआ और 2,777 रुपये प्रति क्विंटल बोला गया। आटा 15 रुपये प्रति क्विंटल गिर गया। दाल- दलहनों में तुअर दाल की औसत कीमत 55 रुपये और मसूर दाल की 52 रुपये प्रति क्विंटल



बढ़ गई। वहीं मूंग दाल 39 रुपये और उड़द दाल 15 रुपये प्रति क्विंटल टूट गई। चना दाल की कीमत लगभग स्थिर रही। मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का अगस्त वायदा 96 रिंगिट चढ़कर 4,533 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। जुलाई का अमेरिकी सोया तेल वायदा भी 1.72 प्रतिशत की तेजी के साथ 75.15 सेंट प्रति पौंड के भाव बोला गया। स्थानीय बाजारों में मूंगफली तेल की औसत कीमत 59 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गई। पाम ऑयल 13 रुपये और सूरजमुखी तेल 10 रुपये महंगा हुआ। वहीं सोया तेल 47 रुपये और सरसों तेल 21 रुपये सस्ता हुआ। वनस्पति 20 रुपये प्रति क्विंटल फिसल गया। मीठे के बाजार में आज गुड़ का औसत भाव 22 रुपये प्रति क्विंटल टूट गया। चीनी भी नौ रुपये सस्ती हुई। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रहे: दाल-दलहन: दाल चना 7669.53 रुपये, मसूर काली 8132.17 रुपये, मूंग दाल 10147.02 रुपये, उड़द दाल 10830.41 रुपये, तुअर दाल 11254.88 रुपये प्रति क्विंटल रही।

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काज़ीज़ादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
— HEALTH WITH CARE —
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कॉहलिक लिवर डिज़ीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

# सहारनपुर में गर्मी से बढ़ी मिट्टी के बर्तनों की मांग

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** उत्तर प्रदेश में सहारनपुर और आस-पास के क्षेत्रों में भीषण गर्मी की दस्तक के साथ ही पारंपरिक मिट्टी के घड़ों और सुराहियों की मांग में भारी उछाल आया है।

आधुनिक रेफ्रिजरेटरों के युग में भी स्वास्थ्य के प्रति जागरूक नागरिकों और ग्रामीण क्षेत्रों में 'गरीबों के फ्रिज' कहे जाने वाले इन मिट्टी के बर्तनों का आकर्षण सिर चढ़कर बोल रहा है। इस बार बाजार में पारंपरिक गोल घड़ों के अलावा विशेष रूप से तैयार की गई सुराहीदार बोतलें और टोंटी वाले घड़े (टैप मटका) ग्राहकों की पहली पसंद बने हुए हैं। जिले के कुम्हारों (मृत्तिका शिल्पियों) ने बदलते समय के साथ अपने उत्पादों में आधुनिक बदलाव किए हैं, जिससे इनकी मांग शहरी इलाकों में भी तेजी से बढ़ी है। स्थानीय व्यापारियों का कहना है मिट्टी के इस बढ़ते कारोबार से स्थानीय चाक शिल्पियों के चेहरे खिले हुए हैं। हालांकि कुम्हारों ने सरकार से मांग की है कि उन्हें मिट्टी खनन के लिए सुलभ स्थान और आधुनिक टूल-किट उपलब्ध कराए जाएं, ताकि इस पारंपरिक कुटीर उद्योग को और बढ़ावा मिल सके और सहारनपुर की यह अनूठी कला जीवित रह सके। पिछले वर्ष की तुलना में इस बार मिट्टी के बर्तनों के दाम में 15 से 20 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। इसका मुख्य कारण उपयुक्त मिट्टी की कमी, परिवहन लागत में बढ़ोतरी और ईंधन (भट्ठी सुलगाने की सामग्री) के दामों में हुआ इजाफा है। इसके बावजूद, सहारनपुर के कोर्ट रोड, अंबाला रोड और चिलकाना क्षेत्र के बाजारों में सुबह से ही खरीदारों की भीड़ देखी जा रही है।

# चुनाव बाद महंगाई बढ़ाकर गरीबों को चोट पहुंचाते हैं पीएम मोदी: खड़गे

**नई दिल्ली, वार्ता**

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर सीधा आरोप लगाते हुए कहा है कि वह चुनाव तक महंगाई और कीमतों से जुड़ी वास्तविक स्थिति छिपाते हैं और चुनाव खत्म होते ही गरीबों को नुकसान पहुंचाने वाले फैसले लेते हैं।

उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी सरकार की नीतियों के कारण लगातार महंगाई बढ़ रही है और इसका सबसे अधिक खामियाजा देश के गरीब तथा आम लोगों को झेलना पड़ रहा है। खड़गे ने सोशल मीडिया एक्स पर सोमवार को लिखा कि यदि प्रधानमंत्री मोदी चुनाव से पहले पेट्रोल-डीजल समेत अन्य आवश्यक वस्तुओं की कीमतें बढ़ाते तो भाजपा को इसका बड़ा



राजनीतिक नुकसान उठाना पड़ता। इसी कारण सरकार ने चुनाव तक सभी बातों को देश से छिपाकर रखा लेकिन चुनाव समाप्त होते ही कीमतों में बढ़ोतरी कर दी। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा सरकार और मोदी में दूरदर्शिता की कमी है और उनकी सरकार की नीतियों के कारण लगातार महंगाई बढ़ रही है, जिससे गरीबों को वे जरूरी चीजें भी नहीं मिल पा रही हैं, जिनके वे हकदार हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस इस मुद्दे को प्रमुखता से उठाएगी।

### खड़गे ने परमाणु परीक्षण की 52वीं वर्षगांठ पर इंदिरा गांधी को याद कर किया नमन

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने भारत के पहले परमाणु परीक्षण 'स्माइलिग बुद्धा' की 52वीं वर्षगांठ पर तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के साहसिक, सशक्त और दूरदर्शी निर्णय को याद करते हुए कहा है कि इंदिरा गांधी के इसी ऐतिहासिक फैसले ने देश को आत्मनिर्भरता, रणनीतिक क्षमता और राजनीतिक मजबूती की दिशा में आगे बढ़ाने का मार्ग प्रशस्त किया था। खड़गे ने सोमवार को सोशल मीडिया एक्स पर लिखा कि 52 वर्ष पहले भारत ने 'स्माइलिग बुद्धा' कोड नाम से अपना पहला परमाणु परीक्षण किया था।

### पेपर लीक से युवाओं के भविष्य से किया खिलवाड़: सुरजेवाला

**नई दिल्ली।** कांग्रेस महासचिव और राज्यसभा सांसद रणदीप सिंह सुरजेवाला ने नीट 2026 पेपर लीक मामले को लेकर केंद्र सरकार की कड़ी आलोचना करते हुए कहा है कि देश का परीक्षा तंत्र पूरी तरह से शिक्षा माफिया के सामने समर्पण कर चुका है और मेधावी छात्रों के भविष्य की 'सरेआम नीलामी' हो रही है। सुरजेवाला ने अपने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि पिछले एक दशक में कई बड़े परीक्षा घोटाले सामने आए हैं, जिनमें 2013 का व्यापम घोटाला, 2018 एसएससी घोटाला, 2021 यूपी -टेट घोटाला, रीट घोटाला, 2022 बीपीएससी घोटाला और 2024 यूजीसी -नीट घोटाला शामिल हैं। उन्होंने कहा कि इन घटनाओं ने साबित कर दिया है कि पेपर लीक अब केवल प्रशासनिक चूक नहीं, बल्कि व्यवस्था का 'नया सामान्य स्वरूप' बन चुका है।

# बांदा को साजिश की तहत खत्म कर रही भाजपा सरकार: अखिलेश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने बांदा में कथित अवैध खनन को लेकर भाजपा सरकार पर बड़ा हमला बोला है। 'बांदावासियों' के नाम जारी एक भावुक अपील में उन्होंने कहा कि निर्मम उत्खनन के कारण बांदा को साजिशन खत्म किया जा रहा है। उन्होंने चेतावनी भरे लहजे में कहा कि अगर शोषण-दोहन यूं ही जारी रहा, तो एक दिन दुनिया कहेगी: एक था बांदा।

अखिलेश यादव ने कहा कि आज की धन लोभी भाजपा सरकार और उनके पालित-पोषित लालची ठेकेदारों द्वारा किए जा रहे उत्खनन से बांदा मिटाया जा रहा है और दूसरी जगहों को बसाया जा रहा है। इस 'प्राकृतिक उत्पीड़न' के कारण स्थानीय पैदावार चक्र बुरी तरह प्रभावित हुआ है। सपा प्रमुख ने कहा कि काम-कारोबार की कमी से लोग पलायन कर रहे



हैं। इससे बांदा 'प्राकृतिक पलायन' का शिकार हो रहा है। इसका असर यह हुआ है कि बांदा की हर संपत्ति का मूल्य घट रहा है और मान भी। सपा प्रमुख ने बांदा के प्राकृतिक, सांस्कृतिक, धार्मिक व ऐतिहा. सिक गौरव और पर्यटन को बचाने की अपील की। उन्होंने कहा कि स्थानीय नागरिक, पत्रकार, पर्यावरण संरक्षक, छात्र-युवा संगठन, महिला शक्ति, सांस्कृतिक- साहित्यिक आंदोलनकारी व सामाजिक सरो. कारों से जुड़ी हस्तियां, क्लब और सोसाइटियां राजनीति से ऊपर उठकर एकजुट हों। अखिलेश ने चेताया कि अगर अभी सक्रिय नहीं हुए तो पर्यावरण के नक्शे पर बांदा कहीं नहीं दिखेगा।

# 182 करोड़ कीमत की प्रतिबंधित सिंथेटिक ड्रग 'कैप्टागन' बरामद

## सहसपुर की कथित यूनिट के पास नहीं था एफडीए या एफएसएसएआई लाइसेंस, एफडीए ने अवैध इकाइयों पर सख्ती बढ़ाने के दिए संकेत

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** देशभर में चर्चा में आए नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) के ऑपरेशन रागेपिल के बाद उत्तराखंड का खाद्य संरक्षा एवं औषधि प्रशासन (एफडीए) भी पूरी तरह अलर्ट मोड में आ गया है। अंतरराष्ट्रीय ड्रग सिंडिकेट के खिलाफ चलाए गए इस बड़े अभियान में करीब 182 करोड़ रुपये कीमत की प्रतिबंधित सिंथेटिक ड्रग कैप्टागन बरामद की गई है। इस कार्रवाई में एक विदेशी नागरिक समेत दो लोगों की गिरफ्तारी भी हुई है। मीडिया रिपोर्ट्स में देहरादून जनपद के सहसपुर क्षेत्र स्थित ग्रीन हर्बल्स नामक इकाई का नाम सामने आने के बाद खाद्य संरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग ने स्थिति स्पष्ट करते हुए कहा है कि संबंधित संस्थान विभाग के रिकॉर्ड में पंजीकृत नहीं था। विभाग के अनुसार उक्त यूनिट को न तो औषधि एवं प्रसाधन अधिनियम के अंतर्गत कोई निर्माण लाइसेंस जारी किया गया था और न ही एफएसएसएआई के तहत किसी प्रकार की अनुमति प्रदान की गई थी।

एफडीए ने स्पष्ट किया कि यह मामला एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत प्रतिबंधित एवं कंट्रोल्ड सब्सटेंस से जुड़ा है, जिसका नियमन विभाग के अधिकार क्षेत्र में नहीं आता। विभाग ने कहा कि केंद्रीय एजेंसियों द्वारा पूरे मामले की जांच की जा रही है तथा राज्य स्तर पर भी संबंधित सूचनाओं को गंभीरता से लिया जा रहा है।

**क्या है 'कैप्टागन'**

कैप्टागन एक सिंथेटिक साइकोट्रॉपिक ड्रग है, जिसे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर फेनेथाइलीन आधारित उत्तेजक पदार्थ माना जाता है। पश्चिम एशिया के कई संघर्षग्रस्त क्षेत्रों में आतंकी संगठनों और अंतरराष्ट्रीय ड्रग नेटवर्क के उपयोग के कारण इसे जिहादी ड्रग के नाम से भी जाना जाता है। यह लंबे समय तक जागे रहने, भय कम करने और शरीर को अत्यधिक सक्रिय बनाए रखने के लिए कुख्यात रही है। भारत में पहली बार इतनी बड़ी मात्रा में इसकी बरामदगी ने केंद्रीय एजेंसियों को भी सतर्क कर दिया है।

**एफडीए ने दी स्थिति स्पष्ट'**

खाद्य संरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग ने कहा कि कैप्टागन किसी वैध औषधि की श्रेणी में नहीं आती और इसका विनियमन एफडीए के अधिकार क्षेत्र में नहीं है। विभाग के अनुसार यह एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रतिबंधित पदार्थ है, जिसकी अवैध सप्लाई और तस्करी गंभीर अपराध की श्रेणी में आती है।

विभाग ने यह भी कहा कि प्रदेश में बिना अनुमति संचालित निर्माण इकाइयों और संदिग्ध गतिविधियों पर लगातार निगरानी रखी जा रही है। निरीक्षण अभियान नियमित रूप से चलाए जा रहे हैं और आवश्यकता पड़ने पर स्थानीय प्रशासन एवं केंद्रीय एजेंसियों के साथ समन्वय स्थापित कर कार्रवाई की जाएगी।

**उत्तराखंड कनेक्शन की जांच तेज**

एनसीबी की शुरुआती जांच में मामला अंतरराष्ट्रीय ड्रग सिंडिकेट से जुड़ा बताया जा रहा है। रिपोर्ट्स के अनुसार बरामद खेप को पश्चिम एशिया भेजने की तैयारी थी। केंद्रीय एजेंसियां अब यह पता लगाने में जुटी हैं कि सहसपुर स्थित कथित यूनिट को किन माध्यमों से संचालित किया जा रहा था और इसके पीछे कौन-कौन लोग शामिल थे।

**अवैध इकाइयों पर बढ़ेगी सख्ती**

मामले के सामने आने के बाद प्रदेश में बिना लाइसेंस संचालित इकाइयों और अवैध निर्माण प्रतिष्ठानों पर निगरानी और सख्ती बढ़ने के संकेत मिल रहे हैं। खाद्य संरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग ने कहा है कि प्रदेश में वैधानिक अनुमति के बिना संचालित इकाइयों के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रहेगा और ऐसे मामलों में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

खाद्य संरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग के अपर आयुक्त ताजबर सिंह जग्गी ने कहा कि सहसपुर क्षेत्र में संचालित जिस ग्रीन हर्बल्स इकाई का नाम मीडिया रिपोर्ट्स में सामने आया है, वह विभाग के रिकॉर्ड में पंजीकृत नहीं है। इस संस्थान को न तो औषधि एवं प्रसाधन अधिनियम के अंतर्गत कोई लाइसेंस जारी किया गया था और न ही एफएसएसएआई के तहत अनुमति दी गई थी। उन्होंने स्पष्ट किया कि कैप्टागन जैसी प्रतिबंधित सामग्री का विभाग से कोई नियामकीय संबंध नहीं है, क्योंकि यह एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत कंट्रोल्ड सब्सटेंस की श्रेणी में आती है। उन्होंने कहा कि विभाग प्रदेश में बिना लाइसेंस संचालित इकाइयों के खिलाफ लगातार अभियान चला रहा है तथा आवश्यकता पड़ने पर स्थानीय प्रशासन एवं केंद्रीय एजेंसियों के साथ समन्वय स्थापित कर कार्रवाई की जाएगी।

अपर आयुक्त ताजबर सिंह जग्गी

# सिमलास ग्रांट में अवैध प्लॉटिंग पर चला एमडीडीए का बुलडोजर

## बिना स्वीकृति विकसित की जा रही कॉलोनियों पर प्राधिकरण सख्त, कई बीघा भूमि पर धवस्तीकरण

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** अवैध प्लॉटिंग और बिना स्वीकृति विकसित की जा रही कॉलोनियों के खिलाफ मसूरी-देहरादून विकास प्राधिकरण (एमडीडीए) ने सोमवार को बड़ी कार्रवाई की। प्राधिकरण क्षेत्र के अंतर्गत सिमलास ग्रांट स्थित ग्राम झड़ौंद में विभिन्न लोगों द्वारा की जा रही अवैध प्लॉटिंग पर संयुक्त सचिव प्रत्यूस सिंह के निर्देशों पर धवस्तीकरण अभियान चलाया गया। कार्रवाई के दौरान कई बीघा भूमि पर विकसित की जा रही अवैध कॉलोनियों के निर्माण कार्यों को धवस्त किया गया। एमडीडीए की टीम ने मौके पर पहुंचकर अवैध रूप से काटे जा रहे प्लॉट, बनाई जा रही सड़कें और अन्य निर्माण कार्यों को जेसीबी मशीनों की सहायता से धवस्त किया। संयुक्त सचिव प्रत्यूस सिंह ने स्पष्ट किया कि बिना स्वीकृत लेआउट और मानचित्र के किसी भी प्रकार की प्लॉटिंग या कॉलोनी विकसित करना नियमों का उल्लंघन है और ऐसे मामलों में आगे भी कठोर कार्रवाई जारी रहेगी। धवस्तीकरण अभियान के दौरान सहायक अभियंता निशांत कुकरेती, अवर अभियंता जयदीप राणा और सुपरवाइजर सहित प्राधिकरण की



टीम मौके पर मौजूद रही। एमडीडीए ने स्पष्ट किया कि आगे भी इसी तरह की कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।

**कई अवैध प्लॉटिंग स्थलों पर हुई कार्रवाई**

संयुक्त सचिव प्रत्यूस सिंह द्वारा जारी जानकारी के अनुसार विजय थापा द्वारा ग्राम झड़ौंद, सिमलास ग्रांट में लगभग 8 बीघा भूमि पर की जा रही अवैध प्लॉटिंग के खिलाफ धवस्तीकरण की कार्रवाई की गई। वहीं सुन्दर पाल और राजेन्द्र पाल द्वारा लगभग 5 से 8 बीघा भूमि पर विकसित की जा रही अवैध कॉलोनी पर भी कार्रवाई करते हुए निर्माण कार्यों को धवस्त किया गया। इसके अतिरिक्त जागीर और सजवाण द्वारा लगभग 2 बीघा भूमि पर की जा रही अवैध प्लॉटिंग पर भी प्राधिकरण की टीम ने कार्रवाई की। राजेन्द्र सिंह बिष्ट द्वारा लगभग 3 से 4 बीघा भूमि पर विकसित की जा रही अवैध प्लॉटिंग को भी धवस्त किया गया। कार्रवाई के दौरान अवैध रूप से विकसित की जा रही सड़कों, सीमांकन और अन्य निर्माण गतिविधियों को हटाया गया।

**अवैध निर्माण किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं: बंशीधर तिवारी**

एमडीडीए के उपाधयक्ष बंशीधर तिवारी ने कहा कि प्राधिकरण क्षेत्र में अवैध प्लॉटिंग और अनधिकृत निर्माण के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि बिना स्वीकृति भूमि का व्यावसायिक उपयोग और कॉलोनियां विकसित करना कानून का उल्लंघन है। ऐसे मामलों में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं बरती जाएगी। उन्होंने आम लोगों से अपील करते हुए कहा कि किसी भी भूखंड या प्लॉट को खरीदने से पहले उसकी वैधानिक स्थिति और प्राधिकरण से स्वीकृति अवश्य जांच लें, ताकि भविष्य में किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा कि एमडीडीए शहर के सुव्यवस्थित विकास और मास्टर प्लान के अनुरूप निर्माण कार्य सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है।

# कैबिनेट मंत्री जोशी ने विकास योजनाओं का किया लोकार्पण एवं शिलान्यास

## अधिकारियों को सभी परियोजनाएं तय समय सीमा के भीतर पूर्ण करने के निर्देश दिए

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने सोमवार को सुवाखोली में मसूरी विधानसभा क्षेत्र के अन्तर्गत 170.20 लाख की लागत से विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। इस दौरान उन्होंने क्षेत्र के विकास कार्यों को गति देने के साथ अधिकारियों को सभी परियोजनाएं तय समय सीमा के भीतर पूर्ण करने के निर्देश दिए।

कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी द्वारा बुरांशखण्डा स्थित माता वैष्णो देवी मंदिर में 45 लाख की लागत से निर्मित टिन शेड एवं रेलिंग कार्य का लोकार्पण किया गया। वहीं सुवाखोली स्थित माता भुवनेश्वरी देवी मंदिर में 42.80 लाख की लागत से टिन शेड एवं रेलिंग निर्माण कार्य, सुवाखोली में घ10.49 लाख की लागत से टॉयलेट निर्माण कार्य, बिचली कफलानी मोटीधार मार्ग में 25.30 लाख की लागत से सीसी सड़क निर्माण कार्य तथा मोटीधारधटिम्पणी धार क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर 46.61 लाख की लागत से सुरक्षा दीवार निर्माण कार्य का शिलान्यास किया गया।

इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने क्षेत्रवासियों की समस्याएं भी सुनीं तथा संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने विद्युत विभाग के अधिकारियों को सुवाखोली में प्रस्तावित बिजलीघर निर्माण से संबंधित सभी औपचारिकताएं शीघ्र पूर्ण कर निर्माण कार्य जल्द शुरू करने के निर्देश दिए। उन्होंने कृषि एवं उद्यान विभाग के अधिकारियों को क्षेत्र में अधिक से अधिक पॉलीहाउस स्थापित करने, जियो टैंक एवं कृषि उपकरण वितरित करने तथा जनप्रतिनिधियों के साथ समन्वय बनाकर किसानों को विभागीय योजनाओं से लाभान्वित करने के निर्देश दिए। वहीं वन विभाग को सड़क निर्माण के दौरान दुर्घटना का कारण बन रहे पेड़ों की चिन्हित कर आवश्यक कटान एवं छंटाई करने के निर्देश दिए गए। कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को मोटीधार-मसराना मोटर मार्ग, सुवाखोली-सरोना-चामासारी-लोहारीगढ़ मार्ग तथा क्यारा-धनौल्टी मोटर मार्ग सहित अन्य लंबित कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण करने के निर्देश दिए। साथ ही एमडीडीए अधिकारियों को सुवाखोली के शौचालयों के जीर्णोद्धार सहित अन्य आवश्यक कार्य प्राथमिकता से करने के भी निर्देश दिए। कार्यक्रम के दौरान कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने बुरांशखण्डा स्थित माता वैष्णो देवी मंदिर पहुंचकर पूजा-अर्चना कर प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य वीर सिंह चौहान, ग्राम प्रधान नाली कला अरविंद राणा, सदस्य क्षेत्र पंचायत बुरांस खंडा आंशिका देवी, ग्राम प्रधान मोटीधार प्रेम कोहली, मोहन सिंह, पूरण सिंह सहित विभिन्न विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।



# मुख्यमंत्री धामी के नेतृत्व में ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मिल रही मजबूती: चौधरी

**देहरादून।** ब्लॉक प्रमुख संगठन उत्तराखंड के प्रतिनिधियों द्वारा प्रदेश के ग्राम्य विकास, लघु एवं सूक्ष्म मधयम उद्यम, खादी एवं ग्रामोद्योग मंत्री भरत सिंह चौधरी से शिष्टाचार भेंट की गई। इस अवसर पर संगठन के प्रतिनिधियों ने मंत्री श्री भरत सिंह चौधरी को पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका अभिनंदन किया। प्रतिनिधिमंडल ने मंत्री जी को ज्ञापन सौंपते हुए अपनी विभिन्न मांगों एवं क्षेत्रीय समस्याओं से भी अवगत कराया। मंत्री श्री भरत सिंह चौधरी ने प्रतिनिधिमंडल को उनकी मांगों के त्वरित एवं प्रभावी समाधान का आश्वासन देते हुए कहा कि सरकार जनप्रतिनिधियों एवं क्षेत्रीय संगठनों के सुझावों को गंभीरता से लेकर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के समग्र विकास का मार्ग गांवों एवं विकास खंडों से होकर गुजरता है तथा इस प्रक्रिया में ब्लॉक प्रमुखों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। काबीना मंत्री ने यह भी कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में राज्य निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर हो रहा है। सरकार ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करते हुए स्वरोजगार को बढ़ावा देने तथा युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए अनेक जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन कर रही है। इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख संगठन उत्तराखंड के अध्यक्ष राजीव कंडारी सहित कई ब्लॉक प्रमुख उपस्थित रहे।

# मुख्यमंत्री ने विकास योजनाओं के लिए दी 1344 करोड़ की वित्तीय एवं प्रशासनिक स्वीकृति

**प्रदेश में विद्युत, पेयजल आपूर्ति, सिचाई, पर्यटन और पार्किंग से संबंधित अवस्थापना सुविधाओं के विकास, आवासीय एवं अनावासीय भवनों के निर्माण, बद्री गाय संरक्षण एवं जिला योजनाओं के सफल क्रियान्वयन में आएगी तेजी**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रदेश में विद्युत, पेयजल आपूर्ति, सिचाई, पर्यटन और पार्किंग से संबंधित अवस्थापना सुविधाओं के विकास, आवासीय एवं अनावासीय भवनों के निर्माण, बद्री गाय संरक्षण एवं जिला योजनाओं के सफल क्रियान्वयन आदि के लिए कुल 1344 करोड की वित्तीय स्वीकृति प्रदान की है।

मुख्यमंत्री ने जनपद नैनीताल के बिठौरिया नं0-1 में विकासनगर कालोनी में नलकूप निर्माण किये जाने हेतु अवशेष धनराशि 63.62 लाख, जनपद बागेश्वर के विधानसभा क्षेत्र कपकोट में सरयू वैली एवं शामा क्षेत्र के अन्तर्गत विद्युत सब स्टेशन की स्थापना हेतु 6.54 करोड़ के सापेक्ष प्रथम किश्त 2.00 करोड़ स्वीकृत किये जाने के साथ ही जनपद देहरादून के विधानसभा क्षेत्र देहरादून कैन्ट के अन्तर्गत बंच केबिल से बचे क्षेत्र में बंच केबिल के कार्य हेतु 4.92 करोड़ के सापेक्ष प्रथम किश्त में 1.96 करोड़ की धनराशि स्वीकृत किये जाने का अनुमोदन प्रदान किया है।

मुख्यमंत्री द्वारा जनपद उधम सिंह नगर के विधानसभा क्षेत्र किच्छा के ग्राम दरूऊ में डॉद्द भीमराव अम्बेडकर पार्क एवं तालाब का सौन्दर्गीकरण किये जाने हेतु 25 लाख, जनपद रुद्रप्रयाग के ग्राम रैतोली में ग्रामीण निर्माण विभाग, प्रखण्ड रुद्रप्रयाग के अनावासीय कार्यालय भवन निर्माण हेतु 3.85 करोड़ की स्वीकृति प्रदान करते हुए प्रथम किश्त में 1.54 करोड़ की धनराशि स्वीकृत किये जाने के साथ ही पशुपालन विभाग के अन्तर्गत भराड़ीसैंण प्रक्षेत्र में बद्री गाय के संरक्षण और संवर्धन हेतु घ30.03 करोड स्वीकृत किये का अनुमोदन प्रदान किया गया है।

मुख्यमंत्री द्वारा जनपद देहरादून में नवनिर्मित जिला न्यायालय काम्प्लैक्स में नए जिला न्यायालय परिसर की विशेष सेवाओं के संचालन तथा जिला न्यायालय परिसर की सफाई के कार्य के लिए कार्यदायी संस्था एनबीसीसी द्वारा गठित आंगणनों की नियोजन विभाग टीएसी द्वारा औचित्यपूर्ण लागत क्रमशः 239.51 लाख 199.86 लाख (कुल 4.39 करोड) धनराशि का अनुमोदन प्रदान किया गया है।

मुख्यमंत्री द्वारा वित्तीय वर्ष 2026-27 में जिला योजना हेतु सुसंगत लेखाशीर्षकों में प्राविधानित धनराशि 1018 करोड को समस्त जिलाधिकारियों के निवर्तन पर रखे जाने, वित्तीय वर्ष 2026-27 हेतु उपकालिक को बिजली पारेषण एवं वितरण राज्य के घरेलू उपभोक्ताओं को विद्युत टैरिफ छूट हेतु प्राविधानित धनराशि 100 करोड़ का बजट प्रावधान किया गया है, जिसके सापेक्ष कुल धनराशि 27.74 करोड़ अवमुक्त किये जाने तथा पिटकुल द्वारा वित्तीय वर्ष 2026-27 हेतु राज्य सरकार की वार्षिक योजना में वाह्य सहायतित योजना (एडीबी पोषित) के अन्तर्गत प्राविधानित बजट 478.88 करोड़ के सापेक्ष प्रथम किश्त में 150.00 करोड की धनराशि तथा राज्य योजना के अन्तर्गत पीएफसी वित्त पोषित निर्माणाधीनधसंचालित योजनाओं के लिए अशंपूजी के रूप में प्राविधानित बजट के सापेक्ष प्रथम किश्त में 45.00 करोड अवमुक्त किये जाने के साथ ही उत्तराखण्ड राज्य पर्यटन विकास परिषद हेतु अनुदान मद में प्राविधानित धनराशि 110 करोड के सापेक्ष अवशेष धनराशि 55 करोड अवमुक्त किये का अनुमोदन प्रदान किया गया है।

मुख्यमंत्री द्वारा जनपद चम्पावत के थाना पाटी में टाईप-2 के 06 एवं टाईप-3 का 01 आवासों के निर्माण हेतु 3.02 करोड स्वीकृत किये जाने के साथ ही पर्यटन विभाग के अन्तर्गत जनपद पिथौरागढ़ के अर्न्तगत कैलाश मानसरोवर यात्रा मार्ग के कैम्प नाबीढांग में 09 इग्लू हटों का निर्माण किये जाने का अनुमोदन प्रदान किया गया है। मुख्यमंत्री द्वारा ऊखीमठ पिंगलापानी योजना हेतु 1.00 करोड तथा जनपद टिहरी गढ़वाल के विधानसभा क्षेत्र के जामणीखाल में पार्किंग निर्माण हेतु 83.64 लाख के साथ ही वित्तीय वर्ष 2026-27 में प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के अर्न्तगत लखवाड़ बहुउद्देशीय परियोजना के निर्माण हेतु केन्द्राश 25.55 करोड़ के सापेक्ष, 10 प्रतिशत राज्यांश की धनराशि रू0 2.84 करोड़ की स्वीकृति का अनुमोदन प्रदान किया गया है।

# व्यापार मंडल के चुनाव को अध्यक्ष व महामंत्री पदो के लिए नामांकन पत्र जमा किए गए

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**विकासनगर।** उद्योग व्यापार मंडल विकासनगर के त्रिवार्षिक चुनाव 2026-29 हेतु अध्यक्ष व महामंत्री पदों के लिए सोमवार को नामांकन पत्र चुनाव कार्यालय में मुख्य निर्वाचन अधिकारी के समक्ष जमा किए गए। अध्यक्ष प्रत्याशी कितेश जायसवाल, संजय गुप्ता और अंकित कंसल ने तथा महामंत्री पद हेतु हरीश अरोड़ा, दीपक जैन और सचिन ने अपने नामांकन पत्र जमा किए। सभी प्रत्याशियों ने शद्रि प्रदर्शन के साथ अपने नामांकन दाखिल किए। सभी नामांकन पत्रों को ठीक पाया गया। मंगलवार को सांय 6 बजे तक नाम वापसी के समय के बाद अंतिम मतदाता सूची जारी की जाएगी। मुख्य निर्वाचन अधिकारी राज कुमार जैन ने बताया 23 मई शनिवार को प्रातः 8 बजे से सांय 4 बजे तक त्रिशला देवी जैन अतिथि भवन में मतदान होगा। उसी दिन, मतदान पूर्ण होने पर मतगणना एवं परिणाम की घोषणा की जाएगी। नामांकन दाखिल प्रक्रिया के दौरान चुनाव निर्वाचन समिति के अनिल कुमार जैन, सुशील अग्रवाल, रमेश नेगी व अरुण मित्तल भी उपस्थित रहे।

# विभागों की लापरवाही ने हरे भरे पछवादून क्षेत्र को कंक्रीट के जंगल में बदला

- राजावाला क्षेत्र में आम के बाग में बिना अनुमति दर्जनों पेड़ों को लगाया गया ठिकाने
- कारगुजारी छिपाने को पहाड़ीनुमा बागान की भूमि को जेसीबी चलाकर कर दिया समतल





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**विकासनगर।** विभागों की लापरवाही ने हरे भरे पछवादून क्षेत्र को कंक्रीट के जंगल में बदल दिया है। आलम यह है कि हरे भरे बागानों को तो उजाड़ा ही जा रहा है, साथ कि जंगल क्षेत्र से लगते साल के पेड़ों को भी निशाना बनाया जा रहा है।

बता दें कि बाढ़वाला क्षेत्र का राजावाला प्रकरण अभी शांत भी नहीं हुआ था कि फिर से एक नये प्रकरण ने विभागों की कार्यप्रणाली पर सवालिया निशान खड़े कर दिए हैं। सूत्रों की मानें तो यहां एक निजी आम के बाग में बिना अनुमति दर्जनों आम के पेड़ों पर आरियां चलाकर उन्हें ठिकाने लगा दिया गया। इतना ही नहीं इस भू-भाग व उससे लगते जंगल से सटे क्षेत्र में खड़े साल के पेड़ों पर भी आरियां चलाई गई और अपनी कारगुजारी छिपाने के लिए पहाड़ीनुमा इस बागान की भूमि को जेसीबी चलाकर समतल कर दिया गया। बताया जा रहा है कि इस क्षेत्र के आसपास धड़ल्ले से अवैध प्लाटिंग का सिलसिला जारी है, जिसके चलते यहां बचे बाग में भी बाकायदा रास्ते के लिए भी सीमांकन कर दिया गया है।

**नवाबगढ़ क्षेत्र में भी आम के पेड़ों पर चली आरियां**

वहीं दूसरा मामला पुल नंबर एक नवाबगढ़ क्षेत्र का है, जहां करीब तीस बीघा आम के बाग में धड़ल्ले से अवैध प्लाटिंग जारी है, जिसके लिए धीरे धीरे वहां खड़े आम के पेड़ों पर आरियां चलाई जा रही है। उघान विभाग के अनुसार बीते एक माह में यहां अड़तीस आम के पेड़ों के अवैध पातन की पुष्टि हुई है। जबकि सूत्रों की मानें तो यहां अब तक सौ से अधिक पेड़ काटे जा चुके हैं और इस अवैध प्लाटिंग में बाकायदा खंभे गाढ़कर तारबाड़ कर रजिस्ट्री किए जाने का सिलसिला लगातार जारी है।

-भू-माफिया और संबंधित विभागों की सांठगांठ के चलते पर्यावरण को नुक्सान पहुंचाया जा रहा है। जिसे किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जरूरत पड़ी तो मामले को राजावाला प्रकरण के साथ हाईकोर्ट में पीआईएल के साथ जोड़कर संबंधित पर कार्रवाई करवाई जाएगी।

**राकेश उत्तराखंडी, संयोजक रूद्र सेना**

-राजावाला और नवाबगढ़ क्षेत्र में अवैध पातन की सूचना मिली थी। जिसमें मौके का निरीक्षण किया गया, जहां रिकार्ड के अनुसार अड़तीस आम के पेड़ों के अवैध पातन की पुष्टि हुई है। उद्र जमीन के भूस्वामित्व की तहसील से जानकारी जुटाई जा रही है। जिसके मिलने पर संबंधित के खिलाफ कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। वहीं राजावाला प्रकरण में जांच जारी है, जो भी तथ्य पाएं जाएंगे उसके अनुसार संबंधित भूस्वामी के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।'

**तहसीन खान, प्रभारी उघान विभाग विकासनगर**

# उत्तराखंड में पेट्रोल एवं डीजल की पर्याप्त उपलब्धता

**- प्रदेश के सभी स्थानों पर ईंधन स्टॉक की निरंतर की जा रही निगरानी**
**आवश्यकतानुसार पुनःपूर्ति का कार्य सुचारु रूप से जारी,**
**- घरेलू उपभोक्ताओं के लिए एलपीजी की आपूर्ति को दी जा रही प्राथमिकता, राज्यभर में उपलब्धता बनी हुई है सामान्य,**
**- उपभोक्ताओं से की अपील अनावश्यक रूप से ईंधन की खरीद अथवा संग्रहण ( पैनिक बाइंग ) से बचें रू गुप्ता, स्टेट कोर्डिनेटर**
**- ईंधन उपलब्धता संबंधी सही एवं प्रमाणित जानकारी के लिए केवल तेल विपणन कंपनियों के आधिकारिक संचार माधयमों पर ही विश्वास करें**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** सार्वजनिक क्षेत्र की तेल विपणन कंपनियों हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड, भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड, इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड की ओर से उत्तराखंड के लोगों को आश्वस्त करते हुए कहा कि प्रदेश में पेट्रोल (एमएस), डीजल (एचएसडी) एवं रसोई गैस (एलपीजी) सहित सभी आवश्यक पेट्रोलियम उत्पादों की उपलब्धता सामान्य एवं निर्बाध बनी हुई है।

तेल विपणन कंपनियों ने बताया कि उत्तराखंड में समग्र आपूर्ति स्थिति पूरी तरह स्थिर एवं पर्याप्त है। टर्मिनलों एवं डिपो से लेकर रिटेल आउटलेट्स तक संपूर्ण ईंधन आपूर्ति श्रृंखला सुचारु एवं प्रभावी रूप से संचालित हो रही है तथा कहीं भी किसी प्रकार का व्यवधान नहीं है। राज्य के सभी स्थानों पर ईंधन स्टॉक की निरंतर निगरानी की जा रही है तथा आवश्यकतानुसार पुनःपूर्ति का कार्य सुचारु रूप से जारी है। घरेलू उपभोक्ताओं के लिए एलपीजी की आपूर्ति को प्राथमिकता दी जा रही है तथा राज्यभर में इसकी उपलब्धता सामान्य बनी हुई है। सभी उपभोक्ताओं तक निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने हेतु स्थिति पर लगातार निकटता से निगरानी रखी जा रही है।

तेल उद्योग द्वारा लॉजिस्टिक्स, स्टॉक मूवमेंट एवं रिटेल संचालन के संबंध में आपसी समन्वय बनाए रखते हुए पूरे क्षेत्र में ईंधन की निर्बाध उपलब्धता सुनिश्चित की जा रही है। आमजन से अनुरोध है कि वे निश्चिंत रहें तथा सामान्य खपत व्यवहार बनाए रखें। आईओसीएल उत्तराखंड के राज्य स्तरीय समन्वयक कृष्ण कुमार गुप्ता ने नागरिकों को आश्वस्त करते हुए कहा कि इस बावत चिंता का कोई कारण नहीं है। उन्होंने उपभोक्ताओं से विनम्र अपील करते हुआ कहा कि वे अनावश्यक रूप से ईंधन की खरीद अथवा संग्रहण द्धपैनिक बाइंगत्र्ऋ से बचें। साथ ही ईंधन उपलब्धता संबंधी सही एवं प्रमाणित जानकारी के लिए केवल तेल विपणन कंपनियों के आधिकारिक संचार माधयमों पर ही विश्वास करें।

# जिला योजना के 74 करोड़ के बजट को मंजूरी

## योजना की धनराशि को जनपद के विकास के लिए ही खर्च किया जाए: डा. धन सिंह रावत

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**अल्मोड़ा।** चालू वित्तीय वर्ष की जिला योजना संरचना के परिव्यय के लिए विकास भवन सभागार में एक महत्वपूर्ण बैठक जनपद प्रभारी मंत्री डा. धन सिंह रावत की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए रुपए 7473.70 लाख के परिव्यय को अनुमोदित किया गया। इस परिव्यय में 5713.70 लाख रुपए सामान्य, 1737.30 लाख रुपए एससीएसपी तथा 22.70 लाख रुपए टीएसपी हेतु शामिल हैं। बैठक में जिला योजना के अध्यक्ष समेत उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने विभागों को आवंटित धनराशि पर सहमति जताई। इस वित्तीय वर्ष में 1230 लाख रुपए जल संस्थान के लिए, लोक निर्माण विभाग के लिए 1060 लाख रुपए , प्रांतीय रक्षक दल एवं




युवा कल्याण विभाग के लिए 500 लाख रुपए, पर्यटन विभाग के लिए 350 लाख रुपए, चिकित्सा एवं स्वास्थ रू. 300 लाख, पेयजल निगम को रू. 580 लाख, कृषि विभाग के लिए 320 लाख रुपए, 355 लाख रुपए पशुपालन विभाग के लिए सहित अन्य विभागों के लिए धनराशि अनुमोदित की गई है, जिस पर जनप्रतिनिधियों ने हर्ष व्यक्त किया साथ ही जनपद की जनसांख्यिकी एवं भौगोलिक परिस्थितियों के अनुसार जिला योजना का बजट बढ़ाने की बात कही गई। बैठक की शुरुआत जिलाधिकारी अंशुल सिंह द्वारा बैठक में उपस्थित प्रभारी मंत्री, डा. धन सिंह रावत को पुष्पगुच्छ देकर स्वागत करने से हुई। इसके पश्चात मुख्य विकास अधिकारी रामजी शरण शर्मा ने जिला योजना वर्ष 2026 -27 की विभागवार आवंटित की गई धनराशि का प्रस्तुतीकरण किया। साथ ही उन्होंने जिला योजना से संबंधित विविध प्रावधानों पर प्रकाश डाला। बीते वित्तीय वर्ष में किए गए नवाचारों एवं कार्यों का भी प्रस्तुतीकरण दिया गया। बैठक में जनपद प्रभारी मंत्री डा. धन सिंह रावत ने सभी विभागों को निर्देशित करते हुए कहा कि जितने भी प्रस्ताव विभागों को प्राप्त हुए हैं, उन्हें जिला प्लान में शामिल करते हुए त्वरित एवं गुणवत्ता के साथ किया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि विभाग समन्वय बनाकर कार्य करें एवं जिला योजना की धनराशि को जनपद के विकास के लिए ही खर्च किया जाए। उन्होंने कहा कि जिला योजना में सभी जनप्रतिनिधियों के प्रस्तावों को बजट के अनुसार लिया जाए। किसी भी जनप्रतिनिधि के साथ भेदभाव न हो, इसका ध्यान रखा जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनप्रतिनिधियों द्वारा किए गए पत्राचार का जवाब जरूर दिया जाए। जनप्रतिनिधियों के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों के संबंध में उन्हें जरूर अवगत कराया जाए। इस दौरान बैठक में उपस्थित विधायकों एवं जनप्रति. निधियों ने अपने-अपने क्षेत्रों की विभिन्न समस्याओं को भी बैठक में रखा तथा उस पर त्वरित कार्यवाही की मांग की। जनप्रतिनिधियों ने जनपद की विभिन्न समस्याओं के समाधान हेतु अपने अपने विचार रखे। जिसके निराकरण के लिए विभागीय अधिकारियों को जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि समस्याओं का समाधान जल्द से जल्द किया जाए। साथ ही अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनता की समस्याओं का त्वरित संज्ञान लें, जब कोई आम नागरिक फोन करता है तो उसका जवाब अनिवार्य रूप से दिया जाए। जिला. धिकारी ने कहा कि जिला प्लान में विभागों को धनराशि आवंटित किए जाने हेतु जिला प्लान समिति की मंजूरी हेतु इस बैठक का आयोजन किया जाता है। बैठक में विधायक अल्मोड़ा मनोज तिवारी, रानीखेत विधायक डा. प्रमोद नैनवाल, जागेश्वर विधायक मोहन सिंह मेहरा, विधायक सल्ट महेश जीना, अध्यक्षा जिला पंचायत हेमा गैड़ा, मेयर अल्मोड़ा अजय वर्मा, ब्लॉक प्रमुख गण, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक चंद्रशेखर आर घोड़के, उप सचिव जिला योजना तथा जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी रेनू भंडारी समेत अन्य मौजूद रहे।

## एक नजर....

### अल्मोड़ा में यूकेडी पदाधिकारियों का स्वागत

**अल्मोड़ा।** उत्तराखंड क्रांति दल की जिला इकाई द्वारा सोमवार को स्वागत एवं सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर यूकेडी सैनिक प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष मनोनीत होने पर चंदन सिंह मसूनी तथा कर्मचारी प्रकोष्ठ के कुमाऊं मंडल महामंत्री नियुक्त होने पर पंकज कुमार जोशी का फूल-मालाएं पहनाकर स्वागत किया गया। वक्ताओं ने कहा कि उत्तराखंड क्रांति दल राज्य हित, युवाओं के रोजगार, पलायन रोकने तथा पर्वतीय क्षेत्रों के विकास के मुद्दों को लगातार मजबूती से उठाता रहा है। उन्होंने कहा कि संगठन को गांव-गांव तक मजबूत बनाने के लिए सभी कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर कार्य करना होगा। साथ ही आगामी समय में जनसमस्याओं को लेकर व्यापक आंदोलन चलाने की बात भी कही गई। कार्यक्रम में गिरीश नाथ गोस्वामी, त्रिलोक सिंह लटवाल, दिनेश जोशी, पान सिंह लटवाल, सुजीत टम्टा, नरेंद्र सिंह बिष्ट, रघुवर सिंह भाकुनी, गणेश सिंह, मोहित साह, पवन कुमार, पंकज बोरा सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### शराब पिलाते तीन आरोपी किए गिरफ्तार

**अल्मोड़ा।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक चंद्रशेखर घोडके के निर्देशन में चलाए जा रहे ऑपरेशन प्रहार अभियान के तहत जनपद पुलिस ने अवैध शराब के खिलाफ सघन चेकिंग अभियान चलाया। मिली जानकारी के अनुसार अभियान के दौरान कोतवाली चौखुटिया, थाना देघाट और थाना धौलछीना पुलिस ने अलग-अलग स्थानों पर कार्रवाई करते हुए तीन लोगों को अवैध रूप से शराब पिलाने और बेचने के आरोप में गिरफ्तार किया। चौखुटिया के नौगांव अखेडिया में बिशन सिंह, देघाट के अगासपुर में हरीश सिंह नेगी तथा धौलछीना के बखरियाटाना में गोविंद सिंह मेहता को शराब व अन्य सामग्री के साथ पकड़ा गया। तीनों आरोपियों के खिलाफ संबंधित थानों में आबक. ारी अधिनियम के तहत मुकदमे दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी है।

### फरार चल रहा वारंटी रामपुर से गिरफ्तार

**अल्मोड़ा।** पुलिस ने ऑपरेशन प्रहार के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए एनडीपीएस एक्ट के एक फरार वारंटी को उत्तर प्रदेश से गिरफ्तार किया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक चंद्रशेखर घोड़के के निर्देश पर चलाए जा रहे अभियान के तहत कोतवाली अल्मोड़ा पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट से जुड़े अभियुक्त महबूब अली पुत्र मो. अहमद निवासी थाना शहजाद नगर, रामपुर (यूपी) को दबोचा। मिली जानकारी के अनुसार अभियुक्त लंबे समय से न्यायालय में पेश नहीं हो रहा था। अपर पुलिस अधीक्षक हरबंश सिंह के मार्गदर्शन में प्रभारी निरीक्षक योगेश चंद्र उपाध्याय के नेतृत्व में पुलिस टीम ने रामपुर से उसे गिरफ्तार किया।

### हरियाणा में मिली सोमेश्वर की लापता महिला

**अल्मोड़ा।** जिले की सोमेश्वर कोतवाली पुलिस ने गुमशुदा महिला को हरियाणा से सकुशल बरामद कर परिजनों के सुपुर्द किया है। जानकारी के अनुसार 12 मई को सोमेश्वर क्षेत्र निवासी महिला ने अपनी पुत्री के 10 मई से लापता होने की सूचना पुलिस को दी थी। मामले में कोतवाली सोमेश्वर में गुमशुदगी दर्ज कर तलाश शुरू की गई। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक चंद्रशेखर घोडके के निर्देश पर पुलिस टीम ने लगातार सुरागरसी-पतारसी की। मिली जानकारी के अनुसार प्रभारी निरीक्षक मदन मोहन जोशी के नेतृत्व में गठित टीम ने 17 मई को महिला को हंसी, हरियाणा से सकुशल बरामद कर लिया। बरामदगी टीम में अपर उपनिरीक्षक रमेश कुमार, कांस्टेबल नीरज मेहरा और महिला कांस्टेबल दीपा शामिल रहे।

### भतरौजखान के जंगल में लगी आग

**अल्मोड़ा।** भतरौजखान के पास जंगल में लगी आग पर फायर स्टेशन रानीखेत की टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए समय रहते काबू पा लिया। फायर स्टेशन को सूचना मिली कि जंगल में आग तेजी से फैल रही है और गांव की ओर बढ़ने से खतरे की स्थिति बन गई है। सूचना मिलते ही फायर सर्विस यूनिट तत्काल मौके पर पहुंची। जिसके बाद दमकल कर्मियों ने एमएफई से होजरील फैलाकर पंपिंग की तथा कर्मचारियों ने आग को पीट-पीटकर बुझाया। टीम की तत्परता और सूझबूझ से आग को फैलने से रोक लिया गया, जिससे बड़ा नुकसान टल गया।

### वनाग्नि रोकथाम को हवालबाग में चौपाल

**अल्मोड़ा।** हवालबाग में सोमवार को वनाग्नि रोकथाम और जनजागरूकता को लेकर वनाग्नि चौपाल कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में वनाग्नि प्रबंधन, जलवायु परिवर्तन और मानव-वन्यजीव संघर्ष जैसे विषयों पर चर्चा हुई। सहायक नोडल अधिकारी गजेंद्र पाठक ने जंगलों को बचाने के लिए जनसहभागिता को जरूरी बताया। ब्लॉक प्रमुख हिमानी कुंडू ने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से लोगों में जागरूकता बढ़ेगी। कार्यक्रम में वन विभाग, ग्राम्य विकास विभाग समेत विभिन्न विभागों के अधिकारी, जनप्रतिनिधि और छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

### स्मैक के साथ एक गिरफ्तार

**काशीपुर।** कोतवाली काशीपुर अंतर्गत चौकी प्रतापपुर एवं चौकी कुंडेश्वरी पुलिस द्वारा ऑपरेशन प्रहार के तहत संयुक्त कार्यवाही करते हुए 4.48 ग्राम स्मैक के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया गया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के आदेश के अनुपालन में पुलिस अधीक्षक काशीपुर एसके सिंह एवं पुलिस क्षेत्राधिकारी काशीपुर प्रशांत कुमार के पर्यवेक्षण तथा प्रभारी निरीक्षक कोतवाली काशीपुर हरेन्द्र चौधरी के नेतृत्व में जनपद में अवैध मादक पदार्थों की तस्करी एवं बिक्री की रोकथाम हेतु चलाए जा रहे

## दो भाइयों पर गलत बीजा पर विदेश भेजने का आरोप, मुकदमा दर्ज

**काशीपुर।** एक व्यक्ति ने टांडा बादली निवासी दो भाईयों पर उसके भाई को वर्क परमिट की जगह टूरिस्ट वीजे पर दुबई भेजकर 2 लाख रुपये ठगने का आरोप लगाया है। पुलिस ने एसएसपी के आदेश पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरु कर दी है। मौ. अल्ली खां निवासी मंसूर आलम पुत्र रियासत हुसैन ने एसएसपी उधम सिंह नगर को शिकायती पत्र भेजकर बताया कि उसने अपने भाई मुशीर आलम को जाबिर पुत्र साबिर उर्फ भूरा निवासी टांडा बादली, जिला-रामपुर को उसके भाई नादि के पास दुबई भेजने के लिए फोन पे के माध्यम व नकद दो लाख रुपये दिये थे। मंसूर ने बताया कि 19 जुलाई 2025 को उसका भाई मुशीर नादिर के पास दुबई चला गया था। वहाँ पर जाकर पता चला कि नादिर ने धोखे से वर्क परमिट की जगह टूरिस्ट वीजा पर बुलाया है। जब उसके भाई ने इसका विरोध किया तो नादिर ने उसके भाई के साथ गाली-गलौच व मारपीट की, जब उसने नादिर व जाबिर से बात की तो उन्होंने उसे भी धमकाना शुरु कर दिया और बोले यदि मुशीर को वापस बुलाना है तो 50,000 रुपये दे। मंसूर ने बताया कि इस पर उसने दुबई दूतावास में ई-मेल किया, उसके बाद उसने भारतीय विदेश मंत्रालय में ई-मेल किया। तब विदेश मंत्रालय से उसे फोन आया कि आप अपने पुलिस थाने में इसकी शिकायत दर्ज करें। इन सब प्रयासों से उसने उसके भाई को टिकट कराकर वापस भेज दिया। एसएसपी के आदेश पर पुलिस ने नादिर और जाबिर के खिलाफ बीएनएस की धारा 115(2), 318(2), 352, आव्रजन और विदेशी अधिनियम 2025 की धारा 10 तथा 24 के तहत मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच एसआई देवेन्द्र सिंह सामन्त को सौंपी है।

## दर्जा राज्य मंत्री पिलख्वाल ने सुनी समस्याएं



**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**अल्मोड़ा।** उत्तराखंड सरकार में दर्जा राज्य मंत्री गोविंद सिंह पिलख्वाल ने सोमवार को नगर के भ्यार खोला वार्ड में चौपाल लगाकर वार्ड वासियों की समस्याएं सुनी। इस दौरान उन्होंने लोगों ने विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया। जिस पर पिलख्वाल ने हर संभव समाधान का आश्वासन दिया। दर्जा राज्य मंत्री पिलख्वाल ने हथकरघा एवं हस्तशिल्प विभाग की योजनाओं, स्वरोजगार एवं कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रमों की जानक. ारी देते हुए कहा कि महिलाओं एवं युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए सिलाई, कढ़ाई, हस्तशिल्प एवं स्किल डेवलपमेंट प्रशिक्षण को बढ़ावा दिया जा रहा है। कहा कि स्थानीय प्रतिभाओं को रोजगार एवं स्वरोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध कराने के साथ-साथ पारंपरिक कला एवं स्थानीय उत्पादों को नई पहचान दिलाने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने क्षेत्र वासियों का आश्वस्त किया कि राजपुरा क्षेत्र में हस्तकरघा व हस्तशिल्प प्रशिक्षण के कार्यक्रम चलाए जाएंगे।

## पर्यटकों को लंबे रूट से भेजने का विरोध

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**रानीखेत।** होटल एंड रेस्टोरेंट एसोसिएशन के अध्यक्ष हिमांशु उपाध्याय ने शासन प्रशासन को अवगत करते हुए कहा कि रानीखेत-हल्द्वानी मार्ग से यात्रा करने वाले पर्यटकों एवं आम नागरिकों को जबरन भवाली-रामगढ़-मुक्तेश्वर मार्ग से रानीखेत भेजा जा रहा है। यह वैकल्पिक मार्ग मुख्य मार्ग की तुलना में लगभग 80 किलोमीटर अधिक लंबा है, जिसके कारण यात्रियों को समय, ईंधन और धन की भारी हानि हो रही है। इस व्यवस्था का समस्त व्यापारी विरोध प्रकट करते हैं। कहा इस अव्यवस्था से कुमाऊं के पर्यटन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। रानीखेत व अल्मोड़ा सीधे जाने वाले पर्यटकों को रोका जाना तथा कैंची धाम, भवाली आदि स्थानों पर दर्शन के बाद वापस लौटने वाले श्रद्धालुओं के लिए भी स्पष्ट व्यवस्था न होना अत्यंत दुखद है। इससे स्थानीय लोगा. ें, होटल व्यवसायियों और पर्यटकों सभी को असुविधा हो रही है, जिसके



दूरगामी परिणाम हो सकते हैं। आशा थी कि इस वर्ष तक कैंची बाईपास प्रारंभ हो जाएगा और यातायात सुगम होगा। परंतु अभी तक इसका कोई सकारात्मक असर धरातल पर दिखाई नहीं दे रहा है। हमारा शासन-प्रशासन से विनम्र अनुरोध है कि नैनीताल व अल्मोड़ा जिला प्रशासन तत्काल प्रभाव से ऐसी व्यवस्था सुनिश्चित करे कि रानीखेत, अल्मोड़ा सीधे जाने वाले वाहनों को मुख्य मार्ग से निकलने दिया जाए। जिन श्रद्धालुओं को केवल कैंची धाम दर्शन कर वापस लौटना है, उनके लिए अलग से सुगम व्यवस्था बनाई जाए ताकि मुख्य मार्ग पर अनावश्यक दबाव न बने। कैंची बाईपास के निर्माण कार्य में तेजी लाई जाए और इसे अतिशीघ्र जनता के लिए खोला जाए। यातायात पुलिस को निर्देशित किया जाए कि पर्यटकों के साथ संवेदनशील व्यवहार करें और अनावश्यक रूप से लंबे रूट पर न भेजा जाए। कुमाऊं क्षेत्र का पर्यटन राज्य की अर्थव्यवस्था की रीढ़ है। यातायात की इस समस्या का शीघ्र निराकरण न होने से पर्यटकों में गलत संदेश जा रहा है। अतः जनहित एवं पर्यटन हित में इस समस्या का तत्काल समाधान किया जाना आवश्यक है।

## जगदीशिला डोली रथ यात्रा का स्वागत

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**काशीपुर।** उत्तराखंड की प्रसिद्ध भगवान श्री विश्वनाथ एवं मां जगद. ीशिला डोली रथ यात्रा के रविवार सायं काशीपुर पहुंचने पर पूर्व दर्जा राज्यमंत्री स्व. मुकेश मेहरोत्रा के बाजपुर रोड स्थित प्रतिष्ठान मेहरोत्रा इंटरप्राइजेज पर मेहरोत्रा परिवार के साथ ही श्रद्धालुओं ने यात्रा का जोरदार स्वागत किया गया। डोली रथयात्रा के मुख्य पुरोहित उत्तराखंड के पूर्व शिक्षा मंत्री मंत्री प्रसाद नैथानी ने यात्रा के पौराणिक महत्व के बारे में बताया कि विशोन पर्वत में धर्मगुरुओं ने तपस्या की। उसके बाद स्वामी रामतीर्थ ने तपस्या की। उस स्थान से यह डोली चलती है। पिछले 26 वर्षो से हर साल यह डोली यात्रा चलती है। उन्होंने बताया कि यह डोली हर साल साढ़े दस हज़ार किलोमीटर की यात्रा करती है। इस वर्ष यह यात्रा 28



अप्रैल को हरिद्वार से शुरू होकर देहरादून, उत्तरकाशी, टिहरी, पौड़ी, चमोली, रुद्रप्रयाग, बागेश्वर, चंपावत, अल्मोड़ा, पिथौरागढ़, नैनीताल से होते हुए ऊधम सिंह नगर जिले में पहुंची है। उन्होंने कहा आगामी 25 मई को गंगा दशहरा पर्व पर यह यात्रा विशोन पर्वत पर पहुंचकर संपन्न होगी। इस दौरान वीना मेहरोत्रा, अर्पित मेहरोत्रा, नवदीप मेहरोत्रा, दीपिका गुड़िया आत्रेय, अलका पाल, लता शर्मा, मनोज जोशी एडवोकेट, उमेश जोशी एडवोकेट, संदीप सहगल एडवोकेट, अरुण चौहान, मुशर्रफ हुसैन, पंकज पंत, जितेन्द्र सरस्वती, विकल्प गुड़िया, राहुल रमनदीप कांबोज, त्रिलोक सिंह अधिकारी आदि तमाम श्रद्धालु जन उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन चंद्रभूषण डोभाल और विनोद शर्मा होंडा ने संयुक्त रूप से किया।

## तीन लोगों के खिलाफ मारपीट का मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**काशीपुर।** एक व्यक्ति ने कुछ लोगों पर क्रिकेट खेल रहे उसके भतीजे व उसके दोस्त को बेसबॉल के बैट से पीट-पीट कर घायल करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरु कर दी है। वाल्मीकि बस्ती, महेशपुरा निवासी राम कुमार पुत्र मंगला ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसका 15 वर्षीय भतीजा सामर्थ्य 16 मई 2026 को मधुवन पार्क में अपने दोस्त लावेश कुमार पुत्र संजय कुमार निवासी मधुबन नगर के साथ किकेट खेल रहा था कि तभी शमशेर सिंह उर्फ शेरा व गोरा पुत्रगण बलविन्दर सिंह निवासी पवार रिसोर्ट के सामने, काशीपुर, रिजवान उर्फ सुक्खा पुत्र इस्लाम सैफी निवासी अहरपुरा, महुआखेड़ा गंज, आईटीआई, काशीपुर अपने हाथों में बेसबॉल के डण्डे लेकर आये तथा उसके भतीजे सामर्थ्य व लावेश कुमार को वहां खेलने से मना करते हुए बेसबॉल के डण्डों से मारना शुरू कर दिया, जिससे सामर्थ्य के बायें पैर के घुटने की हड्डी टूट गयी तथा शरीर के अन्य हिस्सों पर चोट आयी है तथा लावेश कुमार के भी सिर पर तथा शरीर पर चोटें आयी हैं। राम कुमार ने बताया कि उसका भतीजा सामर्थ्य व लावेश कुमार 2 अलग-अलग निजी अस्पतालों में भर्ती हैं। रामकुमार की तहरीर के आधार पर पुलिस ने उपरोक्त तीनों लोगों के खिलाफ बीएनएस की धारा 115(2), 117, 351(2), 352 के तहत मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच एसआई देवेन्द्र सिंह सामन्त के हवाले की है।

## कल बंद रहेंगे मेडिकल स्टोर

### कैमिस्ट एंड ड्रगिस्ट वेलफेयर सोसाइटी ने सौंपा एसडीएम को ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**काशीपुर।** लंबे समय से लंबित मुद्दों का निस्तारण न होने पर 20 मई को एक दिवसीय राष्ट्रव्यापी दवा व्यापार बन्द का आह्वान करने हेतु एक ज्ञापन कैमिस्ट एंड ड्रगिस्ट वेलफेयर सोसाइटी ने एसडीएम को ज्ञापन दिया है।

ज्ञापन में कहा कि अवैध ई-फार्मेसी संचालन एवं 28 अगस्त 2018 की अधिसूचना जीएसआर 817 ई की वापसी, बड़े कॉरपोरेट्स द्वारा प्रीडेटरी मूल्य निर्धारण, जीएसआर 2020 ई 26 मार्च 2020 अधिसूचना की वापसी, अवैध ई फार्मेसियों की अनियंत्रित वृद्धि तथा बड़े कॉरपोरेटस द्वारा प्रेडेटोरी मूल्य निर्धारण की प्रवृत्तियां स्थापित औषधि वितरण प्रणाली को गंभीर रूप से प्रभावित



कर रही हैं।

ये परिस्थितियां न केवल छोटे एवं मध्यम केमिस्ट्स के अस्तित्व के लिए खतरा हैं बल्कि निम्न कारणों से जन स्वास्थ्य के लिए भी गंभीर जोखिम उत्पन्न करती हैं। नकली एवं अनुचित भंडार वाली दबाव का जोखिम, एंटीमाइक्रोबियल रेजीस्टैंस एएमआर का बढ़ता खतरा आदि मांगों को लेकर 20 मई को एक दिवसीय प्रस्तावित राष्ट्रव्यापी बंद को लेकर ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन सौंपने वालों में योगेश बिश्नोई, दीपक अग्रवाल, पंकज मदान, सुरेंद्र मिगलानी, हाजी रईस अहमद, दीपेंद्र चौहान, नूतन शंकर नागर आदि।

## पेपर लीक के विरोध में कांग्रेस का प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**बागेश्वर।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर केंद्र सरकार की कथित विफल नीतियों के विरोध में कपकोट में ब्लाक अध्यक्ष दीपक गढ़िया के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जोरदार प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने बढ़ती महंगाई, पेट्रोल-डीजल की कीमतों में वृद्धि तथा विभिन्न परीक्षाओं में पेपर लीक और धांधली की घटनाओं को लेकर केंद्र सरकार का पुतला दहन कर विरोध जताया। इस अवसर पर पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष हरीश ऐठानी ने कहा कि देश में लगातार महंगाई बढ़ रही है तथा कच्चे तेल के दाम आसमान छू रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि रूस एवं अन्य खाड़ी देशों से सस्ता कच्चा तेल मिलने की संभावना होने के बावजूद विदेश नीति की विफलताओं और व्यापारिक हितों के कारण देश को महंगे दामों पर तेल खरीदना पड़ रहा है, जिसका सीधा असर आम लोगों पर पड़ रहा है। वक्ताओं ने वर्ष 2024 व 2026 नीट परीक्षा में हुई धांधली और पेपर लीक मामलों का भी मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि अब तक दोषियों के खिलाफ ठोस कार्रवाई करने मांग की गई। इधर जिला मुख्यालय में भी कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बढ़ती महंगाई के खिलाफ प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने डीजल-पेट्रोल की कीमतों में लगातार हो रही वृद्धि को लेकर केंद्र एवं राज्य सरकार के खिलाफ आक्रोश व्यक्त करते हुए पुतला दहन किया। इस अवसर पर सुनील भंडारी, गोकुल परिहार, विनोद पाठक, लक्ष्मी धर्मशक्तू, जिला पंचायत सदस्य बलबंत राम, सभासद दीपक ऐठानी, ग्राम प्रधान रोहित देवली, कुंदन दानू, प्रवीन ऐठानी, दरवान कोरंगा, भूपेश गढ़िया, कुंदन बड़ती, दीवान सिंह गढ़िया, सुरेश राम, भरत कोरंगा, सुंदर कोरंगा, धाम सिंह गढ़िया, दरवान कुंवर, राम गिरी गोस्वामी, देव सिंह बड़ती सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## हाईटेक शौचालयों का शिलान्यास

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**काशीपुर।** चैती मेला परिसर में मां बाल सुंदरी देवी मंदिर के पास महापौर दीपक बाली और नगर आयुक्त रविंद्र सिंह बिष्ट ने पार्षदों के साथ एक करोड़ छियालीस लाख उनहत्तर हज़ार रुपये की लागत से बनने वाले दो हाईटेक शुलभ शौचालयों का शिलान्यास किया। महापौर दीपक बाली ने कहा कि मुख्यमंत्री धामी द्वारा काशीपुर को तीन हाईटेक शौचालय स्वीकृत किए गए थे जिनमें से दो चैती मेला परिसर में बनने जा रहे हैं और एक का स्थान परिवर्तन हुआ है लिहाजा उसका शिलान्यास कुछ समय बाद होगा। उन्होंने कहा कि शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने में शौचालयों का निर्माण भी अति आवश्यक होता है। कार्यक्रम का संचालन सहायक नगर आयुक्त विनोद लाल शाह ने किया। इस दौरान



ब्लॉक प्रमुख चंद्रप्रभा, जसपुर की ब्लॉक प्रमुख अनूप कौर, सहायक नगर आयुक्त शालिनी नेगी, कार्यालय अधीक्षक विकास शर्मा, सांसद प्रति. निधि एवं पार्षद विजय कुमार बॉबी, मुकेश चावला, अर्जुन सिंह, अभिषेक राज, शिवेंद्र तोपवाल, अवर अभियंता राजू विकास सिंह, पार्षद अनिल कुमार, वैशाली गुप्ता, संजय शर्मा, सुरेश सैनी, कुलदीप शर्मा, बीना नेगी, अब्दुल कादिर, सीमा सागर, अंजना आर्य, अशोक सैनी, मनोज जग्गा, पूर्व पार्षद सर्वेश शर्मा, पंडा विकास अग्निहोत्री, डॉ. ज्ञान सिंह, राजीव परनामी, जितेंद्र गांधी, चौधरी समरपाल सिंह, जसवीर सिंह सैनी सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## अल्मोड़ा व बागेश्वर में शिक्षकों की आक्रोश रैली

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**अल्मोड़ा।** जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ ने सोमवार को 13 सूत्रीय मांगों के निराकरण को लेकर अल्मोड़ा में विरोध प्रदर्शन किया। शिक्षकों ने विरोध में नगर के गांधी पार्क में धरना देकर बाजार में विरोध जुलूस निकाला। इस दौरान शासन-प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी कर मांगों के निराकरण को प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को ज्ञापन भेजा। नगर के मालरोड स्थित गांधी पार्क में आयोजित सभा में शिक्षकों ने जूनियर शिक्षकों को टीईटी में छूट देने, वेतनमान विसंगति का समाधान करने, पुरानी पेंशन बहाल करने, त्रिस्तरीय कैडर व्यवस्था लागू करने, समयबद्ध पदोन्नति करने, अंतर्जनपदीय स्थानांतरण, चिकित्सा सुविधा, समस्त जूनियर हाईस्कूलों में




पांचवां पद अंग्रेजी विषय अनिवार्य रूप से सृजित करने, वेतन वृद्धि दिये जाने, समस्त शिक्षकों को आहरण वितरण अधिकारी, बीईओ अधिकारी नियुक्त करने समेत 13 सूत्रीय समस्याओं के निराकरण की मांग उठाई। कहा कि संघ लंबे समय से अपनी जायज मांगों के लिए संघर्ष कर रहा है, लेकिन शासन-प्रशासन की उदासीनता के कारण समाधान नहीं हुआ है। कहा कि शिक्षक हितों की लगातार अनदेखी अब बर्दाश्त नहीं की जाएगी। वहीं, अन्य वक्ताओं ने संगठन की एकता को संघर्ष की सबसे बड़ी ताकत बताया। उन्होंने चेतावनी दी कि जल्द सकारात्मक निर्णय न होने पर आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा। शिक्षकों की प्रमुख मांगों में टीईटी से छूट, 17140 वेतनमान विसंगति का समाधान, पुरानी पेंशन बहाली और समयबद्ध पदोन्नति शामिल हैं। यहां उत्तराखंड जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ प्रदेश अध्यक्ष विनोद थापा, जिलाध्यक्ष पंकज पांडे, जिला मंत्री पुष्कर सिंह कुंवर, रघुवीर सिंह बिष्ट, मोहन पालीवाल, बसंती रावत, दिगम्बर फुलोरिया, नंदा बल्लभ मेलानी, संजय जोशी, जगत नेगी, युगल मठवाल, नारायण सिंह, रेशमा चौधरी, कमला बिष्ट, सरिता बिष्ट, कमल भट, मथुरा दत्त जोशी, महेंद्र बोरा, गजेन्द्र गोस्वामी, कैलाश जोशी, कमला बिष्ट, हरीश पांडे, पूरन पांडे, डक्क महेंद्र सिंह मिराल, नीलिमा पांडे, दीपक पांडे, विनोद बिष्ट, संजय सिंह बिष्ट, स्नेहलता बिष्ट, दीपक वर्मा समेत बड़ी संख्या में शिक्षक-शिक्षिकाएं मौजूद रही।

**बागेश्वर।** राजकीय जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ बागेश्वर ने अपनी पांच सूत्रीय मांगों को लेकर सोमवार को आक्रोश रैली निकाली। संगठन से जुड़े शिक्षकों ने स्थानीय नुमाइश खेत मैदान से जिलाधिकारी कार्यालय तक पैदल मार्च कर डीएम के माध्यम से प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन भेजा। संगठन के जिलाध्यक्ष रमेश सिंह रावत के नेतृत्व में बड़ी संख्या में शिक्षक नुमाइश खेत मैदान में एकत्र हुए। सभा को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि सर्वोच्च न्यायालय द्वारा 1 सितंबर 2025 को देशभर में कार्यरत शिक्षक-शिक्षिकाओं के लिए शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) अनिवार्य किए जाने से शिक्षकों का भविष्य असुरक्षित हो गया है। उन्होंने कहा कि न्यायालय के आदेश में 55 वर्ष तक के शिक्षकों को भी टीईटी उत्तीर्ण करने के निर्देश दिए गए हैं, जो न तो तार्किक हैं और न ही न्यायसंगत। वक्ताओं ने बताया कि राज्य में अधिकांश शिक्षक 40 से 50 वर्ष आयु वर्ग के हैं और वे पारिवारिक व विभागीय जिम्मेदारियों में व्यस्त रहते हैं, जिससे उन्हें दोबारा परीक्षा की तैयारी के लिए पर्याप्त समय नहीं मिल पाता। शिक्षकों ने यह भी कहा कि न्यायालय के निर्देशों के बाद हुए संशोधन में सेवारत प्रारंभिक शिक्षकों को चार वर्ष के भीतर टीईटी उत्तीर्ण करने का प्रावधान किया गया था, लेकिन उत्तराखंड में आठ वर्ष बीत जाने के बावजूद इस संबंध में स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी नहीं किए गए हैं। संगठन ने सरकार से सेवारत शिक्षकों को टीईटी पात्रता परीक्षा से मुक्त करने की मांग उठाई। इस दौरान भुवन चंद्र, आनंद जोशी, जगदीश चंद्र, दमयंती देवी, रमेश चंद्र और संतोष सिंह सहित कई शिक्षक मौजूद रहे।

## स्व. माहरा का भावपूर्ण स्मरण

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**रानीखेत।** यूपी सरकार में वन एवं पर्यटन विकास राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) तथा पर्वतीय विकास परिषद के उपाध्यक्ष रहे स्व. गोविंद सिंह माहरा को उनकी 103वीं जयंती पर रानीखेत में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पुष्प अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी। मौके पर कार्यकर्ताओं ने स्व. माहरा के संघर्षमय जीवन, जनसेवा के प्रति समर्पण एवं पर्वतीय क्षेत्रों के विकास में उनके अतुलनीय योगदान को याद किया। वक्ताओं ने कहा कि स्व. गोविंद सिंह माहरा केवल एक जनप्रतिनिधि नहीं थे, बल्कि पहाड़ की जनता की आवाज, गरीबों के सहारा और विकास की सोच रखने वाले दूरदर्शी नेता थे। उन्होंने अपने जीवन का प्रत्येक क्षण पहाड़ के विकास, पर्यटन को बढ़ावा देने, वन संपदा के संरक्षण तथा आम जनता की समस्याओं के समाधान के लिए समर्पित किया। आज भी रानीखेत सहित पूरे क्षेत्र की जनता उनके कार्यों और सादगीपूर्ण व्यक्तित्व को श्रद्धा के साथ याद करती है। कार्यकर्ताओं ने कहा कि स्व. माहरा के विचार, संघर्ष और जनता के प्रति उनका प्रेम सदैव आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करता रहेगा। कार्यक्रम में रमा माहरा, पीसीसी सदस्य कैलाश पांडेय, नगरपालिका अध्यक्ष अरुण रावत, महिला जिलाध्यक्ष गीता पवार, विश्वविजय सिंह माहरा, गीता माहरा, चिलियानौला अध्यक्ष कमलेश बोरा, वीना नेगी, कुलदीप कुमार, रमेश पंत, सोनू सिद्दीकी, हबीब अहमद, हेमंत रौतेला, दीपक पंत, वरिष्ठ उपाध्यक्ष दीप उपाध्यक्ष व विजय तिवारी, महिपाल सिंह माहरा, सुरेन्द्र सिंह पवार, पंकज थापा, भुवन आर्या, कल्पना नेगी, उत्कर्षा माहरा, चंद्रा देवी, हंसी रावत, किरन अधिकारी आदि मौजूद रहे।

# खेल प्रदर्शन को सुधारें: सिन्हा

## राज्य क्रीड़ा विश्वविद्यालय में कुलपति की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** उत्तराखंड राज्य क्रीड़ा विश्वविद्यालय हल्द्वानी में आगामी शैक्षणिक सत्र के संचालन को लेकर सोमवार को कुलपति अमित कुमार सिन्हा ने विश्वविद्यालय परिसर का भौतिक निरीक्षण करने के साथ ही कॉन्फ्रेंस हॉल में एक उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक भी की। बैठक में विश्वविद्यालय के निर्माण कार्यों, पाठ्यक्रम संरचना, प्रचार-प्रसार एवं ब्रांडिंग रणनीति, तथा खेल विज्ञान प्रयोगशाला के लिए आवश्यक उपकरणों की सूची सहित विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। इस दौरान कुलपति अमित कुमार सिन्हा ने सभी संबंधित कार्यों को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण करने के स्पष्ट निर्देश दिए, ताकि शैक्षणिक सत्र को सुचारु रूप से



प्रारंभ किया जा सके। इसके पश्चात कुलपति ने विश्वविद्यालय परिसर का भौतिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कक्षा कक्ष निर्माण कार्य, खेल विज्ञान प्रयोगशाला, पुस्तकालय कक्ष स्थल तथा जिम्नेजियम के लिए चयनित स्थानों का अवलोकन किया। साथ ही वन भूमि पर चल रहे समतलीकरण कार्य की प्रगति की भी समीक्षा की गई। निरीक्षण के दौरान कुलपति ने प्रस्तावित परिसर में क्रीड़ा मैदान, प्रशासनिक भवन, छात्रवास, ओपन एम्फीथिएटर एवं आवासीय परिसर जैसी अवस्थापनाओं के लिए चिन्हित स्थलों का भौगोलिक दृष्टि से मूल्यांकन किया और आवश्यक सुधारात्मक दिशा-निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त, गौला नदी की ओर निर्माणाधीन रिटेनिंग वॉल (सुरक्षा दीवार) की प्रगति का भी उन्होंने जायजा लिया और कार्य की गुणवत्ता एवं समयसीमा का पालन सुनिश्चित करने पर बल दिया। निरीक्षण के बाद कुलपति ने खेल संघ के पदाधिकारियों से मुलाकात कर खेल प्रदर्शन में सुधार के लिए आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए। तत्पश्चात उन्होंने विश्वविद्यालय के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ बैठक कर सभी से पूर्ण निष्ठा, समर्पण एवं तत्परता के साथ दायित्वों के निर्वहन का आह्वान किया। इस मौके पर खेल उप निदेशक रशिका सिद्दीकी, जिला क्रीड़ा अधिकारी डा. निर्मला पंत, सहायक विशेष कार्याधिकारी कुलपति वरुण बेलवाल, मॉडर्न पेंटाथलन के सचिव दयाल फर्स्वाण, अंकुश रौतेला, रितिका जोशी, गोविंद लटवाल सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

## महिला से छेड़छाड़, विरोध पर दंपति को पीटा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** काठगोदाम क्षेत्र में महिला से छेड़छाड़ का विरोध करना एक दंपती को भारी पड़ गया। आरोप है कि कुछ युवकों ने स्कूटी रुकवाकर महिला और उसके पति के साथ मारपीट की। महिला का आरोप है कि दबंगों ने उसके कपड़े फाड़ दिए और सड़क पर घसीटा, जबकि पति के सिर पर हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। दमुवाढूंगा निवासी बबीता ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि शनिवार शाम वह पति रवि कुमार के साथ अंबेडकर पार्क की ओर जा रही थी। तभी तीन-चार युवक अभद्रता करने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने हमला कर दिया। बीच-बचाव करने पहुंचे महिला के भाई और ननद से भी मारपीट की गई। पीड़िता की तहरीर पर काठगोदाम पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। एसओ विमल मिश्रा ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया जाएगा।

# दुष्कर्म, हत्या के दोषी की मौत

## तीन डॉक्टरों के पैनल ने किया पोस्टामार्टम, 'हिस्टो' की जांच होगी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** सेंट्रल जेल सितारगंज में बंद सामूहिक दुष्कर्म और हत्या के दोषी महताब की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। सोमवार को मौत के कारणों का खुलासा करने के लिए तीन डॉक्टरों के पैनल ने वीडियोग्राफी के बीच पोस्टमार्टम किया और शरीर से हिस्टो सैंपल सुरक्षित किए हैं।

अब हिस्टोपैथोलॉजी जांच रिपोर्ट ही मौत के असली कारणों से पर्दा उठाएगी। जानकारी के अनुसार सहसपुर देहरादून निवासी महताब पहले देहरादून जेल में बंद था। अप्रैल माह में ही उसे सेंट्रल जेल सितारगंज शिफ्ट किया गया था। पुलिस के अनुसार बीती 9 मई को जेल में बंद महताब ने पेट दर्द की शिकायत होने पर उसे जेल प्रशासन द्वारा हालत बिगड़ने पर उसे तत्काल हल्द्वानी स्थित सुशीला तिवारी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उपचार के दौरान बीते शनिवार को उसकी मौत हो गई।

मौत की खबर मिलते ही परिजनों को सूचना दी गई। सोमवार को परिजन हल्द्वानी पहुंचे, जिसके बाद मेडिकल कॉलेज में पोस्टमार्टम कराया गया। पूरे पोस्टमार्टम की वीडियोग्राफी भी कराई गई, ताकि जांच में किसी तरह की शंका न रहे। एसपी सिटी मनोज कुमार कत्याल ने बताया कि पोस्टमार्टम के दौरान हिस्टो यानी हिस्टोपैथोलॉजी के लिए टिश्यू सैंपल लिया गया है। इस जांच में शरीर के ऊतकों को माइक्रोस्कोप से परखा जाता है, जिससे बीमारी, जहर, संक्रमण, अंदरूनी चोट, सूजन या अन्य असामान्य बदलावों की पुष्टि हो सके। फिलहाल पुलिस और प्रशासन हिस्टोपैथोलॉजी रिपोर्ट का इंतजार कर रहे हैं, जिसके बाद ही मौत की वास्तविक वजह साफ हो पाएगी।

### युवक ने गटका जहर, मौत

**हल्द्वानी।** अज्ञात कारणों के चलते एक युवक ने जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। हालत बिगड़ने पर परिजनों द्वारा सुशीला तिवारी अस्पताल उपचार के लिए लाया गया। जहां उपचार के दौरान युवक ने दम तोड़ दिया। जानकारी के अनुसार दुम्का बंगर हल्दूचौड़ लालकुआं निवासी 28 वर्षीय युवक ने बीते रविवार की शाम अज्ञात कारणों के चलते घर में जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। आनन फानन में युवक को उपचार के लिए सुशीला तिवारी लाया गया लेकिन देर रात युवक ने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। सोमवार को पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराके शव परिजनों को सौंप दिया।

# कल बंद नहीं रहेंगे मेडिकल स्टोर

## काली पट्टी बांधकर विरोध दर्ज कराएंगे दवा कारोबारी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** ऑनलाइन दवा बिक्री के विरोध में दवा कारोबारियों द्वारा सोमवार को नैनीताल रोड स्थित एक रेस्टोरेंट में पत्रकार वार्ता करते हुए दवा कारोबारियों ने केंद्र सरकार से

**सरकार से ऑनलाइन दवा बिक्री पर रोक लगाने की मांग**

ऑनलाइन दवा बिक्री पर तत्काल रोक लगाने की मांग की। 20 मई को बंद के निर्णय को रिटेल दवा व्यापारियों ने सामूहिक निर्णय को वापस लेते हुए 20 मई को अपनी दुकानें खुली रखने का फैसला किया है। दवा कारोबारियों ने कहा कि फिलहाल ऑनलाइन दवा बिक्री के विरोध स्वरूप व्यापारी उस दिन अपनी बाजुओं पर काली पट्टी बांधकर कार्य करेंगे तथा प्रतिष्ठानों पर काले झंडे एवं काली पट्टियां लगाकर विरोध दर्ज कराएंगे। उन्होंने कहा ऑनलाइन खरीदी जाने वाली दवाओं की गुणवत्ता संदेह के घेरे में है तथा इस व्यवस्था में नियमों और मानकों की लगातार अनदेखी की जा



रही है। दवा व्यापारियों का कहना था कि ऑनलाइन दवा बिक्री से स्थानीय दवा कारोबार गंभीर संकट का सामना कर रहा है और व्यापारियों को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। उन्होंने इसे जन स्वास्थ्य के लिए भी खतरा बताते हुए सरकार से शीघ्र प्रभावी कार्रवाई की मांग की। व्यापारियों ने बताया कि खाद्य औषधि एवं प्रसाधन विभाग की ओर से 15 मई को प्राप्त एक पत्र में ड्रग कंट्रोलर द्वारा 20 मई को प्रस्तावित बंद के संबंध में निर्देश जारी किए गए हैं। पत्र में कहा गया है कि आवश्यक सेवाओं के अंतर्गत दवा दुकानों को बंद न किया जाए, ताकि जन स्वास्थ्य से जुड़ी किसी गंभीर समस्या की स्थिति उत्पन्न न हो। साथ ही ऑनलाइन दवा बिक्री का विरोध अन्य वैकल्पिक तरीकों से करने की सलाह दी गई है। जिसके बाद दवा कारोबारियों ने सामूहिक निर्णय लेते हुए 20 मई को अपनी दुकानें खुली रखने का फैसला किया है। पत्रकार वार्ता में हरीश पाठक, पंकज कंसल, पंकज फुलारा, विष्णु दत्त भट्ट, डा. रूप वसंत, प्रिंस असद, पवन बिष्ट, विवेक भसीन, विनय विरमानी, अतुल वर्मा, जगदीश पंत, भारती राठौर, पुष्कर अग्रवाल, हसनैन खतीबी, महेंद्र जायसवाल, एस अली, नीरज कांडपाल, जयदीप साहनी, आलोक मित्तल, आशुतोष बुधलाकोटी, चीनू, संजय बेलवाल, धीरज फर्त्याल, मनोज जोशी, बलविंदर सिंह, अरशद अंसारी, दर्शन सिंह राठौड़ आदि थे।

## दवा कारोबारियों की मांग जायज: वीरेंद्र गुप्ता

**हल्द्वानी।** प्रांतीय नगर उद्योग व्यापार मंडल ने राज्य सरकार से दवा कारोबारियों की समस्याओं का शीघ्र समाधान करने की मांग की है। संगठन ने कहा कि दवा व्यापारी स्वास्थ्य सेवाओं की रीढ़ हैं और संकट की हर घड़ी में उन्होंने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, जिसे नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। सोमवार को प्रेस को जारी बयान में संगठन के प्रदेश महामंत्री राजेन्द्र फर्स्वाण और प्रदेश प्रभारी वीरेंद्र गुप्ता ने कहा कि दवा कारोबारी स्वास्थ्य सेवाओं को सुचारू बनाए रखने में अहम योगदान देते हैं। विशेष रूप से कोरोना महामारी के दौरान, जब अधिकांश लोग परिस्थितियों से पीछे हट गए थे, तब भी दवा कारोबारियों ने अपने जीवन की परवाह किए बिना सरकार और प्रशासन का पूरा सहयोग किया। दोनों पदाधिकारियों ने कहा कि संगठन दवा कारोबारियों की सभी मांगों को पूरी तरह उचित मानता है। संगठन ने स्पष्ट किया कि दवा कारोबारियों की समस्याओं का समाधान न केवल व्यापारिक दृष्टि से आवश्यक है, बल्कि जनहित और स्वास्थ्य सेवाओं की निरंतरता के लिए भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा दवा कारोबारियों की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर हल किया जाना चाहिए, ताकि स्वास्थ्य व्यवस्था पर कोई प्रतिकूल प्रभाव न पड़े। संगठन ने उम्मीद जताई कि सरकार जल्द सकारात्मक कदम उठाएगी।

## किशोरी लापता गुमशुदगी दर्ज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** बीते 16 मई को घर से निकला एक किशोरी अचानक लापता हो गई। किशोरी का सुराग ना लगने पर परिजनों ने कोतवाली पहुंचकर कर गुमशुदगी दर्ज कराई। जानकारी के अनुसार टीपीनगर चौकी क्षेत्र जीतपुर नेगी एक पीड़ित मां ने पुलिस को दी तहरीर में कहा कि बीते 16 मई को उनकी 16 वर्षीय बेटी शाम घर से निकली लेकिन फिर वापस नहीं लौटी। किशोरी की हर संभावित स्थान पर तलाश की लेकिन उसका कोई पता नहीं चला। उन्होंने पुलिस ने उसकी सकुशलता की गुहार लगाई। पुलिस ने पीड़ित मां की तहरीर के आधार पर किशोरी की गुमशुदगी दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी।

# कैदियों को उच्च शिक्षा देगा मुक्त विवि

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय ने उप कारागार हल्द्वानी में बंद कैदियों को उच्च शिक्षा से जोड़ने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की है। सोमवार को उप कारागार में जनवरी सत्र में प्रवेश लेने वाले कैदियों के लिए पुस्तक वितरण एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नवीन चंद्र लोहनी ने की। विश्वविद्यालय द्वारा पूर्व में आयोजित जागरूकता कार्यक्रम से प्रेरित होकर 17 कैदियों ने विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश लिया था।

कार्यक्रम में कुलपति प्रो. नवीन लोहनी ने कहा कि शिक्षा हर व्यक्ति का अधिकार है और विश्वविद्यालय



प्रदेश के सुदूर एवं वंचित वर्गों तक उच्च शिक्षा पहुंचाने के लिए निरंतर प्रयासरत है।

उन्होंने कहा कि शिक्षा से कैदियों के जीवन में सकारात्मक बदलाव आएगा और वे समाज की मुख्यधारा से जुड़ सकेंगे। निदेशक क्षेत्रीय सेवाएं प्रो. गिरिजा पांडे ने कहा कि विश्वविद्यालय मुक्त एवं दूरस्थ शिक्षा के माध्यम से शिक्षा को हर वर्ग तक पहुंचाने का कार्य कर रहा है। निदेशक अकादमिक प्रो. पीडी पंत ने कहा कि उपेक्षित वर्ग तक शिक्षा पहुंचाना बड़ी चुनौती है, जिसे विश्वविद्यालय गंभीरता से निभा रहा है। कुलसचिव डा. खेमराज भट्ट ने कहा कि विश्वविद्यालय समाज के वंचित और विशेष आवश्यकता वाले वर्गों तक शिक्षा की अलख जगाने के लिए प्रतिबद्ध है। जेल अधीक्षक प्रमोद कुमार ने विश्वविद्यालय की पहल की सराहना करते हुए कहा कि इससे कैदियों को नई दिशा मिलेगी और उनके जीवन में सकारात्मक सोच विकसित होगी। कार्यक्रम का संचालन सहायक क्षेत्रीय निदेशक रेखा बिष्ट ने किया। उन्होंने बताया कि विशेष अध्ययन केंद्र के माध्यम से जेल में बंद कैदियों को विभिन्न पाठ्यक्रमों में निशुल्क प्रवेश दिया जा रहा है। इस दौरान कुलपति ने जनवरी 2026 सत्र में पंजीकृत शिक्षार्थियों को पुस्तकें वितरित की और उप कारागार की लाइब्रेरी के लिए 180 पुस्तकें भी निशुल्क प्रदान की। इस दौरान प्रो. गिरिजा पांडे, मधु डोगरा, नीलम धामी, अमित कुमार समेत विश्वविद्यालय एवं कारागार प्रशासन के अधिकारी मौजूद रहे।

# बैंक कर्मचारियों का सरकार को अल्टीमेटम

## मांगें नहीं मानीं, तो 25-26 मई को देशभर में बैंकिंग सेवा रहेगी ठप

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** अखिल भारतीय स्टेट बैंक कर्मचारी संघ के तत्वावधान में सोमवार को स्टेट बैंक प्रशासनिक कार्यालय कुसुमखेड़ा में सोमवार को बैंक कर्मचारियों ने विभिन्न मांगों को लेकर सरकार और बैंक प्रबंधन के खिलाफ नाराजगी जताते हुए धरना प्रदर्शन किया और चेताया कि यदि जल्द समाधान नहीं हुआ तो बैंक कर्मी 25 और 26 को देशव्यापी हड़ताल को मजबूर होगे। धरनास्थल पर हुई सभा में रहे स्टेट बैंक स्टाफ एसोसिएशन दिल्ली सर्किल के अध्यक्ष कुलदीप सिंह बवेजा ने कहा कि यदि कर्मचारियों की जायज मांगों पर गंभीरता से विचार नहीं किया गया, तो पूरे देश में बैंकिंग सेवाएं



प्रभावित होंगी और बैंकों का चक्का जाम रहेगा। कुलदीप सिंह बवेजा ने कहा कि बैंक कर्मचारी हमेशा देश और सरकार के साथ हर परिस्थिति में खड़े रहे हैं। चाहे महामारी का दौर रहा हो या सरकार की योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने की जिम्मेदारी बैंक कर्मियों ने हर चुनौती को निभाया। उन्होंने आरोप लगाया कि अब जब कर्मचारी अपने अधिकारों और सुविधाओं की मांग कर रहे हैं, तो उनकी आवाज को नजरअंदाज किया जा रहा है। बवेजा ने स्पष्ट किया कि कर्मचारी आज भी बातचीत के जरिए समाधान चाहते हैं, लेकिन इसके लिए सरकार और बैंक प्रबंधन को सकारात्मक पहल करनी होगी। धरना प्रदर्शन में सहायक महासचिव चंदन सिंह बिष्ट, ओम प्रकाश नियोलिया, लोकेश गरुरानी, हेम चंद्र आर्या, रमेश बिष्ट, मोहन जोशी, भवान सिंह महरा, आशीष प्रेमी, सचिन बलदिया, गणेश मर्तोलिया, कविता पांडेय, धना कोरंगा, गौरव बिष्ट, रेनू बिष्ट, तेज सिंह बसेड़ा, राजीव मनराल, महेंद्र सिंह सहित बड़ी संख्या में बैंक कर्मचारी मौजूद रहे।

## बंद होटल फिर चालू, सवालों के घेरे में प्रशासन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**भीमताल/हल्द्वानी।** भीमताल क्षेत्र स्थित पांडे गांव में कथित रूप से सील किए गए एक व्यावसायिक होटल को दोबारा खोले जाने और वहां निर्माण कार्य जारी रहने के

**पार्षद रवि जोशी ने सीएम आयुक्त और डीएम को भेजा शिकायती पत्र**

मामले ने तूल पकड़ लिया है। स्थानीय नागरिकों ने इस पूरे प्रकरण को प्रशासनिक लापरवाही और नियमों की अनदेखी का गंभीर उदाहरण बताते हुए उच्चस्तरीय जांच की मांग की है। मामले को लेकर हल्द्वानी निवासी पार्षद रवि जोशी ने मुख्यमंत्री, कुमाऊं मंडल आयुक्त तथा जिलाधिकारी नैनीताल को शिकायती पत्र भेजकर आरोप लगाया है कि जिस व्यावसायिक होटल पर पूर्व में प्रशासन ने कार्रवाई करते हुए सील लगाई थी, उसी होटल में अब कथित रूप से सील तोड़कर फिर से संचालन और निर्माण कार्य शुरू कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि यदि किसी भवन को नियमों के उल्लंघन अथवा अन्य प्रशासनिक कारणों से सील किया गया था, तो उसके बावजूद निर्माण कार्य दोबारा शुरू होना कई गंभीर सवाल खड़े करता है। शिकायतकर्ता ने मांग की है कि पूरे मामले की निष्पक्ष एवं उच्चस्तरीय जांच कराई जाए तथा जिन अधिकारियों की भूमिका संदिग्ध पाई जाए, उनके खिलाफ भी कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए, साथ ही संबंधित होटल संचालकों पर कानूनी कार्रवाई करते हुए अवैध निर्माण और संचालन पर तत्काल रोक लगाने की मांग भी उठाई गई है।

## राज सूर्यवंशी ने जीता कांस्य पदक

**हल्द्वानी।** आर्डन प्रोग्रेसिव स्कूल के कक्षा 12 के छात्र राज सूर्यवंशी ने द्वितीय प्री-स्टेट उत्तराखंड शूटिंग चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक अपने नाम किया है। उन्होंने 25 मीटर सेंटर फायर पिस्टल चैंपियनशिप के पुरुष वर्ग में तीसरा स्थान हासिल किया। प्रतियोगिता में प्रदेशभर के खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। राज सूर्यवंशी ने सटीक निशानेबाजी का प्रदर्शन करते हुए यह उपलब्धि हासिल की। प्रतियोगिता में वह नैनीताल जिला राइफल एसोसिएशन का प्रतिनिधित्व कर रहे थे। राज की इस सफलता पर विद्यालय परिवार, शिक्षकों और अभिभावकों ने खुशी जताई। सभी ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए आगे भी इसी तरह उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया।

# इंदिरानगर में गहराया पेयजल संकट, समाधान की मांग

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** इंदिरानगर क्षेत्र में लंबे समय से बनी पेयजल समस्या को लेकर पूर्व सभासद शकील अहमद सलमानी और पूर्व पार्षद शकील अंसारी ने सोमवार को जल संस्थान के अधिशासी अभियंता से मुलाकात कर जल्द समाधान की मांग उठाई। इस दौरान पूर्व सभासद शकील अहमद सलमानी ने बताया कि पिछले कई सप्ताह से इंदिरानगर छोटी सड़क, बड़ी सड़क, दुर्गा मंदिर, मोहम्मदी चौक समेत कई क्षेत्रों में लोगों को पर्याप्त पेयजल नहीं मिल पा रहा है। बड़ी मस्जिद के पीछे कई स्थानों पर पुरानी पेयजल पाइप लाइनें क्षतिग्रस्त हो चुकी है, जिससे घरों तक गंदा पानी पहुंच रहा है। उन्होंने कहा कि क्षेत्रवासी पूरी रात पानी का इंतजार कर रहे है, लेकिन एक बाल्टी पानी तक नसीब नहीं हो रहा। लोगों को कई किलोमीटर दूर जाकर पानी की व्यवस्था करनी पड़ रही है। बार-बार शिकायत के बावजूद समस्या जस की तस बनी हुई है। उन्होंने अधिशासी अभियंता से खराब पड़ी पाइप लाइनों की तत्काल मरम्मत कराने और क्षेत्र में नियमित पेयजल आपूर्ति बहाल करने की मांग की। इस पर अधिशासी अभियंता ने एक-दो दिन के भीतर समस्या के समाधान का आश्वासन दिया। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द समस्या का समाधान नहीं किया गया तो क्षेत्र की जनता को साथ लेकर आंदोलन किया जाएगा।

# नाबालिग मूक-बधिर ने उड़ाई तीन स्कूटी

## मंगलपड़ाव और भोटिया पड़ाव क्षेत्र में दिया था चोरियों को अंजाम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** शहर में लगातार हो रही स्कूटी चोरी की वारदातों का खुलासा करते हुए पुलिस ने एक ऐसे आरोपी को गिरफ्तार किया है, जो नाबालिग के साथ ही बोल और सुन नहीं सकता।

महज पांचवीं तक पढ़े इस युवक ने मंगलपड़ाव और भोटिया पड़ाव क्षेत्र से तीन अलग-अलग स्कूटियां चोरी कर पुलिस की नींद उड़ा दी थी। जानकारी के अनुसार पहली घटना 12 मई की रात मंगलपड़ाव स्थित ओके होटल के पास हुई, जहां नैनीताल रोड निवासी ईला गुप्ता की स्कूटी चोरी हो गई थी। दूसरी वारदात



भोटिया पड़ाव में हुई, जहां सुभाष नगर निवासी ललित पंत की स्कूटी घर के बाहर से गायब हो गई। वहीं तीसरी घटना भोटिया पड़ाव टैक्सी स्टैंड के सामने रहने वाले सोमिल कुमार के साथ हुई, जिनकी स्कूटी भी चोर उड़ा ले गया। लगातार हो रही चोरी की घटनाओं के बाद पुलिस ने तीनों मामलों में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की। सीसीटीवी फुटेज खंगालने पर एक ही युवक तीनों घटनास्थलों के आसपास दिखाई दिया। इसके बाद मंगलपड़ाव पुलिस ने उसे दबोच लिया। बताया जा रहा कि पकड़ा गया आरोपित युवक नाबालिग के साथ ही बोल और सुन नहीं सकता। पूछताछ के दौरान पुलिस को उससे संवाद करने के लिए कागज पर लिखकर सवाल-जवाब करने पड़े। पुलिस ने उसकी निशानदेही पर रामलीला मैदान ग्राउंड से अन्य चोरी की गई स्कूटियों को भी बरामद कर लिया। टीम में मंगलपड़ाव चौकी प्रभारी गौरव जोशी, एआई मान सिंह कुंवर, कांस्टेबल संतोष बिष्ट, धीरज शामिल रहे।

# शिवालिक स्कूल में कुमाऊंनी की गूंज

## प्रतियोगिता में नशा मुक्ति, देशप्रेम और पर्यावरण संरक्षण पर बच्चों ने रखे विचार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** कुमाऊनी भाषा के संरक्षण और संवर्धन को समर्पित सौहार्द जन सेवा समिति की मुहिम के तहत शिवालिक इंटरनेशनल स्कूल में कुमाऊंनी भाषा में कविता एवं भाषण प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ संस्था की अध्यक्ष विद्या महतोलिया एवं विद्यालय के प्रधानाचार्य पीसी अधिकारी तथा निदेशिका नीलम शर्मा द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। प्रतियोगिता में लगभग 30 छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। बच्चों ने नशा मुक्ति, देश प्रेम, स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण जैसे जनहित से जुड़े विषयों पर कुमाऊनी




भाषा में कविता पाठ और भाषण प्रस्तुत कर दर्शकों और निर्णायकों को प्रभावित किया। इस दौरान संस्था अध्यक्ष विद्या महतोलिया ने कहा कि समिति का उद्देश्य केवल कुमाऊंनी भाषा का संरक्षण करना ही नहीं, बल्कि नई पीढ़ी को अपनी मातृभाषा और संस्कृति से जोड़ना भी है। उन्होंने कहा कि बच्चों में सामाजिक सरोकारों के प्रति जागरूकता पैदा करने के लिए कविता और भाषण जैसे माध्यम अत्यंत प्रभावी हैं। प्रतियोगिता के परिणामों में भाषण प्रतियोगिता में तेजस उक्रानी ने प्रथम, जैस्नवी तिवारी ने द्वितीय तथा काव्यांजलि मठपाल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कविता प्रतियोगिता में प्रथमेश जोशी प्रथम, नव्या जोशी द्वितीय तथा हर्षल पांडे एवं वैभव बनकोटी संयुक्त रूप से तृतीय स्थान पर रहे। सभी प्रतिभागी बच्चों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय की निदेशिका नीलम शर्मा ने कहा कि विद्यालय में अब नियमित रूप से प्रार्थना सभा के दौरान बच्चों से कुमाऊंनी भाषा में दो मिनट का भाषण अवश्य कराया जाएगा, ताकि बच्चों में अपनी मातृभाषा के प्रति आत्मीयता और आत्मविश्वास विकसित हो सके। इस मौके पर पीसी पंत, नीरजा बोरा, तनुजा पांडे, पूर्णिमा पांडे, शशि जोशी, विद्या जोशी, गीता पांडे, नमिता जोशी, ज्योति पांडे, लता कुंजवाल, माया उप्रेती, पुनीता पांडे, रीता मौजूद रहे।

# ट्रक मालिकों ने भाड़ा 10 परसेंट बढ़ाया

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** डीजल और अन्य आवश्यक सामग्रियों की कीमतों में लगातार हो रही बढ़ोतरी के चलते उत्तराखंड देवभूमि ट्रक ओनर्स महासंघ ने भाड़ा दरों में 10 प्रतिशत वृद्धि करने का निर्णय लिया है। नई दरें 19 मई से प्रभावी होंगी। ट्रांसपोर्ट नगर स्थित महासंघ कार्यालय में सोमवार को हुई बैठक में वाहन स्वामियों की आर्थिक समस्याओं पर चर्चा की गई। महासंघ पदाधिकारियों ने कहा कि डीजल के बढ़ते दामों और वाहन संचालन लागत में इजाफे से ट्रांसपोर्ट कारोबार प्रभावित हो रहा है। ऐसे में वाहन स्वामियों के हितों की रक्षा और परिवहन व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए भाड़ा बढ़ाना आवश्यक हो गया है। महासंघ द्वारा जारी नई दरों के अनुसार अल्मोड़ा और रानीखेत का भाड़ा 100 रुपये से बढ़ाकर 110 रुपये प्रति कुंतल किया गया है। बागेश्वर के लिए 165 रुपये, चम्पावत 155 रुपये, पिथौरागढ़ 180 रुपये और टनकपुर 160 रुपये प्रति कुंतल निर्धारित किया गया है। इसी तरह मुनस्यारी और धारचूला के लिए 330 रुपये, डीडीहाट और कर्णप्रयाग के लिए 220 रुपये तथा गैरसैंण और थल के लिए 200 रुपये प्रति कुंतल नई दर तय की गई है। महासंघ ने व्यापारियों और आम लोगों से नई दरों के अनुसार भाड़ा भुगतान करने की अपील की है ताकि परिवहन सेवाएं निर्बाध रूप से जारी रह सकें। बैठक में दया किशन शर्मा, भास्कर जोशी, हरजीत सिंह चड्ढा, आफताब हुसैन, करन मनराल, ललित पाठक, शिव सिंह, रोहित रौतेला, ललित बिष्ट, राकेश जोशी, जसपाल सिंह कोहली, आनंद मेहर, हरीश जोशी, किशन कोश्यारी, हरीश मेहरा समेत कई पदाधिकारी और वाहन स्वामी रहे।

## स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं को दी कई जानकारियां

**नैनीताल।** भाजपा जिला कार्यकारिणी सदस्य डा. भुवन चंद्र आर्य ने पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ सोमवार को नैनीताल विधानसभा के बेतालघाट ब्लाक के ग्राम सभा बादरकोट, धनिया कोट तथा एमल्लाकोट में स्वयं सहायता समूह की महिलाओं की बैठक की। इस दौरान डा. आर्य ने स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को डबल इंजन सरकार द्वारा महिलाओं के लिए चलाई जा रही योजनाओं के बारे में चर्चा बताया। बैठक में इन्द्रा जलाल ग्राम प्रधान तल्लाकोट, गंगा देवी ग्राम प्रधान बादरकोट एवं दीपा देवी, हेमा देवी, दुर्गा देवी, प्रेमा देवी, कमला देवी, पूजा देवी, भागुली देवी, शोभा देवी, भगवती, आरती एवं अन्य महिलाएं उपस्थित रहीं।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं कृष्णा लोहा भण्डार, प्रथम तल काला ढुंगी रोड, हल्द्वानी (उत्तराखंड) से प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎05946-250286
मुख्यालय:
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UTTHIN/2003/10264
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

## बीस मई को बंद रहेंगे मेडिकल स्टोर्स



शाह टाइम्स संवाददाता

**बाजपुर।** उत्तरांचल औषधि व्यवसायी महासंघ तथा ऑल इंडियाऑर्गेनाईजेशन ऑफ कैमिस्ट्स एण्ड ड्रगिस्ट्स के आहवान पर बाजपुर कैमिस्ट एसोसिएशन ने बीस मई को होने वाले एक दिवसीय राष्ट्रव्यापारी दवा व्यापार बंद का पूर्ण समर्थन करते हुए बीस मई को सभी मेडिकल स्टोर्स बंद रखने का ऐलान किया है और इससे संबंधित पत्र सोमवार को एसडीएम डॉ. अमृता शर्मा को सौंपा है। बाजपुर कैमिस्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष राजकुमार अग्रवाल ने कहा कि अवैध ई-फार्मेसियों की अनियंत्रित वृद्धि तथा बड़े कॉरपोरेट्स द्वारा प्रिडेटोरी मूल्य निर्धारण की प्रवृत्तियां स्थापित औषधि वितरण प्रणाली को गंभीर रूप से प्रभावित कर रही है। ये परिस्थितियां न केवल छोटे एवं मध्यम कैमिस्ट्स के अस्तित्व के खतरा हैं, बल्कि जनस्वास्थ्य के लिए भी गंभीर जोखिम उत्पन्न करती है। उन्होंने सरकार से अधिसूचना जीएसआर 220 (ई) दिनाँक 26/03/2020 व अधिसूचना जी.एस.आर. 817 (ई) दिनाँक 28/08/2028 की वापसी एवं प्रिडेटोरी मूल्य निर्धारण पर रोक लगाने एवं निष्पक्ष व्यापार सुनिश्चित करने हेतु नीतियों का क्रियान्वयन कर जनस्वास्थ्य की सुरक्षा तथा लाखों केमिस्ट्स की आजीविका का संरक्षण करने की मांग की है।

इस मौके पर पवन कुमार, वरियाम चौधरी, सन्नी मेंहदीरत्ता, ध्रुव कालरा, विनोद सक्सैना, आसिफ आदि थे।

# धर्मान्तरण कराने वालों पर होगी कड़ी कार्रवाई: डीएम

**■ धर्मान्तरण, अवैध नशा, अतिक्रमण व अवैध धार्मिक संरचनाओं एवं अवैध गतिविधियों पर पैनी नजर रखने के दिए कड़े निर्देश**



शाह टाइम्स संवाददाता

**रुद्रपुर।** जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया की अध्यक्षता में कैम्प कार्यालय में शांति एवं कानून व्यवस्था की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। उन्होंने उप जिलाधिकारियों, पुलिस क्षेत्राधिकारियों को निर्देश दिए कि धर्मान्तरण, अवैध नशा, अतिक्रमण व अवैध धार्मिक संरचनाओं एवं अवैध गतिविधियों पर पैनी नजर रखी जाए। उन्होंने कहा कि धर्मान्त्रण कराने वाले लोगों के खिलाफ कार्यवाही की जाए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि धर्मांतरण करने वाले अनुसूचित जाति, अनुसूचित जन जाति के लोगों को एससी/एसटी हेतु संचालित कल्याणकारी योजनाओं का लाभ नहीं मिल पाएगा। उन्होंने निर्देश देते हुए कहा कि धर्मान्त्रण करने वाले लोगों को चिन्हित कर जिला प्रशासन को अवगत कराया जाए।

जिलाधिकारी ने जनपद की कानून व्यवस्था, सामाजिक सौहार्द, अपराध नियंत्रण तथा संवेदनशील विषयों पर प्रभावी निगरानी एवं त्वरित कार्रवाई को लेकर विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि जनपद में शांति व्यवस्था भंग करने वाली किसी भी गतिविधि को किसी भी स्तर पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने महिला सुरक्षा, महिलाओं के विरुद्ध अपराध, पॉक्सो प्रकरण, चोरी, गृहभेदन, नशे के कारोबार, अवैध इंजेक्शन, मिलावटी दवाइयों एवं अन्य अवैध गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश लगाने के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने धर्मांतरण/मतांतरण से संबंधित गतिविधियों की रोकथाम एवं अवैध धार्मिक संरचनाओं के विरुद्ध कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने कहा कि सामाजिक सौहार्द बनाए रखना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसके लिए प्रभावित क्षेत्रों में स्वास्थ्य, विकास, राजस्व एवं समाज कल्याण विभागों के संयुक्त कैंप आयोजित किए जाएं तथा जनसमस्याओं का मौके पर समाधान सुनिश्चित किया जाए। डीएम ने नगर आयुक्त नगर निगम रुद्रपुर, उप जिलाधिकारी व सिंचाई विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि कल्याणी नदी में किए गए अतिक्रमण को चिन्हित करते हुए नोटिस देकर अतिक्रमण हटाया जाए, ताकि वर्षाकाल में शहर में बाढ़ की स्थिति उत्पन्न न हो।

बैठक में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय गणपति, मुख्य विकास अधिकारी दिवेश शाशनी, अपर जिलाधिकारी पंकज उपाध्याय, उप जिलाधिकारी ऋचा सिंह, संयुक्त निदेशक अभियोजन डीएस जंगपांगी आदि उपस्थित थे तथा सभी उप जिलाधिकारी, पुलिस क्षेत्राधिकारी, नगर आयुक्त नगर निगम, खण्ड विकास अधिकारी आदि वर्चुअल जुड़े थे।

## एक नजर

### भगवान शनि के जन्मदिन पर सजा बालाजी दरबार एवं चला भंडारा

शाह टाइम्स संवाददाता

**खटीमा।** नगर के पुरानी तहसील परिसर में लगे शनि मंदिर में श्री शनि देव साईं जनकल्याण समिति द्वारा भव्य श्री बालाजी दरबार एवं भंडारा आयोजित किया गया। भगवान शनिदेव महाराज के जन्म दिवस पर आयोजित भव्य कार्यक्रम का बड़ी संख्या में आने-जाने वाले एवं क्षेत्र के श्रद्धालुओं ने आनंद लिया। कार्यक्रम को भव्य एवं रोचक मनाने के लिए दीपक लख्खा चंडीगढ़, रजत रंगीला सीतापुर तथा उमा वर्मा किच्छा ने प्रतिभा कर अपनी बेजोड़ रचनाएं प्रस्तुत की। मंदिर पुजारी केवलानंद जोशी की देखरेख में आयोजक मंडल द्वारा भंडारा, रात्रि में बालाजी दरबार सजाया गया तथा प्रसाद वितरण किया गया। कार्यक्रम का बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने आनंद लिया। कार्यक्रम में विपिन कुमार, पंकज रस्तोगी, शंकर, सुभाष, विनोद प्यार, सूरज कुमार एवं मंडल की महत्वपूर्ण भूमिका रही।



### युवक से मारपीट कर नकदी मोबाइल और सिलेंडर लूटा

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुद्रपुर।** ट्रांजिट कैंप क्षेत्र में एक युवक के साथ मारपीट और लूटपाट का मामला सामने आया है। घटना की सूचना पुलिस को दे दी गई है। पीड़ित सुरेन्द्र पुत्र श्याम लाल निवासी जनपथ रोड महालक्ष्मी फेज-1 ट्रांजिट कैंप ने कोतवाली ट्रांजिट कैंप में दी तहरीर में कहा है कि वह शनिवार रात करीब 8 बजे गांव से सिलेंडर लेकर वापस घर आ रहा था। तभी जनपथ रोड जेष्ठा कालोनी के आगे कुछ अज्ञात लोगों ने उसे जबरन रोक लिया। आरोप है कि बदमाश उसका सामान छीनने लगे। विरोध करने पर उन्होंने उस पर डंडों और हेलमेट से हमला कर दिया, जिससे उसे गंभीर चोटें आई हैं। सुरेन्द्र का कहना है कि आरोपी उसका मोबाइल फोन, गैस सिलेंडर और नगदी भी छीनकर फरार हो गए। सुरेंद्र ने पुलिस से आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### गन्ना के शेष पेमेंट नहीं होने को लेकर भाकियू ने रोष जताया

शाह टाइम्स संवाददाता

**जसपुर।** भारतीय किसान यूनियन के कार्यकर्ताओं द्वारा किसानों के बकाया गन्ना भुगतान की मांग को लेकर नादेही चीनी मिल के जीएम से वार्ता की गई और किसानों का बकाया गन्ना भुगतान शीघ्र किये जाने की मांग की।



प्राप्त जानकारी अनुसार नादेही चीनी मिल द्वारा किसानों का बकाया गन्ना भुगतान नहीं किया जा रहा है। जिससे किसानों को आर्थिक तंगी का सामना करना पड़ रहा है और वे अत्यधिक परेशान हैं। उनमें भारी रोष व्याप्त है। गन्ने का बकाया भुगतान शीघ्र किये जाने की मांग को लेकर भारतीय किसान यूनियन के कार्यकर्ताओं ने यूनियन के वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष प्रेम सिंह सहोता के नेतृत्व में नादेही (जसपुर' ऊधम सिंह नगर) चीनी मिल के प्रधान प्रबंधक से वार्ता की। कार्यकर्ताओं ने किसानों के गन्ने के बकाया भुगतान जल्द से जल्द किये जाने की की मांग की। गन्ने के बकाया भुगतान के संबंध में जीएम का संतोषजनक उत्तर न मिलने पर भाकियू कार्यकर्ताओं ने मिल प्रशासन को चेतावनी दी कि यदि 8 दिन के भीतर किसानों को उनके गन्ने बकाया भुगतान नहीं किया गया तो भारतीय किसान यूनियन आंदोलन एवं प्रदर्शन करने के लिए मजबूर हो जायेगी। इस पर जीएम चीनी मिल नादेही ने आश्वासन दिया कि किसानों के गन्ने का बकाया भुगतान उच्च अधिकारियों से वार्ता कर जल्द करवा दिया जाएगा। वार्ता में किसान नेता अमनप्रीत सिंह, चौधरी किशन सिंह, शीतल सिंह पट्टी वाले, जसवीर सिंह, राजकुमार सैनी, अनिलांश त्यागी, धर्मेंद्र सिंह, संजीव चौधरी शामिल रहे।

### जमीन पर कब्जे और धमकी का आरोप, एसडीएम से लगाई गुहार

शाह टाइम्स संवाददाता

**बाजपुर।** ग्राम खमरिया निवासी प्रेमवती पत्नी स्वर्गीय महेंद्र सिंह, चरन सिंह पुत्र स्वर्गीय महेंद्र सिंह एवं नीलम देवी पत्नी स्वर्गीय कंचन सिंह ने अपनी जमीन पर अवैध कब्जा करने तथा जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। पीड़ित परिवार ने उपजिलाधिकारी बाजपुर को शिकायती पत्र सौंपकर मामले में निष्पक्ष जांच एवं कार्रवाई की मांग की है। शिकायतकर्ताओं का आरोप है कि कुछ लोग उनकी भूमि पर जबरन कब्जा करने का प्रयास कर रहे हैं। विरोध करने पर उन्हें धमकियां दी जा रही हैं। पीड़ितों ने प्रशासन से सुरक्षा प्रदान करने और दोषियों के खिलाफ सख्त कदम उठाने की मांग की है। वहीं ग्राम मुंडिया कलां स्थित भूमि प्रकरण में चकबन्दी विभाग की टीम मौके पर जांच के लिए पहुंची। टीम ने संबंधित भूमि का निरीक्षण कर जानकारी जुटाई। प्रशासन द्वारा मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई किए जाने की बात कही गई है।

### श्मशान घाट निर्माण की अनुमति दी जाए

शाह टाइम्स संवाददाता



**बाजपुर।** ग्राम बेरिया दौलत के ग्रामीणों ने कनिष्ठ ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि रूपेन्दर सिंह की अगुवाई में सोमवार को एसडीएम डॉ. अमृता शर्मा को ज्ञापन सौंपकर बौर नदी के किनारे पक्का श्मशान घाट निर्माण करने हेतु अनुमति प्रदान करने की मांग की है। इस मौके पर हरकेश, बबलू गौतम, लाखन, संजू सिंह, राकेश, संजय सिंह, सुक्कू सिंह, मंजीत सिंह आदि थे।

### अज्ञात वृद्ध महिला की संदिग्ध मौत विषैले पदार्थ के सेवन की आशंका

शाह टाइम्स संवाददाता

**रामनगर।** रामनगर क्षेत्र में सोमवार को एक अज्ञात वृद्ध महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत का मामला सामने आया है, बताया जा रहा है कि ग्राम टेढ़ा के जंगल में करीब 70 वर्षीय महिला ने विषैले पदार्थ का सेवन कर लिया था, जिसके बाद उसकी हालत बिगड़ गई। जंगल से गुजर रहे कुछ लोगों ने महिला को बेहोशी की हालत में पड़ा देखा और तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दी,सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और महिला को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया, लेकिन इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई,जानकारी के अनुसार सोमवार दोपहर ग्राम टेढ़ा के जंगल क्षेत्र में कुछ ग्रामीणों ने एक वृद्ध महिला को अचेत अवस्था में पड़ा देखा। महिला की हालत गंभीर होने पर इसकी सूचना तुरंत रामनगर कोतवाली पुलिस को दी गई। सूचना मिलने के बाद कोतवाली में तैनात कांस्टेबल गगन भंडारी मौके पर पहुंचे। जंगल का रास्ता दुर्गम होने के कारण वाहन मौके तक नहीं पहुंच सका, जिसके चलते कांस्टेबल गगन भंडारी ने मानवता का परिचय देते हुए महिला को अपने कंधे पर उठाकर करीब एक किलोमीटर से अधिक पैदल जंगल के रास्ते मुख्य सड़क तक पहुंचाया। इसके बाद 108 एंबुलेंस की सहायता से महिला को उपचार के लिए रामनगर के सरकारी अस्पताल ले जाया गया। अस्पताल में डॉक्टरों ने महिला का उपचार शुरू किया, लेकिन कुछ देर बाद महिला ने दम तोड़ दिया। घटना के बाद अस्पताल और पुलिस प्रशासन में हलचल मच गई।पुलिस के अनुसार महिला की उम्र लगभग 70 वर्ष आंकी जा रही है, लेकिन अब तक उसकी पहचान नहीं हो सकी है। महिला के पास कोई पहचान पत्र या ऐसा सामान नहीं मिला, जिससे उसकी शिनाख्त हो सके। पुलिस आसपास के क्षेत्रों में महिला की पहचान कराने का प्रयास कर रही है।प्रथम दृष्टया मामला विषैले पदार्थ के सेवन से जुड़ा माना जा रहा है।

## कोर्ट ने लगाई "POOJA" नाम अथवा उससे मिलते-जुलते ट्रेडमार्क, पैकेजिंग और डिजाइन के उपयोग पर रोक

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुद्रपुर।** दिल्ली की साकेत स्थित वाणिज्यिक अदालत ने इलेक्ट्रिक वायर एवं केबल से जुड़े ट्रेडमार्क विवाद में रुद्रपुर के कारोबारी संगम इलेक्ट्रॉनिक के मालिक दिलीप कुमार के खिलाफ महत्वपूर्ण अंतरिम आदेश जारी किया है। अदालत ने प्रथम दृष्टया मामले को गंभीर मानते हुए "POOJA" नाम अथवा उससे मिलते-जुलते ट्रेडमार्क, पैकेजिंग और डिजाइन के उपयोग पर रोक लगाने के निर्देश दिए हैं।

मामला दिल्ली स्थित पूजा इलेक्ट्रिक कंपनी द्वारा दायर वाद से जुड़ा है। कंपनी ने अदालत में दावा किया कि "POOJA" उसका पंजीकृत ट्रेडमार्क है, जिसका उपयोग वह लंबे समय से इलेक्ट्रिक वायर, केबल एवं संबंधित उत्पादों के कारोबार में कर रही है।

कंपनी की ओर से आरोप लगाया गया कि संगम इलेक्ट्रॉनिक के मालिक दिलीप कुमार द्वारा समान नाम एवं डिजाइन का प्रयोग कर बाजार में उत्पाद बेचे जा रहे थे, जिससे उपभोक्ताओं में भ्रम की स्थिति उत्पन्न होने की आशंका थी। मामले की सुनवाई के दौरान अदालत ने प्रथम दृष्टया वादी कंपनी को ट्रेडमार्क का पूर्व एवं पंजीकृत उपयोगकर्ता माना। इसके बाद अदालत ने लोकल कमिश्नर नियुक्त कर निरीक्षण एवं कार्रवाई के निर्देश दिए।

अदालत के आदेश पर 16 मई 2026 को रुद्रपुर में रेड की कार्रवाई की गई। इस दौरान कथित रूप से "POOJA" ब्रांड से जुड़ा भारी मात्रा में माल, पैकेजिंग सामग्री और अन्य संबंधित दस्तावेज बरामद किए गए। कार्रवाई न्यायालय के आदेश एवं निगरानी में संपन्न हुई।

## खैर की अवैध लकड़ी से भरी होंडा सिटी कार बरामद



शाह टाइम्स संवाददाता

**जसपुर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद ऊधमसिंह नगर अजय गणपति के निर्देशन में चलाए जा रहे "ऑपरेशन प्रहार" अभियान के अंतर्गत पुलिस अधीक्षक अपराध रुद्रपुर, पुलिस अधीक्षक काशीपुर एवं क्षेत्रधिकारी काशीपुर के निर्देशन में चौकी नादेही प्रभारी उ. नि. संतोष देवरानी द्वारा मय पुलिस टीम के मुखबिर की सूचना पर पूरनपुर गूलरगोजी नहर में पलटी हुई होंडा सिटी कार संख्या UA07AN6996 बरामद की गई। तलाशी के दौरान उक्त कार से 46 पीस खैर की अवैध लकड़ियां बरामद हुईं।

मुखबिर द्वारा बताया गया कि रात्रि के समय कार चालक तेज गति व लापरवाही से वाहन चलाते हुए जा रहा था, संतुलन बिगड़ने के कारण कार अनियंत्रित होकर नहर में गिर गई, जिसके बाद चालक पुलिस कार्रवाई के भय से वाहन व लकड़ियां मौके पर छोड़कर फरार हो गया।

पुलिस द्वारा तत्परता से मौके पर पहुंचकर वाहन व अवैध खैर लकड़ी को कब्जे में लिया गया तथा इस संबंध में कोतवाली जसपुर में मुकदमा एफआईआर संख्या 188/2026 धारा 26/42 भारतीय वन अधिनियम बनाम अज्ञात चालक पंजीकृत कर अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की गई।

पकड़ने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक राजेश पांडे, एसआई संतोष देवरानी चौकी इंचार्ज नादेही, हेड कांस्टेबल देशराज, कांस्टेबल दीपक जलाल, अशोक आदि पुलिसकर्मी शामिल रहे।

## कालागढ़ रेंज में मिला नर बाघ का शव

शाह टाइम्स संवाददाता



**रामनगर।** कार्बेट टाइगर रिजर्व की कालागढ रेंज के अन्तर्गत धारा ब्लॉक, धारा बीट क०सं०-12 धारा सोत के सहायक नाले के समीप गश्ती दल के द्वारा एक नर बाघ को मृत अवस्था में देखा गया। जिसकी सूचना गश्ती दल के द्वारा उच्चाधिकारियों को दी गयी। सूचना पर तत्काल उच्चाधिकारियों द्वारा घटना स्थल का निरीक्षण किया गया। मौके पर बाघ के अंग सुरक्षित पाए गए। घटना स्थल के आस-पास गहन कॉम्बिंग की गयी। उक्त वन क्षेत्र में कोई भी संदिग्ध गतिविधि नहीं पायी गयी।पशु चिकित्साधिकारियों के पैनल द्वारा वन अधिकारियों,कर्मचारियों और एनजीओ के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में निर्धारित एसओपी के अनुसार उक्त बाघ का शव विच्छेदन कर शव निस्तारित किया गया। पशु चिकित्साधिकारियों के पैनल के द्वारा उक्त नर बाघ की आयु लगभग 8 से 10 वर्ष आंकी गयी। शव विच्छेदन के दौरान आवश्यक आंतरिक अंगो के नमूने एकत्र किए गए जिनको आईवीआरआई बरेली एवं भारतीय वन्यजीव संस्थान देहरादून को जॉच के लिए भेजे गए हैं।बाघ की मौत के वास्तविक कारणों का पता पोस्टमार्टम एवं भेजे गए नमूनों के रिपोर्ट के बाद ही पता चल पाएगा। इस दौरान कॉर्बेट के डिप्टी डायरेक्टर राहुल मिश्रा,पार्क वार्डन बिन्दर पाल, डा. दुष्यन्त शर्मा, कॉर्बेट के वरिष्ठ पशु चिकित्साधिकारी दुष्यंत शर्मा,डा. राहुल सती,रेंजर नन्द किशोर रूवाली,विरेन्द्र अग्रवाल,सोहन सिंह पटवाल,जगमोहन सिंह रावत,ललित मोहन चन्द,राहुल आदि शामिल रहे।

## घर से निकले युवक की संदिग्ध मौत

शाह टाइम्स संवाददाता

**रामनगर।** घर से अपने साथी के साथ निकले युवक की संदिग्ध मौत हो गई। सूचना पर अस्पताल पहुंचे परिजनों ने मृतक के दोस्त पर हत्या करने का आरोप लगाया है। रात को अस्पताल लेकर आने वाले युवक शव को वही छोड़ कर फरार हो गए। पुलिस सीसीटीवी कैमरों से युवकों का पता लगाकर कर मामले की जांच कर रही है।मोहल्ला बम्बाघेर निवासी प्रमोद आर्या पुत्र पन्नी राम उम्र 25 रविवार की शाम को एक युवक के साथ बैलगढ़ गया था। परिजनों के अनुसार मृतक शराब पीने का आदि था और शादी समारोह में खाना बनाने का काम करता था।बताया कि युवक भी उसी के साथ काम करता था। बताया कि शाम को घर से युवक के साथ निकला मृतक पूरी रात घर नहीं आया। सुबह पुलिस की सूचना पर अस्पताल पहुंचे परिजनों को वह मृत दिखा। बताया कि मृतक घर का इकलौता था। उसकी दो बहनें है। परिजनों की अनुसार उसकी हत्या हुई है। मृतक शराब पीने के बाद भी रोजाना घर आ जाता था। कोतवाल सुशील कुमार ने बताया कि मामला संदिग्ध है। पीएम के बाद शव को परिजनों को सौंप दिया है। उन्होंने बताया कि रविवार की देर रात कुछ लोग युवक को लेकर अस्पताल आए थे। उस वक्त प्रमोद की हालत ठीक थी। बताया कि अस्पताल में कुछ देर बाद ही उसने दम तोड़ दिया था। इसके बाद आरोपी युवक शव को अस्पताल में ही छोड़कर फरार हो गए। अस्पताल के कैमरे चेक किए जा रहे हैं। पीएम रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है। जल्द ही युवकों की पहचान कर उनसे पूछताछ की जाएगी। मृतक के परिजनों ने युवक की हत्या की आशंका की तहरीर दी है।

## मेधावी छात्रा प्रतिज्ञा को मुख्यमंत्री ने किया सम्मानित



शाह टाइम्स संवाददाता

**खटीमा।** डायनेस्टी मॉडर्न गुरुकुल एकेडमी छिनकी फार्म की छात्रा प्रतिज्ञा पोखरिया को उत्तराखंड बोर्ड हाई स्कूल की वरीयता सूची में आठवां स्थान प्राप्त करने पर अमर उजाला द्वारा आयोजित श्मेधावी छात्र सम्मानश के अंतर्गत मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा 17 मई को देहरादून के मुख्य सेवक सदन में पुरस्कृत किया गया।

कार्यक्रम में शिक्षा मंत्री धन सिंह रावत के साथ-साथ अनेक गणमान्य जन उपस्थित रहे।

इस उपलब्धि पर विद्यालय के प्रबंध निदेशक धीरेंद्र चंद्र भट्ट ने अमर उजाला व प्रदेश के मुख्यमंत्री को धन्यवाद प्रेषित करते हुए कहा कि यह विद्यालय परिवार के लिए गर्व का पल है।

उन्होंने कहा कि इस तरह के उत्साहवर्धक कार्यक्रमों से विद्यार्थियों में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। उन्होंने छात्रा प्रतिज्ञा पोखरिया व उनके अभिभावकों को शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए कहा कि विद्यार्थी को निरंतर प्रयासरत रहना चाहिए। इस अवसर पर विद्यालय की डायरेक्टर प्रेमा भट्ट, प्रधानाचार्य चंद्रकांत पनेरू, प्रशासनिक अधिकारी मनीष चंद, एकेडमिक डायरेक्टर विक्टर आईवन, हरीश भट्ट, सुरेश ओली, मनीष ठाकुर, हेमलता बोरा, उषा चौसाली, शिल्पा सक्सेना, लिंसी त्यागी, पूरन पांडेय, रमेश जोशी, विजय कुमार सहित समस्त विद्यालय परिवार ने छात्रा को शुभकामनाएं प्रेषित कीं।

## सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में वंशिका और हर्षित चमके, स्कूल में जश्न

शाह टाइम्स संवाददाता

**खटीमा।** सेंट्रल बोर्ड ऑफ सेकेंडरी एजुकेशन (CBSE) की 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षा में क्षेत्र के प्रतिष्ठित विद्यालय ने एक बार फिर शानदार सफलता का परचम लहराया है। विद्यालय का 10वीं का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत (100%) और 12वीं का 97 प्रतिशत रहा। परिणाम घोषित होते ही विद्यालय परिसर में उत्सव का माहौल बन गया और छात्रों ने मिठाई बांटकर खुशी जताई।



परीक्षा में 10वीं की मेधावी छात्रा वंशिका मिश्रा ने 98 प्रतिशत और 12वीं के छात्र हर्षित यादव ने 95 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय टॉपर बनने का गौरव हासिल किया। इसके अलावा 10वीं में दिवाकर (97%), सक्षम (96%), पलक व मानसी (94%), दिशिता व अगम्या (93%) सहित 39 छात्रों ने 80% से अधिक अंक प्राप्त किए। वहीं 12वीं में दिया चौहान (93.4%), हर्षित विष्ट (93%), गीतांजलि व मनीष (91.2%), भूमिका (91%) और कुनाल (89%) सहित 23 छात्र-छात्राओं ने 80% से अधिक अंक पाकर विद्यालय का नाम रोशन किया। विद्यालय का पिछले एक दशक (2015 से 2025) का इतिहास भी शानदार रहा है, जिसमें संस्थान ने सात बार क्षेत्रीय टॉपर दिए हैं। इस ऐतिहासिक सफलता पर विद्यालय प्रबंधन व प्रधानाचार्य ने शिक्षकों की लगन, छात्रों की मेहनत और अभिभावकों के सहयोग का आभार जताते हुए सभी मेधावियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

## बेतहाशा महंगाई सहित विभिन्न मुद्दों पर कांग्रेस का प्रदर्शन

**■ मुख्य चौक पर फूंका केंद्र सरकार का पूतला**

**■ जनहित के मुद्दों पर संघर्ष लगातार जारी रहेगा: कापड़ी**

शाह टाइम्स संवाददाता




**खटीमा।** विधायक व उपनेता प्रतिपक्ष भुवन चंद्र कापड़ी के नेतृत्व में आक्रोशित कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने बेतहाशा बढ़ती हुई महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार, अत्याचार, पेपर लीक तथा किसानों की समस्याओं सहित आम जनमानस से जुड़े विभिन्न मुद्दों को लेकर खटीमा मुख्य चौक पर केंद्र सरकार का पुतला दहन किया तथा हाथों में पोस्टर बैनर लिए कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

विधायक कापड़ी ने भाजपा सरकार की नीतियों पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि बढ़ती हुई महंगाई का सीधा असर आम जनता की जेब पर पड़ रहा है। गैस, डीजल पेट्रोल के दामों में बेतहाशा वृद्धि से आम जनता त्रस्त है लेकिन इन गंभीर मुद्दों पर सरकार मौन बनी हुई है। उन्होंने कहा कि खाद न मिलने से आज किसानों को भारी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है, किसानों की खेती प्रभावित हो रही है। उन्होंने कहा कि सरकार की गलत नीतियों के कारण आम जनमानस में भ्रम और असंतोष पैदा हो रहा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी आम जनता, किसानों, युवाओं तथा व्यापारियों से जुड़े गंभीर मुद्दों को लगातार उठाती रहेगी तथा जनहित के मुद्दों पर संघर्ष लगातार जारी रहेगा। इस अवसर पर उमेश उर्फ बॉबी राठौर, रेखा सोनकर, विनोद चंद, मान सिंह, नरेंद्र आर्य, नीरज कन्याल, नासिर खान, नूर मोहम्मद, राजकिशोर सक्सेना, राजू सोनकर, लक्ष्मी देवी, बीना राणा, शांति सामंत, नेहा जोशी, फूलमती, मोहम्मद ताहिर, जरीफ, रमेश जोशी, शमीम, सद्दीक, दीपक मुंडेला, हिमांशु भट्ट, फईम अंसारी एवं रेहान अंसारी, इमरान सहित अनेकों कांग्रेसी उपस्थित रहे।

## पूर्व विधायक के पुत्र की जेब से सरकारी अस्पताल में पर्स चोरी

शाह टाइम्स संवाददाता

**रामनगर।** रामनगर के पूर्व विधायक रामदत्त जोशी के पुत्र की जेब से सरकारी अस्पताल में अज्ञात चोर ने पर्स निकाल लिया। पीड़ित व्यक्ति ने पुलिस को तहरीर देकर आरोपी चोर को पकड़ने की मांग की है।

रामनगर के चोरपानी निवासी प्रेम चंद्र जोशी ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि सोमवार सुबह उनकी तबियत खराब होने पर वह चेकअप कराने के लिए वह रामदत्त जोशी संयुक्त चिकित्सालय रामनगर पहुंचे।उनकी जेब से पर्स रखा हुआ था। अस्पताल के अंदर पर्चा बनाने के लिए उन्होंने जेब में हाल डाला तो जेब में पर्स नहीं था। उन्होंने बताया कि अज्ञात व्यक्ति द्वारा जेब में से निकाल लिया गया है। उन्होंने बताया कि पर्स में एटीएम कार्ड,आधार कार्ड और 275 रुपए थे।पीड़ित व्यक्ति ने बताया कि उन्होंने कोतवाली पहुंचकर कोतवाल सुशील कुमार से भी मुलाकात कर आरोपी चोर को पकड़ने की मांग की है।कोतवाल सुशील कुमार ने बताया कि तहरीर के आधार पर मामले की जांच की जा रही है। अस्पताल में लगें सीसीटीवी कैमरों को खंगाला जा रहा है।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद्, गदरपुर, ऊधम सिंह नगर**

पत्रांक- 98/ नामा०सूचना/2026-27 दिनांक-18/05/2026

**नामान्तरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि गृहकर अभिलेखानुसार वार्ड नं.-04 क्रमांक 368 पर श्री किशोरी लाल पुत्र श्री ख्याली राम का नाम अंकित है, जिसका गृहकर 365 रू० वार्षिक है। उत्तरजीवी प्रमाण पत्र के आधार पर गृहकर अभिलेखों में श्री सूरज सैनी पुत्र स्व. किशोरी लाल निवासी वार्ड नं. 04, बाल्मिकी बस्ती, गदरपुर द्वारा उक्त भवन नामान्तरण अपने नाम पर एवं अपने भतीजे हर्ष पुत्र स्व. सुरेश के नाम पर संयुक्त रूप से किये जाने हेतु पत्रावली प्रस्तुत कर गृहकर नामान्तरण कराने के लिये अनुरोध किया गया है जो कि प्रस्तावित है। उपरोक्तानुसार नामान्तरण करने पर यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन तिथि के 30 दिन के भीतर अपनी लिखित आपत्ति पालिका कार्यालय में मय साक्ष्यों सहित प्रस्तुत कर सकते हैं। बाद मियाद किसी आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा। विवाद की दशा में नामान्तरण स्वत: निरस्त समझा जायेगा, तथा सक्षम न्यायालय का आदेश मान्य होगा।

**अधिशासी अधिकारी**

## युवाओं को नशे से दूर कर मार्शल आर्ट्स से जोड़ रही उत्तराखंड गतका एसोसिएशन

शाह टाइम्स संवाददाता

**बाजपुर।** उत्तराखंड गतका एसोसिएशन, जो नेशनल गतका एसोसिएशन ऑफ इंडिया से संबद्ध है, पिछले कई वर्षों से प्रदेश में गतका खेल के प्रचार-प्रसार एवं युवाओं को मार्शल आर्ट्स से जोड़ने का कार्य कर रही है। एसोसिएशन द्वारा युवाओं को नशे एवं अन्य गलत गतिविधियों से दूर रखने के उद्देश्य से विभिन्न स्थानों पर गतका प्रशिक्षण शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में मीरिपीरी खालसा एकेडमी में 14 मई से 30 मई तक गतका समर कैंप का आयोजन किया जा रहा है। इसके बाद 1 जून से 10 जून तक काशीपुर स्थित श्री ननकाना साहिब गुरुद्वारे में प्रशिक्षण शिविर लगाया जाएगा। वहीं 25 मई को सितारगंज के निकट स्थित एसके पब्लिक स्कूल में भी विशेष गतका कैंप आयोजित किया जाएगा। कैंपों में मनराज सिंह, हर्षदीप सिंह, गुरसेहज सिंह, वंशदीप सिंह, जसकरण सिंह, उलवंत सिंह, जगजोत सिंह एवं साहबदीप सिंह बतौर ऑफिसियल्स एवं प्रशिक्षक अपनी सेवाएं दे रहे हैं।

## दूरस्थ गांवों के बच्चों की शिक्षा को लेकर उठी नई मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लोहाघाट।** सरयू घाटी से जुड़े दूरस्थ क्षेत्र नेत्र सलान, सिंगदा एवं च्यूरानी के छात्र-छात्राओं की शिक्षा को लेकर जिला प्रशासन की संवे. दनशीलता इन दिनों चर्चा का विषय बनी हुई है। ग्रामीणों का कहना है कि जिलाधिकारी मनीष कुमार जनहित से जुड़ी समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए हमेशा तत्पर रहते हैं और यही कारण है कि क्षेत्रवासियों को उनसे बड़ी उम्मीदें हैं। ग्रामीणों के अनुसार हाईस्कूल के बाद छात्र-छात्राओं की आगे की पढ़ाई जारी रखने के लिए प्रशासन द्वारा वाहन सुविधा उपलब्ध करा दी गई है, लेकिन जिन छात्र - छात्राओं के लिए जीआईसी बापरू विद्यालय निर्धारित किया गया है, उसकी अपेक्षा कम दूरी पर स्थित जीआईसी बाराकोट तथा उससे लगभग एक किलोमीटर आगे स्थित जीजीआईसी काकड़ अधिक सुविधाजनक और सुरक्षित विकल्प हैं।

ग्राम प्रधान राम सिंह सामंत एवं नेत्र सलान की ग्राम प्रधान हेमा देवी ने कहा कि क्षेत्र के बच्चों के लिए बाराकोट एवं काकड़ स्थित विद्यालय अधिक सुरक्षित और सुविधाजनक हैं।

# तालाब में डूबने से हुई बच्चे की मौत से भड़का आक्रोश

## बच्चे का शव नगर पंचायत कार्यालय के परिसर में रखकर किया प्रदर्शन

- बीते रविवार को सरकारी तालाब में डूबने से हुई थी नाबालिग बच्चे की मौत
- प्रदर्शन की सूचना पर तहसीलदर व पुलिस मौके पर पहुंची



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नानकमत्ता।** बीते रविवार को नगर के दहला मार्ग पर स्थित वार्ड नम्बर छह में निमार्णाधीन सरकारी तालाब में डूबने से आठ वर्ष के बालक देव पुत्र विजयपाल की मौत हो गई थी। सूचना पर पुलिस ने मृतक बालक के शव का पंचनामा भरकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था।

सोमवार को बालक की मौत से आक्रोशित परिजन सैकडों की सख्या में पोस्टमार्टम होने के बाद मृतक बालक देव के शव को लेकर नगर पंचायत कार्यालय नानकमत्ता के परिसर में पहुंच गये , जहा बालक का शव रखकर परिजनो एवं पहुंची लोगों की भीड ने जमकर प्रदर्शन करते हुए नगर पंचायत नानकमत्ता के द्वारा दहला मार्ग पर सरकारी तालाब में कराये जा रहे ठेकेदार द्वारा निमार्ण में घोर लाप. रवाही का आरोप लगाते हैं। ठेकेदार के विरुद्ध कारवाई करने तथा सरकार से उचित मुआवजा दिलाने की मांग की गयी, मामले की जानकारी होने पर यहां प्रतापपुर चौकी प्रभारी राजेन्द्र पन्त, पुलिस फोर्स के साथ नगर पंचायत पहुंच गये, तथा आक्रोशित लोगों को समझाने का प्रयास किया । वही मामले की सूचना मिलते ही यहां सितारगंज के तहसील हिमांशु जोशी नानकमत्ता उप तहसील नायब तहसीलदार नरेंद्र गहतोडी भी पहुंच गए तथा पीड़ित परिजनों से बात कर उचित मुआवजा दिलाने का आश्वा. सन देते हुए धरना प्रदर्शन समाप्त करने को कहा, लेकिन घटना से गुस्साए लोगों एवं परिजनों द्वारा अपना प्रदर्शन जारी रखा, यहां आक्रोशित लोगों लापरवाही ठेकेदार के विरुद्ध कारवाई की मांग पर अड़े रहे।

## मानकों की धज्जियां उड़ाकर सरकारी तालाब में किया जा रहा सौंदर्यीकरण का कार्य

- सरकार के ड्रीम प्रोजेक्ट में लाखों रुपये के धन को लगाया जा रहा चूना



**नानकमत्ता ।** नियमों की धज्जियां उड़ाकर लाखों की लागत से ठेकेदार द्वारा सरकारी तालाब की भूमि पर सौंदर्यीकरण के नाम पर घटिया सामग्री का प्रयोग कर निर्माण करने के नाम पर लीपा पोती की जा रही है।

बता दें कि नगर पंचायत नानकमत्ता द्वारा नियमों को ताप पर रखकर लाखों रुपये का टेंडर अपने चहिते ठेकेदार को मिली भगत कर दिलाया गया है, जिसमें ठेकेदार द्वारा यहां सरकारी तालाब को गहरा कर पहले उसकी मिट्टी को बेचा गया, इसके बाद ठेकेदार द्वारा तालाब के निर्माण सौंदर्यीकरण के नाम पर घटिया सामग्री से निर्माण कार्य कराया गया जो बीते दिवस हुई बारिश में क्षतिग्रस्त हो गया। लाखों रुपये डकारने की फिराक में ठेकेदार द्वारा निर्माण के दौरान पूरी तरह से लापरवाही बरती गयी।

तालाब के चारों ओर बैरिकेडिंग ना होने तथा यहां निर्माण कार्य होने का बोर्ड न लगाए जाने के कारण तालाब में रे पानी में डूबने से नाबालिक बच्चे की मौत हो गई। नगर पंचायत अध्यक्ष एवं ठेकेदार की मिली भगत से तालाब के सौंदर्यीकरण के नाम पर ड्रीम प्रोजेक्ट सरकार के लाखों रुपये के धन को बखूबी चूना लगाने का प्रयास किया जा रहा है।

## एक नजर

### बाजपुर की मोनिका दास ने रचा इतिहास

**शाह टाइम्स संवाददाता**

एनपीसी बॉडी बिल्डिंग शो में बनीं ओवरऑल चैंपियन

**बाजपुर।** क्षेत्र की मोनिका दास ने बॉडीबिल्डिंग के क्षेत्र में नया इतिहास रचते हुए देहरादून में आयोजित एन.पी.सी. बॉडीबिल्डिंग शो में ओवरऑल चैंपियन का खिताब अपने नाम किया है। मोनिका क्षेत्र की पहली महिला बॉडीबिल्डर बन गई हैं जिन्होंने इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में यह उपलब्धि हासिल की है। मो. निका की इस सफलता के पीछे उनके कोच ऋतिक गौर और करणवीर सिंह की विशेष मेहनत रही, जिन्होंने उन्हें प्रतियोगिता के लिए तैयार किया। मोनिका की जीत से बाजपुर क्षेत्र में खुशी का माहौल है और लोगों ने उन्हें शुभकामनाएं देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

### दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का समापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** काशीपुर रोड स्थित एक हॉल में आयोजित इस प्रशिक्षण शि. विर के द्वितीय दिवस में कुल छह महत्वपूर्ण सत्र आयोजित किए गए, जिनमें व्यावहारिक सत्र, स्थायी कार्यक्रम एवं बूथ प्रबंधन, "मन की बात", सोशल मीडिया प्रबंधन तथा केंद्र एवं राज्य सरकारों की जनकल्याणकारी योजनाओं और उपलब्धियों पर विस्तृत चर्चा की गई।

प्रशिक्षण के द्वितीय दिवस में भाजपा राष्ट्रीय महामंत्री ठ. रु.ैदजीवी की विशेष उपस्थिति रही। हालांकि उन्होंने अंतिम सत्र में अपना संबोधन दिया, लेकिन उनके आगमन को लेकर कार्यकर्ताओं में पूरे दिन विशेष उत्साह एवं ऊर्जा देखने को मिली। कार्यक्रम में उपस्थित वक्ताओं ने संगठन की मजबूती, कार्यकर्ता विकास एवं जनसंपर्क को लेकर अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर सांसद ।रंल ठींजज ने केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं की विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में सरकार समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुंचाने के संकल्प के साथ कार्य कर रही है। प्रशिक्षण शिविर का अंतिम एवं अत्यंत प्रेरणादायी सत्र "विचार परिवार" विषय पर आयोजित हुआ, जिसे राष्ट्रीय महामंत्री बी. एल. संतोष ने संबोधित किया। उन्होंने कार्यकर्ताओं को संगठन की विचारधारा, अनुशासन एवं राष्ट्र प्रथम के भाव के साथ कार्य करने का संद. श दिया। यहां राष्ट्रीय महामंत्री बीएल संतोष, महामंत्री अजय कुमार, प्रदेश महामंत्री तरुण बंसल, केके दास, विधायक शिव अरोरा, मेयर विकास शर्मा, राज्यसभा सांसद अजय पाल मौर्य, जिला अध्यक्ष कमल जिंदल, जिला महामंत्री तरुण दत्ता,रमेश जोशी, पूर्व विधायक राजेश शुक्ला, जिला पंचायत अध्यक्ष अजय मौर्या, पूर्व विधायक प्रेम सिंह राणा, जिला प्रभारी राकेश नैनवाल एवं सह प्रभारी साहब के अग्रवाल सहित जिला पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### विधायक ने किया सीसी सड़क व मन्दिर सौंदर्यीकरण कार्य का किया लोकार्पण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** विधायक शिव अरोरा ने वार्ड नं. 35 आदर्श इंद्रा बंगाली कॉलोनी मे दो महत्वपूर्ण कार्य का किया लोकार्पण । वहीं बंगाली कॉलोनी पहुंचने पर पार्षद पति गोविन्द राय के नेतृत्व में स्थानीय लोगों द्वारा विधायक शिव अरोरा का फूलमालाओ के साथ जोरदार स्वागत किया गया। विधायक द्वारा विधायकनिधि से स्वीकृत गोपाल के घर से रखात दास के घर तक 28 मीटर 2.25 लाख की सीसी सड़क का लोकार्पण किया इसके साथ हीं बंगाली कॉलोनी मे हजारों लोगो की आस्था के केंद्र शनि मंदिर के सौंदर्यकरण कार्य का 4.25 लाख की लागत से नारियल फोड़कर लोकार्पण किया। इस अवसर पर विधायकअरोरा ने कहां आदर्श इंद्रा बंगाली कॉलोनी जो बंगाली बाहुल्य क्षेत्र है ओर प्रत्येक चुनाव मे भारतीय जनता पार्टी को यहां से भरपूर्ण आशीर्वाद मिलता है इसलिए रुद्रपुर क्षेत्र का विधायक होने के नाते हमारा कर्त्यव्य है यहाँ की सडके सुन्दर व मन्दिर भव्य दिव्य दिखाई दे। इस दौरान पार्षद सरो राय, पूर्व पालिका अध्यक्ष मीना शर्मा, गोविन्द राय, अनिल शर्मा, रविंद्र धर, डॉ ईश्वर मलिक, ममता जीना, सरोज राय, तपन मजूमदार, गोपाल राय, दुलाल राय,विवेक दास, कंचन विश्वास, किशन राय, विवेक मंडल,सपन मिस्त्री, नरेश पाल,प्रभास वाला, पुष्पा कराटी, रंजीत कराटी, पंकज दास, ज्योतिष कराटी,महेंद्र दास,बल्लू बर्मन, रमेन कौर, संजय ढाली,आशीम समादार आदि लोग मौजूद रहे।

### हिन्द पब्लिक स्कूल में इंटर हाउस खेल प्रतियोगिता संपन्न खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** हिन्द पब्लिक स्कूल में वार्षिक श्इंटर हाउस खेल प्रतियोगिताश का भव्य आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में स्कूल के विभिन्न हाउसों के बीच खो-खो, डॉजबॉल और टग ऑफ वॉर (रस्साकशी) जैसी रोमांचक खेल स्पर्धाएं आयोजित की गई। जिसमें विद्यार्थियों ने अपनी खेल भावना और बेहतरीन तालमेल का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता का शुभारंभ विद्यालय के प्रबंध निदेशक नीरज कुमार द्वारा किया गया। उन्होंने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि खेल न केवल शारीरिक स्वास्थ्य के लिए जरूरी हैं, बल्कि इनसे टीम भावना और अनुशासन भी सीखने को मिलता है। रोमांचक रहे मुकाबले टूर्नामेंट में स्कूल के चार प्रमुख हाउसोंख्र रेड ड्रैगन, येलो ईगल, ग्रीन मैमथ और ब्लू पैंथर के बीच कड़ी टक्कर देखने को मिली। खो-खोः इस प्रतियोगिता में लड़कों में येलो ईगल फर्स्ट ब्लू पैंथर सेकंड रेड ड्रेगन थर्ड और गर्ल्स में रेड ड्रेगन फर्स्ट ब्लू पैंथर सेकंड येलो ईगल थर्ड हाउस ने अपनी बेहतरीन रणनीति के बदौलत जीत हासिल की। टग ऑफ वॉर (रस्साकशी): ताकत और एकता के इस शानदार मुकाबले में बॉयज में ग्रीन मैमथ हाउस ने विपक्षी टीम को पछाड़कर विजेता का खिताब अपने नाम किया। दूसरी पोजीशन पर रेड ड्रेगन सेकंड येलो ईगल थर्ड रहे वहीं गर्ल्स में ब्लू पैंथर फर्स्ट सेकंड येलो ईगल थर्ड ग्रीन मैमथ रहे। प्रतियोगिता विद्यालय के शारीरिक शिक्षक रंजीत मेहरा और खेल शिक्षिका कविता बिष्ट की देखरेख में संपन्न हुई। रेफरी की भूमिका निभाते हुए उन्होंने निष्पक्ष रूप से मैचों का संचालन कराया और विजेता टीमों की घोषणा की। कार्यक्रम के समापन पर मुख्य अतिथि और स्कूल प्रबंधन द्वारा सभी विजेता टीमों और उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को ट्रॉफी व मेडल देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर स्कूल का समस्त स्टाफ और छात्र-छात्राएं मौजूद रहे, जिन्होंने तालियों की गड़गड़ाहट के साथ विजेताओं का हौसला बढ़ाया। इस अवसर पर विद्यालय की प्रशासिका मंजू खन्ना, प्रधानाचार्य भुवन चंद्र जोशी प्रधानाचार्या पूजा जोशी, नीमा कन्याल, उपासना बिष्ट , रेनू सिंह,रोली सक्सेना,पूजा पांडे, मनीषा उपाध्याय , रंजीत मेहरा, पुष्पा धामी, रजत भटनागर,विष्णु भाष्कर त्रिपाठी ,टी डी पचोली, ,गीता कन्याल,योगेश गुप्ता , पूनम गुम्बर , पूजा गुलाटी, ममता बिष्ट, शशि कश्यप , दीपा नेगी, कविता चंद ,चंद्रप्रभा ,कविता बिष्ट, निकिता राय, विनीता पाठक, , रोहित सिंह, नीतू कन्याल , प्रिया भट्ट , हिमांशु भट्ट राधिका कुंवर, श्वेता नेगी, रूबी खान, ईश्वरी जोशी, योगिता पांडे, डिक्सी बेस्टियन,इफत यासमीन ,श्वेता सिंह,लता जोशी, प्रमोद पांडेय, राकेश मौर्या, हर्ष गुप्ता , मनीषा मोटवानी अभिलाषा गुप्ता ,गीता जोशी, कविता खड़कवाल, चंपा विश्वकर्मा,सायना मंसूरी आदि मौजूद रहे।

## बढ़ती ईंधन कीमतों पर प्रशासन सख्त चम्पावत में लागू होंगे बड़े बदलाव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चम्पावत।** वैश्विक परिस्थितियों के बीच बढ़ती ईंधन लागत और आर्थिक दबाव को देखते हुए जिला प्रशासन अब पूरी तरह एक्शन मोड में नजर आ रहा है।

जिलाधिकारी मनीष कुमार ने शासन के निर्देशों के क्रम में जनपद में ईंधन बचत, ऊर्जा संरक्षण और संसाधनों के संतुलित उपयोग को लेकर सख्त दिशा-निर्देश जारी किए हैं। जिलाधिकारी ने स्पष्ट कहा कि ऊर्जा संरक्षण अब केवल सरकारी औपचारिकता नहीं, बल्कि हर नागरिक की सामाजिक जिम्मेदारी है। इसी के तहत सरकारी कार्यालयों में अब वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग को प्राथमिकता दी जाएगी और केवल अत्यंत आवश्यक होने पर ही अधिकारियों एवं कर्मचारियों की भौतिक उपस्थिति सुनिश्चित की जाएगी। निजी संस्थानों को भी 'वर्क फ्रॉम होम' संस्कृति अपनाने के लिए प्रेरित किया जाएगा। जारी निर्देशों के अनुसार अब सरकारी काफिलों में वाहनों की संख्या तत्काल प्रभाव से 50 प्रतिशत तक सीमित की जाएगी। वहीं सरकारी एवं निजी भवनों, मॉल, होटल और रेस्तरां में एयर कंडीशनर का तापमान 24 से 26 डिग्री सेल्सियस के बीच रखने के निर्देश दिए गए हैं।

प्रशासन द्वारा इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा देने के लिए जनपद में ईवी चार्जिंग नेटवर्क के विस्तार पर विशेष जोर दिया जाएगा।

## जिलाधिकारी ने सुनीं जनता की समस्याएं

- त्वरित निस्तारण के दिए निर्देश
- शिकायतकर्ता से सीधे बात कर डीएम ने परखी जमीनी हकीकत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिथौरागढ़।** जिला मुख्यालय स्थित कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी आशीष कुमार भटगांई की अध्यक्षता में साप्ताहिक जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित किया गया। जनसुनवाई में जनपद के दूरस्थ क्षेत्रों से पहुंचे ग्रामीणों, जनप्रतिनिधियों एवं आम नागरिकों ने पेयजल, सड़क, आपदा सुरक्षा, भूमि विवाद, स्वास्थ्य सेवाएं, राशन कार्ड, प्रशासनिक अनियमितताओं एवं विकास कार्यों से संबंधित शिकायतें एवं सुझाव प्रशासन के समक्ष रखे।

जिलाधिकारी ने सभी मामलों को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि जनसमस्याओं के समाधान में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी तथा अधिकारी स्थलीय निरीक्षण कर समस्याओं का व्यावहारिक समाधान सुनिश्चित करें। जनसुनवाई के दौरान राशन कार्डों में अनियमितता, सड़क निर्माण से उत्पन्न समस्याएं, कर्मचारियों के वेतन संबंधी प्रकरण, कृषि भवन मरम्मत, पैदल मार्ग निर्माण तथा ग्रामीण क्षेत्रों की मूलभूत सुविधाओं से जुड़े मामलों पर भी चर्चा हुई। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक जांच कर त्वरित समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। अंत में जिलाधिकारी ने मुख्यमंत्री हेल्पलाइन पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों एवं उनके निस्तारण की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने स्वयं शिकायतकर्ताओं से दूरभाष पर वार्ता कर यह जानकारी प्राप्त की कि उनकी समस्याओं का समाधान संतोषजनक रूप से हुआ है अथवा नहीं। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी योगेंद्र सिंह, विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी एवं तहसील प्रशासन के अधिकारी उपस्थित रहे।

## केमिस्ट एसोसिएशन बीस मई को करेगी राष्ट्रव्यापी बन्द का समर्थन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नानकमत्ता ।** केमिस्ट एसोसिएशन नानकमत्ता द्वारा उप तहसील में नायब तहसीलदार नरेन्द्र गहतोडी को 20 मई को किये जा रहे राष्ट्रव्यापी बन्द का समर्थन एवं अपनी मांगों का ज्ञापन दिया है।

सोमवार को केमिस्ट एसोसिएशन नानकमत्ता द्वारा दी गयी प्रेस विज्ञप्ति में कहा हैं की उत्तरांचल औषधि व्यवसायी महासंघ द्वारा राष्ट्रीय संगठन ऑल इंडिया ऑर्गेनाइजेशन ऑफ केमिस्ट एंड ड्रगिस्टस द्वारा देशभर में 12 लाख 40 हजार से अधिक केमिस्ट एवं वितरकों का प्रतिनिधित्व करता है। बताया कि राष्ट्रीय संगठन ऑल इंडिया ऑर्गेनाइजेशन ऑफ केमिस्ट एंड ड्रगिस्टस ने सरकार की अनदेखी के खिलाफ अपनी विभिन्न मांगो को लेकर 20 मई 2026 बुधवार को एकदिवसीय राष्ट्रियव्यापी बन्द की घोषणा की है। ज्ञापन देने वालों में संगठन के अध्यक्ष मुकेश अग्रवाल कोषाध्यक्ष नवीन शर्मा महामंत्री सुरेश कश्यप, पवन सिंह राना , बलदेव सिंह, प्रवीण चितकारा आदि मौजूद थे।

## सुरक्षित ईंधन, सुरक्षित जीवन का दिया संदेश



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिथौरागढ़।** उत्तराखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, नैनीताल के निर्देशानुसार एवं जिला जज/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, पिथौरागढ धनंजय चतुर्वेदी की अध्यक्षता में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा जनपद न्यायालय परिसर पिथौरागढ़ में सुरक्षित ईंधन, सुरक्षित जीवन अभियान का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का उद्देश्य आमजन में ईंधन संरक्षण, पर्यावरण संरक्षण तथा स्वस्थ जीवनशैली के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। इस अवसर पर न्यायिक अधिकारियों, अधिवक्ताओं एवं कर्मचारियों एवं जनपद ईंधन की बचत के लिए प्रेरित करते हुए सप्ताह में दो दिन वैक्ल्पिक परिवहन अपनाने का आह्वान किया गया। जिला जज/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण धनंजय चतुर्वेदी द्वारा बताया गया कि वर्तमान समय में ऊर्जा संसाधनों का संरक्षण अत्यंत आवश्यक हो गया है। प्रत्येक नागरिक का दायित्व है कि वह ईंधन की बचत को अपनी दैनिक जीवनशैली का हिस्सा बनाए।

उक्त कार्यक्रम में जिला जज/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण धनंजय चतुर्वेदी, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट सुमन, सिविल जज (जू.डि.) शिव सिंह, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जिला बार एसोसिएशन अध्यक्ष, मोहन चन्द्र भट्ट, चीफ लीगल डिफेंस कॉउसल स्टॉप, पैनल अधिवक्तागण, अधिवक्तागण एवं कर्मचारियों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

## जनता दरबार में बुजुर्ग की पीड़ा सुनकर भड़के डीएम



- बोले- छोटी-छोटी समस्याओं के लिए ग्रामीणों को जिला मुख्यालय आने पर मजबूर न करें अधिकारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चम्पावत।** जनपद चम्पावत में प्रत्येक सोमवार को आयोजित होने वाला जिलाधिकारी जनता दरबार अब आम लोगों के भरोसे का बड़ा केंद्र बनता जा रहा है। दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों से लोग अपनी समस्याएं लेकर यहां पहुंचते हैं और त्वरित समाधान मिलने पर संतुष्ट होकर लौटते हैं। लेकिन सोमवार को आयोजित जनता दरबार में एक बुजुर्ग की छोटी सी समस्या सुनकर जिलाधिकारी मनीष कुमार नाराज हो उठे।

खेतीखान क्षेत्र से पहुंचे 84 वर्षीय माधवानंद गहतोड़ी ने जिलाधिकारी को बताया कि पड़ोसी द्वारा उनके घर में गंदा पानी फेंका जा रहा है, जिससे उन्हें काफी परेशानी हो रही है। इतनी छोटी समस्या को लेकर एक बुजुर्ग व्यक्ति को जिला मुख्यालय तक आना पड़ा, इस पर जिलाधिकारी ने अधिकारियों की कार्यशैली पर कड़ी नारा. जगी जताई। जिलाधिकारी ने कहा कि समाज और प्रशासन दोनों की जिम्मेदारी है कि बुजुर्गों को सम्मान मिले और उनकी समस्याओं का समय रहते समाधान किया जाए। उन्होंने कहा कि यदि संबंधित अधिकारियों ने पहले ही इस मामले का निस्तारण कर दिया होता तो इतनी अधिक उम्र के व्यक्ति को जनता दरबार में आने की आवश्यकता नहीं पड़ती। उन्होंने तत्काल एसडीएम लोहाघाट को मौके पर जाकर समस्या का समाधान करने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने कहा कि सरकार ने अधिकारियों को जनता की सेवा के लिए नियुक्त किया है और यदि गांव में ही समस्याओं का समाधान हो जाए तो लोगों का समय और धन दोनों बचेंगे।

सोमवार को आयोजित जनता दरबार में उठाई गई लगभग 90 प्रतिशत समस्याओं का समाधान जिलाधिकारी ने मौके पर ही कर दिया, जबकि शेष जटिल मामलों के लिए समय सीमा निर्धारित करते हुए संबंधित विभागों को आवश्यक निर्देश दिए गए। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी डॉ. जीएस खाती, अपर जिलाधिकारी केएन गोस्वामी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. देवेश चौहान, एपीडी बिंमी जोशी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## भव्य कलश यात्रा के साथ श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लोहाघाट।** पाटी विकासखंड के दूरस्थ गांव सिरतोली स्थित प्राचीन श्री ब्रह्मा देवता मंदिर में सोमवार को वैदिक मंत्रोच्चार, भव्य कलश यात्रा और श्रद्धा-भक्ति के अनुपम संगम के साथ आठ दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ हो गया। "सर्वे भवन्तु सुखिनः" और विश्व कल्याण की भावना से आयोजित इस धार्मिक अनुष्ठान में क्षेत्रभर से पहुंचे श्रद्धालुओं ने वातावरण को पूरी तरह भक्तिमय बना दिया। खेतीखान से लगभग 15 किलोमीटर दूर आयोजित इस धार्मिक आयोजन में विवेकानंद विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, खेतीखान के छात्र-छात्राओं ने पारंपरिक वेशभूषा में कलश यात्रा को विशेष भव्यता प्रदान की। गांव की गलियों से निकली कलश यात्रा में महिलाओं, युवाओं और बुजुर्गों की भारी भागीदारी देखने को मिली। पूरा क्षेत्र जयघोष, शंखध्वनि और भजन-कीर्तन से गुंजायमान रहा।

अपराह्न 2 बजे से सायं 5 बजे तक चली संगीतमय कथा में प्रसिद्ध वेद-पुराण मर्मज्ञ एवं ज्योतिषाचार्य आचार्य प्रकाश पाण्डेय ने श्रीमद्भागवत कथा के प्रथम श्लोक से कथा का शुभारंभ करते हुए भगवान श्रीकृष्ण की महिमा, भक्ति और मोक्ष मार्ग का विस्तार से वर्णन किया। कथा व्यास ने कहा कि जिस स्थान पर देवी-देवताओं की कथा होती है, वह स्थान स्वयं तीर्थ बन जाता है। उन्होंने राजा परीक्षित के प्रसंग का उल्लेख करते हुए कहा कि भागवत कथा मनुष्य को मृत्यु भय से मुक्त कर ईश्वर भक्ति की ओर अग्रसर करती है। कलियुग में भगवत कथा श्रवण, हरिनाम संकीर्तन और सत्संग ही मोक्ष प्राप्ति का सबसे सरल मार्ग है।


### कार्यालय नगर पालिका परिषद टनकपुर जिला चम्पावत

पत्रांक- 90/नामान्तरण सूचना/2025-26 दिनांक 29/4/2006

**गृहकर अभिलेखों में नाम दर्ज हेतु सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद टनकपुर के गृहकर अभिलेखों में निम्न विवरण के अनुसार पूर्व में अंकित नाम खारिज कर उनके नाम के सम्मुख अंकित व्यक्तियों के नाम दर्ज कराने हेतु निम्नलिखित अभिलेखों के आधार पर नामान्तरण / संसोधन किया जाना प्रस्तावित हैं।

| क्र. सं. | आवेदक का नाम | भवन संख्या | वर्तमान में जिस व्यक्ति का नाम दर्ज है | जिसके नाम दर्ज किया जाना है | संलग्न दस्तावेज |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | श्रीमती नैना पत्नी श्री शकील खान | भवन संख्या 177 वार्ड नं.3 के अन्तर्गत 12.6 X38 फिट पर बना टीनसैड | श्री संजय गर्ग पुत्र श्री बालकृष्ण गर्ग | श्रीमती नैना पत्नी श्री शकील खान | आवेदन मय वय इकरारनामा आधार कार्ड, गृहकर रसीद, श्री श्री संजय कुमार गर्ग का अनापत्ति शपथ पत्र, श्रीमती प्रीति अग्रवाल पत्नी श्री संजय गर्ग का अनापत्ति शपथ पत्र |

उपरोक्त नामान्तरण/संसोधन के सम्बन्ध में यदि किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह सूचना प्रकाशन के एक माह के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति मय साक्ष्य पालिका कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित समयअवधि प्राप्त आपत्तियों पर विचार किया जाना सम्भव नहीं होगा एवं पालिका के गृहकर अभिलेखों में पूर्व में अंकित व्यक्ति/व्यक्तियों के नाम खारिज कर वर्तमान में कालम नं. 6 में अंकित व्यक्तियों के नाम दर्ज कर दिया जाएगा।

**अधिशासी अधिकारी**

### कार्यालय नगर पालिका परिषद टनकपुर जिला चम्पावत

पत्रांक- 93/नामान्तरण सूचना/2025-26 दिनांक 29/4/2006

**गृहकर अभिलेखों में नाम दर्ज हेतु सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद टनकपुर के गृहकर अभिलेखों में निम्न विवरण के अनुसार पूर्व में अंकित नाम खारिज कर उनके नाम के सम्मुख अंकित व्यक्तियों के नाम दर्ज कराने हेतु निम्नलिखित अभिलेखों के आधार पर नामान्तरण / संसोधन किया जाना प्रस्तावित हैं।

| क्र. सं. | आवेदक का नाम | भवन संख्या | वर्तमान में जिस व्यक्ति का नाम दर्ज है | जिसके नाम दर्ज किया जाना है | संलग्न दस्तावेज |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | निलोफर पुत्री जनाब मेहबूब निवासी वार्ड नं. 5 टनकपुर | भवन संख्या 177 वार्ड नं.3 के अन्तर्गत 14 X38 फिट पर बना टीनसैड | श्री संजय गर्ग पुत्र श्री बालकृष्ण गर्ग | निलोफर पुत्री जनाब मेहबूब निवासी वार्ड नं. 5 टनकपुर | आवेदन मय वय इकरारनामा आधार कार्ड, गृहकर रसीद, श्री श्री संजय कुमार गर्ग का अनापत्ति शपथ पत्र, श्रीमती प्रीति अग्रवाल पत्नी श्री संजय गर्ग का अनापत्ति शपथ पत्र |

उपरोक्त नामान्तरण/संसोधन के सम्बन्ध में यदि किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह सूचना प्रकाशन के एक माह के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति मय साक्ष्य पालिका कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित समयअवधि प्राप्त आपत्तियों पर विचार किया जाना सम्भव नहीं होगा एवं पालिका के गृहकर अभिलेखों में पूर्व में अंकित व्यक्ति/व्यक्तियों के नाम खारिज कर वर्तमान में कालम नं. 6 में अंकित व्यक्तियों के नाम दर्ज कर दिया जाएगा।

**अधिशासी अधिकारी**

राज्यपाल ने गुरुद्वारे में मत्था टेका

# नैनीताल के मां नयना देवी मंदिर में पूजा-अर्चना



**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** सूबे के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (सेनि.) ने सोमवार को नैनीताल स्थित मां नयना देवी मंदिर में पूजा अर्चना की। राज्यपाल ने मंदिर परिसर में मां नयना देवी के दर्शन कर प्रदेश की सुख-शांति, समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। मंदिर दर्शन के पश्चात राज्यपाल नैनीताल स्थित गुरुद्वारा साहिब पहुंचे जहां उन्होंने मत्था टेक कर अरदास की। इस दौरान उन्होंने गुरुद्वारा प्रबंधन से व्यवस्थाओं की जानकारी भी ली। इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि नैना देवी मंदिर में दर्शन करने पर उन्हें एक विशेष आध्यात्मिक ऊर्जा और आत्मिक शांति का अनुभव होता है। उन्होंने कहा कि जब भी वे यहां आते हैं, एक अलग प्रकार का आशीर्वाद और आत्मिक आनंद प्राप्त होता है। राज्यपाल ने कहा कि नैनीताल झील के समीप स्थित गुरुद्वारा साहिब पवित्र स्थल सुंदरता और आध्यात्मिक वातावरण के लिए विशेष पहचान रखता है। उन्होंने कहा कि इन दोनों पवित्र स्थलों पर आकर उनकी आत्मा ऊर्जा से भर जाती है तथा आध्यात्मिक रूप से नई प्रेरणा प्राप्त होती है। राज्यपाल ने कहा कि ऐसे धार्मिक और आध्यात्मिक स्थलों पर आकर विशेष प्रकार की आस्थाए सकारात्मक ऊर्जा और आत्मिक संतोष का अनुभव होता है।

# विकास का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे: गुरमीत सिंह

## राज्यपाल ने वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों के साथ अलग-अलग बैठके कीं

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (सेनि.) ने सोमवार को लोक भवन नैनीताल में कुमाऊं मंडल एवं नैनीताल जिले के वरिष्ठ प्रशास. निक अधिकारियों के साथ अलग-अलग बैठकें कर क्षेत्र की प्रशासनिक, विकासात्मक एवं पर्यटन संबंधी स्थिति की समीक्षा की। राज्यपाल ने सर्वप्रथम कुमाऊं मंडल आयुक्त दीपक रावत से मंडल से जुड़े प्रमुख विषयों, उपलब्धियों एवं विकासात्मक योजनाओं की जानक. ारी ली। उन्होंने कुमाऊं मंडल के दूरस्थ एवं सीमांत क्षेत्रों में संचालित विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए इन क्षेत्रों में आधारभूत सुविधाओं, जनकल्याणकारी योजनाओं तथा विकास कार्यक्रमों के प्रभावी क्रियान्वयन पर विशेष जोर दिया। राज्यपाल ने निर्देश दिए कि दूरस्थ क्षेत्रों के लोगों को प्राथमिकता के आधार पर सरकारी योजनाओं का लाभ सुनिश्चित किया जाए, ताकि विकास का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंच सके। रावत ने बताया कि कैंची



धाम के लिए बनाया जा रहा बाईपास लगभग तैयार हो चुका है, जिससे श्रद्धालुओं को आवागमन में बेहतर सुविधा मिलेगी और यातायात व्यवस्था भी सुगम होगी। उन्होंने बताया कि कुमाऊँ मंडल में स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार के तहत किच्छा में निर्माणाधीन एम्स सैटेलाइट सेंटर आगामी दो से तीन माह में तैयार हो जाएगा। इसके शुरू होने से क्षेत्र के लोगों को बेहतर एवं सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं मुहैया हो सकेंगी। जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल ने जनपद में राजस्व, जन्म मृत्यु पंजीकरण, भूमि विवादों के निस्तारण और होमस्टे संचालन से जुड़ी व्यवस्थाओं की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि भूमि म्यूटेशन (नामांतरण) प्रक्रिया को सरल और पारदर्शी बनाया गया है। उन्होंने कहा कि भूमिधर की मृत्यु के बाद उत्तरा. धिकारियों के नाम खतौनी में दर्ज करने के लिए अब लोगों को पटवारी चौकी के चक्कर नहीं लगाने पड़ते, बल्कि पटवारी गांवों में जाकर चौपाल आयोजित कर मौके पर खतौनी का वाचन और आवश्यक संशोधन कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि जन्म एवं मृत्यु पंजीकरण में भी विशेष अभियान चलाकर लगभग 12 हजार मामलों का निस्तारण कर शून्य लंबित स्थिति हासिल की गई है। उन्होंने कहा कि मृत्यु प्रमाण पत्र न बनने से बीमा दावे, बैंक संबंधी कार्यों और संपति उत्तराधिकार में कई समस्याएं उत्पन्न होती हैं, इसलिए इस व्यवस्था को प्राथमिकता दी गई। राज्यपाल ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डा. मंजूनाथ टीसी से जिले की कानून व्यवस्था की स्थिति की जानकारी ली। इस दौरान जिले की प्रमुख उपलब्धियों, चुनौतियों तथा कानून व्यवस्था को और प्रभावी बनाने के लिए किए जा रहे प्रयासों पर चर्चा की गई। साथ ही पर्यटन सीजन के दौरान यातायात प्रबंधन, ट्रैफिक व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने हेतु किए गए इंतजामों और पर्यटकों की सुविधा एवं सुरक्षा के संबंध में भी जानकारी प्राप्त की। राज्यपाल ने कहा कि नैनीताल आने वाले पर्यटकों को कोई असुविधा न हो इसका विशेष ध्यान रखा जाए।

## एक नजर

### जनता दरबार में डीएम ने सुनी समस्याएं

**बागेश्वर।** अकांक्षा कोंडे ने सोमवार को आयोजित जनता दरबार में सड़क, बिजली, पेयजल, सुरक्षा दीवार निर्माण और मुआवजा वितरण से जुड़ी 25 शिकायतें सुनीं। अधिकांश मामलों का मौके पर निस्तारण किया गया, जबकि शेष शिकायतों के समाधान के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए गए। मण्डलसेरा की पेयजल समस्या पर जल निगम और जल संस्थान को संयुक्त निरीक्षण के आदेश दिए गए। वहीं आवारा पशुओं को अन्य स्थान पर शिफ्ट करने, खराब सोलर हैंडपंप की मरम्मत और विभिन्न मोटर मार्गों से जुड़ी समस्याओं के शीघ्र समाधान के निर्देश भी दिए गए। डीएम ने सीएम हेल्पलाइन और 'हैलो बागेश्वर' पर लंबित शिकायतों का जल्द निस्तारण कर शिकायतकर्ताओं से फीडबैक लेने के निर्देश दिए।

### दुष्कर्म के दोषी को 12 वर्ष का कठोर कारावास

**बागेश्वर।** जनपद न्यायालय ने दुष्कर्म के एक मामले में आरोपी को 12 वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही न्यायालय ने आरोपी पर 15 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया है। अर्थदंड जमा न करने पर आरोपी को अतिरिक्त तीन माह का साधारण कारावास भुगतना होगा। सोमवार को सत्र न्यायाधीश बागेश्वर पंकज तोमर की अदालत ने सत्र परीक्षण में सुरेश नाथ उर्फ सुंदर नाथ उर्फ सोनू पर फैसला सुनाते हुए आरोपी सुरेश नाथ को भारतीय न्याय संहिता की धारा 64(2)(च) के तहत दोषी करार दिया। मामले के अनुसार पीड़िता ने राजस्व उपनिरीक्षक क्षेत्र नौगांव तहसील गरुड़ में 29 नवंबर 2024 को तहरीर देकर बताया था कि वह अपनी पुत्री के साथ जंगल घास लेने गई थी। इसी दौरान आरोपी ने पीड़िता को जंगल में सुनसान स्थान पर ले जाकर जबरन दुष्कर्म किया। घटना के बाद पीड़िता की शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया। अभियोजन पक्ष की ओर से जिला शासकीय अधिवक्ता (फौजदारी) और सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता ने न्यायालय में पक्ष रखा। मामले में कुल 12 गवाहों के बयान दर्ज किए गए। सभी साक्ष्यों और गवाहों के आधार पर न्यायालय ने आरोपी को दोषी मानते हुए 12 वर्ष के कठोर कारावास और अर्थदंड की सजा सुनाई।

### रैमजे अस्पताल को मरम्मत का इंतजार

**नैनीताल।** कभी कुमाऊं भर के मरीजों के लिए बेहतर इलाज का केंद्र रहा जीबी पंत अस्पताल (रैमजे अस्पताल) आज बदहाली और उपेक्षा का शिकार होकर खंडहर में तब्दील होता जा रहा है। वर्षों तक दूर दराज क्षेत्रों से मरीज यहां उपचार के लिए पहुंचते थे लेकिन अब अस्पताल में सन्नाटा पसरा रहता है। भवन जर्जर हो चुके हैं और सुविधाओं के अभाव में मरीजों की संख्या लगातार घटती चली गई। स्वास्थ्य विभाग की ओर से शासन को भेजे गए 50 लाख के प्रस्ताव के पास होने का अस्पताल को इंतजार है। मामले में जिले के सीएमओ डा. हरीश चंद्र पंत ने कहा कि अस्पताल भवन की मरम्मत के लिए शासन को 50 लाख रुपये का प्रस्ताव भेजा गया है। प्रस्ताव स्वीकृत होते ही मरम्मत कार्य शुरू कराया जाएगा। साथ ही डाकटर, स्टाफ और अन्य सुविधाएं मुहैया कराकर अस्पताल को दोबारा व्यवस्थित रूप से संचालित किया जाएगा।

### हादसों को दावत दे रहे सड़क पर लटके पेड़

**नैनीताल।** नैनीताल-हल्द्वानी रोड और आसपास की संपर्क सड़कों पर झुके पेड़ और लटकती टहनियां राहगीरों के लिए खतरा बनती जा रही हैं। कई स्थानों पर पेड़ों की बड़ी शाखाएं सड़क के ऊपर तक झुक गई हैं जिससे कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। स्थानीय लोगों ने वन विभाग और संबंधित विभागों से जल्द पेड़ों की लॉपिंग कराने की मांग उठाई है। मामले में वन विभाग की एसडीओ ममता चंद ने बताया कि क्षेत्र का निरीक्षण कर सड़क की ओर झुके और खतरनाक स्थिति में खड़े पेड़ों की सूची तैयार कराई जाएगी। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय राजमार्ग और लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों से भी वार्ता की जाएगी।

### सवालों के घेरे में नैनीताल के होमस्टे व गेस्ट हाउस

**नैनीताल।** पर्यटन सीजन में बढ़ते ट्रैफिक जाम के बीच अब शहर के होमस्टे और गेस्ट हाउसों की पार्किंग व्यवस्था सवालों के घेरे में आ गई है। प्रशासन की छापेमारी में ऐसे कई मामले सामने आए हैं जहां संचालकों ने कागजों में पार्किंग होने का शपथ पत्र दिया, लेकिन मौके पर एक भी वाहन खड़ा करने तक की जगह नहीं मिली। मामले में उप जिलाधिकारी नवाजिश खलिक ने कहा कि बिना पार्किंग स्थलों की सुविधा के संचालित होम स्टे और गेस्ट हाउसों की सूची बनाई जा रही है।

### पर्यटन सीजन पर जाम में नहीं अटकेंगी एंबुलेंस

**नैनीताल।** नैनीताल और आसपास के क्षेत्रों में पर्यटन सीजन के दौरान बढ़ते जाम के बीच अब एंबुलेंस नहीं फसेंगी। पर्यटन सीजन और वीकेंड पर लगने वाले लंबे जाम में एंबुलेंस फंसने की लगातार शिकायतों के बाद पुलिस ने ग्रीन कॉरिडोर व्यवस्था को और सक्रिय करने का फैसला लिया है। अब एंबुलेंस के जाम में फंसने की सूचना मिलते ही पुलिस तत्काल रास्ता खाली कराकर उसे प्राथमिकता के साथ अस्पताल तक पहुंचाएगी। मामले में एसपी यातायात एवं अपराध डा. जगदीश चंद्र ने बताया कि पर्यटन सीजन में जाम प्रभावित क्षेत्रों में लगातार पुलिस फोर्स तैनात की जाती है। वीकेंड पर हाक टीम, यातायात निरीक्षक और मोबाइल वैन भी यातायात पर नजर रखती हैं। उन्होंने बताया कि सीएमओ नैनीताल को पूर्व में ही पत्र भेजकर कहा गया है कि यदि कोई एंबुलेंस जाम में फंसती है तो इसकी तत्काल सूचना जिला कंट्रोल रूम को दी जाए।

## सीवर लाइन के चोक होने से बढ़ी फजीहत

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** नैनीताल के मुख्य पर्यटन केंद्र मल्लीताल बोट स्टैंड के समीप सोमवार की सुबह सीवर आने से पूरे क्षेत्र में दुर्गंध छा गई। पिछले कुछ दिनों से बोट हाउस क्लब और सात नंबर नाले के पास सीवर लाइन चोक होने के कारण गंदा पानी सीधे झील में गिर रहा है। इस रिसाव से न केवल झील का पानी प्रदूषित हो रहा है, बल्कि किनारे पर भारी गंदगी और दुर्गंध ने पर्यटकों का खड़ा होना भी मुश्किल कर दिया है। बता दें मल्लीताल बोट स्टैंड वह क्षेत्र है जहां सबसे अधिक पर्यटक नौकायन के लिए पहुंचते हैं। स्थानीय नाविकों और व्यापारियों का कहना है कि प्रशासन की अनदेखी के कारण सीवर का मलबा झील की तलहटी में जमा हो रहा है। पिछले कई दिनों से यह समस्या उत्पन्न हो रही है जिससे पर्यटन व्यवसाय भी प्रभावित हो रहा है। सोमवार की सुबह बीडी पांडे अस्पताल के निकट के नाले में अचानक सीवर का पानी ओवरफ्लो हो गया रिसीवर का पानी ओवरफ्लो होकर सीधे वोट स्टैंड तक पहुंचा तथा वहां से सीधे नैनी झील में जा रहा था। इसके बाद स्थानी लोगों ने इसकी सूचना जिला प्रशासन को दी जिसके बाद मौके पर जल संस्थान के कर्मचारी पहुंचे तथा सीवर लाइन कोठी करने का काम शुरू कर दिया गया। एसडीएम नवाजिश खलिक ने बताया कि एक नाले में सीवर ओव. रफ्लो होने की शिकायत मिली थी जिसके बाद मौके पर जल संस्थान के कर्मचारियों को भेज दिया गया।

# डीएम ने ली राजस्व विभाग की मासिक समीक्षा बैठक

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल ने सोमवार को नैनीताल कार्यालय से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से राजस्व विभाग की मासिक समीक्षा बैठक ली। वाहनों के सुव्यवस्थित उपयोग तथा ईंधन एवं तेल की बचत को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित इस बैठक में सभी संबंधित अधिकारियों ने अपने. अपने कार्यालयों एवं क्षेत्रों से वर्चुअल माध्यम से प्रतिभाग किया। जिलाधिकारी ने विभिन्न न्यायालयों में लंबित वादों, राजस्व वादों, कानून व्यवस्थाए राजस्व व अभियोजन कार्यों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। राजस्व वादों की समीक्षा के दौरान उन्होंने निर्देशित किया कि नियमित सुनवाई करते हुए प्राथमिकता के आधार पर पुराने वादों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। विभिन्न आयोगों से संबंधित जांच रिपोर्टों को अनावश्यक रूप से लंबित न रखा जाए तथा उन्हें समयबद्ध तरीके से प्रेषित किया जाए। उन्होंने सभी उप जिलाधिका. रियों को अपनी-अपनी तहसीलों का नियमित निरीक्षण करने के निर्देश देते हुए कहा कि निरीक्षण रिपोर्ट जिला कार्यालय को भी मुहैया कराई जाए तथा निरीक्षण के दौरान सामने आने वाली कमियों को प्राथमिकता के आधार पर दूर किया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि उप जिलाधिकारी सरकारी जमीन के संरक्षक एवं कस्टोडियन हैं, चाहे जमीन किसी भी विभाग या श्रेणी की हो। जिलाधिकारी ने सभी उप जिलाधिकारियों को निर्देशित किया कि खनिज प्रभावित क्षेत्रों में डिग्री स्तर पर अध्ययनरत विद्यार्थियों को वर्तमान आवश्यकताओं के अनुरूप आईटीआर एवं जीएसटी से संबंधित प्रशिक्षण तथा बालिकाओं को कौशल विकास प्रशिक्षण प्रदान किया जाएए ताकि उन्हें रोजगारप. रक दक्षताओं से जोड़ा जा सके। नगर निकायों की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने नगरीय एवं पैरी अर्बन क्षेत्रों में स्वच्छता व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने हेतु राउंड द बलाक स्वच्छता अभियान संचालित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी उपजिला. धिकारी नियमित रूप से स्वच्छता कार्यों की मॉनिटरिंग सुनिश्चित करें। बैठक में जिलाधिकारी ने अपर जिलाधिकारी को निर्देश दिए कि दैवीय आपदा तथा खनिज न्यास से संबंधित पूर्ण हो चुके कार्यों की गुणवत्ता एवं पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए उनकी थर्ड पार्टी जांच कराई जाए। बैठक में अपर जिलाधिकारी प्रशासन विवेक राय, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व सौरभ असवाल समेत सभी उप जिलाधिकारी एवं अन्य अधिकारी जुड़े रहे।

# स्वच्छ भारत मिशन प्रधानमंत्री का ड्रीम प्रोजेक्ट: भगवत प्रसाद मकवाना

## आयोग के उपाध्यक्ष ने सफाई कार्मिकों की समस्याओं की समीक्षा की

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** उपाध्यक्ष राज्य सफाई कर्मचारी आयोग उत्तराखण्ड भगवत प्रसाद मकवाना द्वारा सोमवार को राज्य अतिथि गृह नैनीताल में जनपद के अधिकारियों के साथ बैठक कर नगर निगम हल्द्वानी सहित जिले के समस्त नगर निकाय क्षेत्रों में कार्यरत पर्यावरण मित्रों एवं सफाई कार्मिकों की समस्याओं की विस्तृत समीक्षा की गई। उपाध्यक्ष ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि नगर निकाय क्षेत्रों में कार्यरत सफाई कर्मचारियों की समस्याओं का समय पर समाधान किया जाए। उन्होंने कहा कि स्वच्छ भारत मिशन प्रधानमंत्री जी का ड्रीम प्रोजेक्ट है इसलिए सभी नगर निकाय बोर्ड में सफाई कर्मियों के पदों को बढ़ाए जाने तथा मानदेय में वृद्धि किए जाने संबंधी प्रस्ताव पारित कर शासन को भेजे जाएं। जिन सफाई कर्मियों की सेवा को 10 वर्ष पूर्ण हो चुके हैं, उन्हें उत्तराखण्ड कार्मिक नियमावली के अनुरूप नियमित करने की कार्यवाही की जाए तथा वरिष्ठता के आधार पर सूची तैयार कर सफाई कर्मियों के हित में कार्य किया जाए। मकवाना ने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी सफाई कार्मिकों के हितों के प्रति संवेदनशील हैं और उनके द्वारा अनेक निर्णय लिए गए हैं। सभी अधिकारी शासन के आदेशों का



प्राथमिकता से अनुपालन सुनिश्चित करें। उन्होंने सभी नगर निकाय क्षेत्रों की वाल्मीकि बस्तियों में विकास कार्य कराने तथा सामुदायिक भवनों का निर्माण कराए जाने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि सफाई कर्मियों को समय पर वर्दी एवं सुरक्षा उपकरण देने के साथ ही नियमित स्वास्थ्य परीक्षण कराया जाए। सभी सफाई कर्मचारियों के आयुष्मान एवं गोल्डन कार्ड बनाने हेतु नगर निकायों द्वारा विशेष कैंप लगाए जाएं। मृतक आश्रित नियुक्ति पर संवेदनशीलता बरतने तथा एसीपी का लाभ समय पर दिलाने के निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि सफाई कार्मिकों की आवास संबंधी समस्याओं का भी निस्तारण किया जाए। नैनीताल नगर पालिका क्षेत्र में विगत कई वर्षों से पुराने आवा. सों में रह रहे सफाई कार्मिकों से लिए जा रहे किराए की समस्या पर उपाध्यक्ष ने अपर जिलाधिकारी को जांच कर कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी विभागों से कहा कि सफाई कर्मियों एवं उनके परिजनों को सरकार की योजनाओं से जोड़कर रोजगार के अवसर मुहैया कराए जाएं। बिना कारण किसी भी सफाई कर्मी को सेवा से न हटाया जाए तथा शिक्षित सफाई कर्मचारियों को पदोन्नति का लाभ देने में भी संवेदनशीलता बरती जाए। बैठक में विधायक नैनीताल सरिता आर्य, दायित्वधारी दिनेश आर्य, अपर जिलाधिकारी सौरभ असवाल, एपीडी चंद्रा फर्त्याल सहित नगर निगम हल्द्वानी एवं सभी नगर निकायों के अधिकारी तथा विभिन्न जनप्रतिनिधि विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# कुविवि से जुड़ा एक और नया अध्याय

## पटवाडांगर में मेरू परिसर का हुआ शिलान्यास

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** भारत सरकार की पीएम ऊषा मेरू योजना के तहत प्राप्त अनुदान से राज्य सरकार से पटवाडांगर में स्वीकृत भूमि में दो अकादमिक ब्लॉक के निर्माण के साथ नवीन परिसर का शिलान्यास सोमवार को बतौर मुख्य अतिथि राज्य के उच्च शिक्षा मंत्री डा. धन सिंह

**उत्तराखण्ड को अनुसंधान, नवाचार, स्टार्टअप, आयुष, जैव प्रौद्योगिकी एवं आधुनिक विज्ञान के क्षेत्र में नई पहचान मिलेगी: डा. धन सिंह रावत**

रावत द्वारा किया गया। भूमि पूजन के बाद उत्तराखंड जैव प्रौद्योगिकी परिषद के सभागार में आयोजित मुख्य कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डा. रावत ने कहा कि विश्वविद्यालय का मेरु परिसर शिक्षा प्रदान करने के साथ, उत्तराखण्ड को अनुसंधान, नवाचार, स्टार्टअप, आयुष, जैव प्रौद्योगिकी एवं आधुनिक विज्ञान के क्षेत्र में नई पहचान देगा। विशेष रूप से परिसर में प्रस्तावित



हिमालयी औषधीय पौधों एवं वेलनेस लाइफस्टाइल पर होने वाला कार्य स्थानीय अर्थव्यवस्था, रोजगार एवं वैश्विक शोध के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण सिद्ध होगा।

उन्होंने कहा कि राज्य के विश्वविद्यालयों को मात्र डिग्री देने के स्थान न होकर नवाचार, स्वरोजगार और बहुविषयी शिक्षण और शोध के उन्नत केंद्र बने। इस मौके पर मंत्री द्वारा परिसर में पटवा पौधे के उद्यान का भी लोकार्पण किया। अति विशिष्ट अतिथि स्थानीय विधायक सरिता आर्या ने क्षेत्र के युवाओं के शिक्षा, अनुसंधान और रोजगार की दिशा में परिसर को महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने कुमाऊं विश्वविद्यालय के परिसर विकास हेतु जमीन मुहैया करने हेतु राज्य सरकार का आभार दिया। पूर्व सांसद महेंद्र पाल ने कुमाऊं विश्वविद्यालय के गौरवपूर्ण इतिहास का उल्लेख करते हुए इसके विकास हेतु पटवाडांगर परिसर को बनाए जाने के निर्णय हेतु कुलपति के कार्यकाल की सराहना की।

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. दीवान सिंह रावत ने बताया कि प्रधानमंत्री उच्चतर शिक्षा अभियान (पीएम ऊषा) योजना के अंतर्गत मल्टी डिसिप्लिनरी एजुकेशन एंड रिसर्च यूनिवर्सिटी (मेरु) योजना के तहत देश भर में 26 विश्वविद्यालयों को 100 करोड़ प्रति विश्वविद्यालय अनुदान स्वीकृत किया गया है। इसी योजना में कुलपति प्रो. दीवान सिंह रावत के विशेष प्रयासों से कुमाऊं विश्वविद्यालय को भी 100 करोड़ अनुदान स्वीकृत किया गया है। योजना के तहत 4568.46 लाख के सापेक्ष 2698.5 लाख की स्वीकृत धनराशि से विश्वविद्यालय के नैनीताल एवं भीमताल परिसर में लॉ कालेज, बीएड कालेज, फार्मेसी ब्लॉक, गणित विभाग, योग विभाग, फाइन आर्ट्स, वन विभाग व संगीत विभाग का निर्माण कार्य जारी है। योजना के तहत विश्वविद्यालय में जमीन की पर्याप्त अनुपलब्धता के चलते राज्य सरकार द्वारा विश्वविद्यालय को पटवाडांगर में मेरु परिसर बनाने हेतु 26.4 एकड़ जमीन स्वीकृत की गई। इसी क्रम में प्रथम चरण में पटवाडांगर में दो अकादमिक ब्लॉक के निर्माण हेतु 2623.36 लाख की स्वीकृति के सापेक्ष 888.89 लाख धनराशि जारी किया गया। जिस हेतु छात्र-छात्राओं की आवासीय सुविधा को ध्यान में रखते हुए पटवाडांगर में 40-40 क्षमता वाले बालक एवं बालिका छात्रावासों हेतु 2667.71 लाख की अनुमानित लागत से कार्य प्रस्तावित है। कार्यक्रम में कुलपति प्रो. रावत द्वारा क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों एवं सेवानिवृत शिक्षकों को सम्मानित किया गया। इस मौके पर कई लोग मौजूद रहे। संचालन प्रो. दिव्या उपाध्याय ने किया।

## जश्ने ईद मिलादुन्नबी कमेटी के चुनाव में सैयद समीर अली अध्यक्ष निर्वाचित

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** नगर में जश्ने ईद मिलादुन्नबी कमेटी के रविवार को हुए चुनाव और देर रात्रि तक चली मतगणना के बाद सोमवार को मुख्य चुनाव अधिकारी सैयद काशिफ जाफरी (अधिवक्ता उच्च न्यायालय उत्तराखंड) ने परिणाम घोषित कर दिये हैं। चुनाव में अध्यक्ष पद पर सैयद समीर अली, उपाध्यक्ष पद पर मोहमद कासिम तथा महासचिव पद पर नाजिम बक्श, सचिव पद पर रशीद अहमद तथा कोषाध्यक्ष पद पर मोहम्मद साबिर उर्फ गुड्डू भाई विजयी घोषित किए गए हैं।

# अमनदीप संधू बने डायोसिस ऑफ आगरा के सचिव

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** नगर के प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान शेरवुड कालेज के प्रधानाचार्य अमनदीप संधु को डायोसिस ऑफ आगरा का सचिव नियुक्त किया गया है। उनकी नियुक्ति डायोसिस ऑफ आगरा के बिशप बी के नायक ने कार्यकारी समिति की सिफारिश पर की गई है। अमनदीप संधू का कार्यकाल तीन वर्षों के लिए रहेगा, जो डायोसिस ऑफ आगरा की अगली परिषद तक प्रभावी रहेगा। आवश्यकता पड़ने पर इस कार्यकाल को आगे भी बढ़ाया जा सकता है। अमनदीप संधू की नियुक्ति को शिक्षा एवं धार्मिक संस्थानों के लिए एक



महत्वपूर्ण कामयाबी माना जा रहा है। शिक्षा जगत से जुड़े लोगों और शुभचिंतकों ने उन्हें नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दी हैं। डायोसिस ऑफ आगरा के अंतर्गत 62 स्कूल, चार अस्पताल और चार डिग्री कालेज संचालित किए जाते हैं। इससे पूर्व अभिनाश चंद्र कार्यवाहक सचिव के पद पर आगरा डायोसिस में तैनात थे। सचिव बनाए जाने पर अमनदीप संधु ने कहा कि डायोसिस ऑफ आगरा का सचिव बेहद महत्वपूर्ण पद है। वह जिम्मेदारी के साथ पद की गरीमा और जिम्मेदारी के साथ निर्वहन करेंगे। उन्हें सचिव बनाए जाने पर नगर के कई विद्यालयों के प्रधानाचार्यों और शुभचिंतकों ने बधाई दी है।

# लखनऊ में वकीलों पर लाठीचार्ज का विरोध



**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** लखनऊ हाईकोर्ट परिसर में अधिवक्ताओं पर हुए बर्बर लाठीचार्ज के विरोध में उत्तराखंड की विधिक बिरादरी भी आक्रोशित हो उठी है। इस दमनकारी घटना के विरा. ेध में सोमवार को हाईकोर्ट बार एसोसिएशन नैनीताल के सभागार में एक आपात बैठक आहूत की गई। बैठक की अध्यक्षता हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष डीसीएस रावत ने की। उपस्थित अधिवक्ताओं ने पुलिस की इस कार्रवाई को लो. कतंत्र और न्याय प्रणाली के स्तंभ पर हमला करार देते हुए इसकी तीखे शब्दों में भर्त्सना की। दोषी पुलिसकर्मियों पर कठोर कार्रवाई और निलंबन की उठी मांग। बैठक के दौरान सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित कर लखनऊ में शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे वकीलों पर लाठीचार्ज करने वाले दोषी पुलिसकर्मियों और प्रशासनिक अधिकारियों के खिलाफ तत्काल कठोर दंडात्मक कार्रवाई करने की मांग की गई। वक्ताओं ने कहा कि वकीलों के अधिकारों का हनन किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। बार एसोसिएशन ने उत्तर प्रदेश सरकार से इस मामले की निष्पक्ष जांच कराने और कानून हाथ में लेने वाले दोषी पुलिसकर्मियों को तुरंत सेवा से निलंबित करने का आग्रह किया है। इस महत्वपूर्ण बैठक का संचालन हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के महासचिव सौरव अधिकारी द्वारा किया गया।

## हाईकोर्ट में सरकारी योजनाओं का दोहरा लाभ लिए जाने के मामले में हुई सुनवाई

**नैनीताल।** उत्तराखंड हाईकोर्ट में सोमवार को हिंदू धर्म प्रवर्तित करके कई लोगों के द्वारा ईसाई धर्म अपनाने और सरकारी योजनाओं का दोहरा लाभ लिए जाने के मामले के खिलाफ दायर जनहित याचिका पर सुनवाई हुई। मामले की सुनवाई के बाद मुख्य न्यायधीश मनोज कुमार गुप्ता और न्यायधीश न्यायमूर्ति सुभाष उपाध्याय की खंडपीठ ने याचिकाकर्ता से कहा है कि ऐसे कितने लोग हैं जो धर्म परिवर्तन करके सरकारी योजनाओं का दोहरा लाभ ले रहें है। उनको तीन सप्ताह में पक्षकार बनाएं। कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई तीन सप्ताह बाद की तिथि नियत की है। मामले के अनुसार पिथौरागढ़ निवासी दर्शन लाल ने जनहित याचिका दायर कर कहा है कि उनके वहां कई लोगो के द्वारा हिन्दू धर्म छोड़कर ईसाई धर्म अपना लिया गया है जबकि इनको पहले से ही कई सरकारी योजनाओ का लाभ और आरक्षण मिल रहा था। अब दूसरा धर्म अपनाने पर उसका भी लाभ ले रहे हैं। जिसकी वजह से अन्य लोगो को मिलने वाले सरकारी योजनाओं उन्हें नही मिल पा रहा है। इसलिए इस पर रोक लगाई जाए।

# पटवाडांगर व धनियाकोट के जंगलों में लगी आग

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** दमकल विभाग नैनीताल ने सूचना मिलने पर पटवाडांगर तथा धनियाकोट के जंगलों में लगी आग को बुझाया। घटनास्थल पर पहुँचकर फायर कर्मियों द्वारा देखा गया कि जंगल क्षेत्र में आग तेजी से फैल रही थी जिससे आसपास के वन क्षेत्र को खतरा उत्पन्न हो रहा था। फायर यूनिट द्वारा तत्काल गाड़ी से पंपिंग कर अग्निशमन कार्य प्रारंभ किया गया तथा कड़ी मशक्कत एवं सूझबूझ के साथ आग को पूर्ण रूप से नियंत्रित कर बुझा दिया गया। साथ ही आग को आसपास के क्षेत्र में फैलने से भी रोका गया। उक्त घटना में किसी प्रकार की जनहानि अथवा संपति हानि नहीं हुई। इस दौरान दमकल विभाग के प्रकाश मेर, जय प्रकाश आर्या, आनंद गिरी, किशोर फर्त्याल तथा विवेक थापा आदि मौजूद रहे।

# चेन्नई ने हैदराबाद को 181 रन का टारगेट दिया

## तेज शुरूआत के बाद लड़खड़ाए चेन्नई सुपरकिंग्स के शेर, हैदराबाद के गेंदबाजों ने की कसी हुई गेंदबाजी

■ **ब्रेविस ने 44 रन बनाए, कमिंस को 3 और साकिब को 2 विकेट**



**चेपाक, वार्ता।** आईपीएल सोमवार को चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) ने सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) को 181 रन का टारगेट दिया है। चेन्नई ने चेपाक में टॉस जीतकर 20 ओवर में 7 विकेट पर 181 रन बनाए। चेन्नई की शुरुआत शानदार रही, संजू सैमसन ने सिर्फ 13 गेंदों में 27 रन ठोक दिए।

इसके बाद कार्तिक शर्मा ने 19 गेंदों पर 32 रन की तेज पारी खेली, जबकि डेवाल्ड ब्रेविस ने 27 गेंदों में 44 रन बनाकर पारी को संभाला। अंत में शिवम दूबे ने 26 रन का योगदान दिया। गेंदबाजी में पैट कमिंस सबसे सफल रहे। उन्होंने 4 ओवर में सिर्फ 28 रन देकर 3 बड़े विकेट झटके। साकिब हुसैन ने 2 विकेट लिए, जबकि ईशान मलिंगा और प्रफुल हिंगे को 1-1 सफलता मिली। ईशान मलिंगा ने डेथ ओवर्स में हैदराबाद को बड़ी सफलता दिलाई। शानदार लय में दिख रहे डेवाल्ड ब्रेविस 27 गेंदों में 44 रन बनाकर बोल्ड हो गए। मलिंगा की लेंथ गेंद पिच से तेजी के साथ अंदर आई। ब्रेविस ने उसे लेग साइड में खेलने की को. शिश की, लेकिन गेंद की रफ्तार से चकमा खा गए और स्टंप्स बिखर गए। ब्रेविस ने 2 चौके और 4 छक्कों की मदद से तेज पारी खेली, हालांकि वह अपने अर्धशतक से चूक गए। कमिंस ने अपने स्पेल का शानदार अंत किया। आखिरी ओवर में कुछ रन जरूर गए, लेकिन उन्होंने 4 ओवर में 28 रन देकर 3 बड़े विकेट हासिल किए। 12वें ओवर में कमिंस ने गायकवाड का बड़ा विकेट हासिल कर लिया। कमिंस की शार्ट गेंद पर गायकवाड पुल शाट खेलने गए, लेकिन गेंद बल्ले के निचले हिस्से पर लगी और हवा में चली गई। ईशान मलिंगा ने आसान कैच पूरा किया। गायकवाड 21 गेंदों में सिर्फ 15 रन बनाकर आउट हुए। 10वें ओवर में कमिंस ने एक बार फिर बड़ा विकेट निकालकर हैदराबाद को मैच में मजबूत वापसी दिलाई। कार्तिक शर्मा 19 गेंदों में 32 रन बनाकर आउट हो गए। कमिंस ने 117 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से धीमी बैक-आफ-लेंथ गेंद डाली। कार्तिक ने ऑफ साइड पर बड़ा शाट खेलने की कोशिश की, लेकिन गेंद में पर्याप्त गति नहीं थी। उनका शाट सीधे डीप कवर पर खड़े नीतीश रेढी के हाथों में गया, जिन्होंने दाईं ओर दौड़ते हुए शानदार कैच लपका। कमिंस का मैच में यह दूसरा विकेट रहा। चेन्नई ने 8 ओवर के बाद 79/2 का स्कोर बना लिया है। कार्तिक शर्मा ने प्रफुल हिंगे के ओवर में कार्तिक ने 16 रन बटोर लिए।

## कामी ने माउंट कोमोलांगमा पर 32वीं बार चढ़ाई करके रिकॉर्ड तोड़ा



**काठमांडू, वार्ता।** नेपाल के जाने-माने पर्वतारोही कामी रीता शेरपा ने माउंट कोमोलांगमा पर 32वीं बार चढ़ाई कर दुनिया की सबसे ऊंची चोटी पर सबसे अधिक बार चढ़ने के अपने विश्व रिकॉर्ड और मजबूत कर लिया। नेपाल के पर्यटन विभाग ने रविवार को बताया कि 55 साल के कामी रीता स्थानीय समयानुसार सुबह 10:12 बजे 8,848-86 मीटर ऊंची चोटी पर पहुंचे। विभाग ने कहा कि कोमोलांगमा आधार शिविर में डिपार्टमेंट के फील्ड ऑफिस से मिली जानकारी के आधार पर, यह चढ़ाई 14 पीक्स एक्सपीडिशन के एक ग्रुप को लीड करते हुए पूरी की गई। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार उनके सबसे करीबी कॉम्पिटिटर पासंग दावा शेरपा हैं, जो माउंट कोमोलांगमा की चोटी पर 29 बार पहुंच चुके हैं। कामी रीता ने पहली बार 1994 में दुनिया की सबसे ऊंची चोटी पर चढ़ाई की थी और तब से वे दुनिया भर में पर्वतारोहण करने वाले सबसे मशहूर लोगों में से एक बन गए हैं।

# सूर्यवंशी एक सीजन में सबसे ज्यादा सिक्स लगाने वाले भारतीय

## राहुल ने आईपीएल में 8वीं बार 500 रन पूरे किए, यशस्वी ने टी-20 क्रिकेट में 4 हजार रन पूरे किए

**नई दिल्ली, वार्ता।** दिल्ली कैपिटल्स ने आईपीएल 2026 के 62वें मैच में राजस्थान रायल्स को 5 विकेट से हरा दिया। वैभव सूर्यवंशी एक सीजन में सबसे ज्यादा सिक्स लगाने वाले भारतीय बल्लेबाज बन गए। वहीं, केएल राहुल ने आईपीएल में 8वीं बार 500 रन पूरे किए। यशस्वी जायसवाल ने टी-20 क्रिकेट में अपने 4 हजार रन पूरे किए। राजस्थान के ओपनर वैभव सूर्यवंशी आईपीएल 2026 में 44 छक्के लगा चुके हैं।



वे किसी एक आईपीएल सीजन में सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले भारतीय बल्लेबाज बन गए हैं। उन्होंने सनराइजर्स हैदराबाद के अभिोक शर्मा का 42 छक्कों का रिकार्ड पीछे छोड़ा। वैभव सूर्यवंशी ने इस सीजन तीसरी बार अपनी पहली ही गेंद पर छक्का लगाया। आईपीएल इतिहास में एक सीजन में तीन बार पहली गेंद पर सिक्स लगाने वाले बल्लेबाजों की सूची में अब उनका नाम भी शामिल हो गया है। उनसे पहले शाहरुख खान ने 2023, सुनील नरेन 2025, देवदत्त पडीक्कल 2026 में ऐसा कर चुके हैं। आईपीएल में यह 8वीं बार रहा, जब वैभव ने अपनी पारी की शुरुआत सिक्स से की। राहुल ने आईपीएल में 8वीं बार 500 से ज्यादा रन पूरे किए। वह अब आईपीएल इतिहास में सबसे ज्यादा 500 रन वाले सीजन खेलने वाले बल्लेबाजों की सूची में दूसरे स्थान पर पहुंच गए हैं।

इस मामले में सिर्फ विराट कोहली उनसे आगे हैं। राहुल ने लगातार तीसरे आईपीएल सीजन में 500 रन बनाने वाले बल्लेबाज बन गए। उन्होंने 2024, 2025 और 2026 में यह उपलब्धि हासिल की। इससे पहले राहुल 2018 से 2022 तक लगातार 5 सीजन 500 प्लस रन बना चुके हैं। दिल्ली के बल्लेबाज केएल राहुल ने राजस्थान के खिलाफ एक और बड़ी पारी खेलते हुए आईपीएल में अपना 9वां 50 प्लस स्कोर बनाया। इसके साथ ही वह राजस्थान के खिलाफ सबसे ज्यादा बार 50 या उससे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। उन्होंने एबी डिविलियर्स का रिकार्ड पीछे छोड़ा, जिन्होंने आरआर के खिलाफ 8 बार 50प्लस स्कोर बनाए थे। राहुल ने यह उपलब्धि सिर्फ 19 पारियों में हासिल की। राहुल आईपीएल इतिहास में 50 बार 50 प्लस स्कोर बनाने वाले सिर्फ पां. चवें बल्लेबाज बन गए हैं। इस सूची में विराट कोहली सबसे आगे हैं, जिनके नाम 76 फिफ्टी प्लस स्कोर हैं। राहुल और अभिोक पोरेल ने राजस्थान रायल्स के खिलाफ 105 रन की नाबाद साझेदारी की। दोनों बल्लेबाजों ने शुरुआत से आक्रामक बल्लेबाजी करते हुए दिल्ली को मजबूत स्थिति में पहुंचाया। यह राजस्थान के खिलाफ दिल्ली कैपिटल्स की चौथी 100 प्लस रन की साझेदारी रही। राजस्थान रायल्स के ओपनर यशस्वी जायसवाल ने टी-20 क्रिकेट में 4000 रन पूरे कर लिए।

उन्होंने यह उपलब्धि 129 पारियों में हासिल की। वह सबसे कम पारियों में 4000 रन बनाने वाले भारतीय बल्लेबाजों की सूची में संयुक्त चौथे स्थान पर पहुंच गए हैं। दिल्ली कैपिटल्स के तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क ने राजस्थान रायल्स के खिलाफ शानदार गेंदबाजी करते हुए 4 विकेट झटके। वह आईपीएल में आरआर के खिलाफ 4 विकेट लेने वाले दूसरे दिल्ली तेज गेंदबाज बने। इससे पहले उमेश यादव ने 2013 में इसी मैदान पर 4/24 का स्पेल डाला था। राजस्थान रायल्स के कप्तान रियान पराग ने सिर्फ 23 गेंदों में अर्धशतक पूरा किया। यह उनके आईपीएल करियर की सबसे तेज फिफ्टी रही। उन्होंने 13.2 ओवर में अक्षर पटेल की गेंद पर एक रन लेकर अपना अर्धशतक पूरा किया।

### खेल विशेष

#### भारत मलेशिया मास्टर्स में 26 सदस्यीय टीम उतारेगा

**कुआलालंपुर, वार्ता।** पेरिस 2024 के सेमी-फाइनलिस्ट लक्ष्य सेन मंगलवार को मलेशिया मास्टर्स 2026 बैडमिंटन टूर्नामेंट में खेलने वाली 26 सदस्यों वाली भारतीय टीम में सबसे बड़े आकर्षण होंगे। कुआलालंपुर के स्टेडियम एक्सियाटा एरिना में कल से शुरू होने वाले मलेशिया मास्टर्स से पीवी सिधु के हटने और पिछले हफ्ते थाईलैंड ओपन के फाइनल में जगह बनाने वाले डबल्स स्टार सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी के नहीं खेलने के फैसले के साथ, भारत टूर्नामेंट में अधिकतर युवा टीम उतारेगा। पुरुषों के एकल में, लक्ष्य को आठवीं सीड दी गई है और मेन ड्रॉ में उनके साथ 2023 मलेशिया मास्टर्स चैंपियन एचएस प्रणय, किरण जॉर्ज और थारुन मन्नेपल्ली होंगे। एस शंकर मुथुसामी क्वालिफायर से शुरुआत करेंगे।

#### पहलवान महेंद्र पृथ्वीराज को हराकर 'हिंद केसरी' बने

**कोल्हापुर, सतारा, वार्ता।** महाराष्ट्र के पहलवान महेंद्र गायकवाड़ ने सतारा के छत्रपति शाहू स्टेडियम में हुई दो दिन की 52वीं हिंदी केसरी कुश्ती चैंपियनशिप में पृथ्वीराज मोहोल को हराकर मशहूर 'हिंद केसरी' का खिताब जीता। राजेश्वर प्रतिठान और तालीम संघ ने इस चैंपियनशिप का आयोजन किया। सतारा में पहली बार यह कुश्ती चैंपियनशिप खेली गई। 'हिंद केसरी' खिताब के लिए एक फाइनल कुश्ती मुकाबला कल देर रात 12 बजे के बाद हुआ, जिसमें बहुत कांटे का मुकाबला हुआ जिसमें पृथ्वीराज मोहोल घायल हो गए और आगे खेलने से मना कर दिया। इसी आधार पर, रेफरी ने गायकवाड़ को हिंदी केसरी खिताब का विजेता घोाित किया। महिलाओं के ग्रुप में, काजल दोचक (हरियाणा) ने खुशी दलाल (दिल्ली) को पॉइंट्स के आधार पर हराकर 'महिला हिंदी केसरी' का खिताब जीता।

#### उ. कोरिया ने रिकॉर्ड पांचवां एएफसी अंडर17 एशियन कप खिताब जीता

**सूजौ, वार्ता।** यू जोंग हयांग के चार गोल की मदद से उत्तर कोरिया ने जापान को 5-1 से हराकर एएफजी अंडर17 महिला एशियन कप का खिताब अपने नाम किया। यू ने रविवार को सूजौ स्पोर्ट्स सेंटर स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में 30वें मिनट में स्कोरिग शुरू की, एक क्रॉस को चेस्ट करके गोल किया, जब एक टीममेट का शॉट स्कफ हो गया था। उन्होंने दूसरे हाफ के पांच मिनट बाद जापानी गोलकीपर के ऊपर से लॉब फिनिश करके बढ़त दोगुना कर दिया। जापान ने 53वें मिनट में युमी हयाशी के जरिए एक गोलकर वापसी का प्रयास किया किया, लेकिन यह स्थिति सिर्फ दो मिनट तक ही रही क्योंकि किम वोन सिम ने यू की मदद से उत्तर कोरिया की दो गोल की बढ़त वापस दिला दी।

# एमएस धोनी एनएसजी कमांडो ट्रेनिंग सेंटर पहुंचे

**चेन्नई, वार्ता।** पूर्व भारतीय कप्तान महेंद्र सिंह धोनी चेन्नई में नेशनल सिक्योरिटी गाड्र्स (एनएसजी) के रीजनल हब पहुंचे। यहां उन्होंने सब-मशीनगन चलाई और पिस्टल से निशाना लगाया। 44 साल के धोनी ने कमांडोज और उनके परिवार के साथ समय बिताया। उन्होंने कमांडोज से पूछा- फिट लग रहा हूं न। इस पर जवानों ने कहा- पिछली बार से ज्यादा फिट लग रहे हैं। रविवार को धोनी ने कहा- जैसे-जैसे टाइम बढ़ता है, मेहनत ज्यादा करनी पड़ती है। वे 2023 में भी एनएसजी कैंप में शामिल हो चुके हैं।



धोनी चेन्नई सुपर किंग्स का हिस्सा हैं। हालांकि, वे चोटिल होने के कारण इस सीजन में अब तक एक भी मैच नहीं खेल पाए हैं। आज चेन्नई में सीएसके के आखिरी मैच में उनके खेलने की उम्मीद जताई जा रही है। एमएस धोनी टेरिटोरियल आर्मी में लेफ्टिनेंट कर्नल हैं। वे पैराशूट रेजीमेंट की 106 पैरा टेरिटोरियल आर्मी बटालियन का हिस्सा हैं। उन्होंने कश्मीर में भारतीय सेना के साथ दो हफ्ते की ट्रेनिंग भी की। बाद में उनका बूट पालिश करते हुए फोटो भी सामने आया था। चेन्नई को आज सनराइजर्स हैदराबाद के साथ चेपक स्टेडियम में खेलना है। उम्मीद लगाई जा रही है कि धोनी इसमें खेल सकते हैं।

# भुवनेश्वर ने पर्पल कैप बढ़त मजबूत की

■ **कोहली, राहुल ऑरेंज कैप तालिका में आगे बढ़े**

**धर्मशाला, वार्ता।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 के रॉयल चैलेंजर्स बनाम पंजाब किग्स तथा दिल्ली कैपिटल्स और राजस्थान रॉयल्स के बीच रविवार खेले गए मुक. ाबलों के दौरान जहां भुवनेश्वर कुमार ने पंजाब किग्स के दो विकेट झटक कर पर्पल कैप तालिका में अपनी बढ़त मजबूत कर ली है।



वहीं ऑरेंज कैप सूची में विराट कोहली और केएल राहुल भी आगे बढ़े है। भुवनेश्वर कुमार का पंजाब किग्स के खिलाफ भी विकेट लेने का सिलसिला जारी रहा है और उन्होंने सलामी बल्लेबाज प्रियांश आर्य एवं प्रभसिमरन सिंह को पहले एवं तीसरे ओवर में ही आउट कर दिया। उन्होंने 38 रन देकर दो विकेट लिए। जहां उनकी इस सीजन इकॉनमी 7-70 है तो वहीं इस मैच में उन्होंने 9-50 की इकॉनमी से रन खर्च किए। इन दो विकेटों के साथ उनके इस सीजन 24 विकेट हो गए हैं जो दूसरे स्थान पर मौजूद कगिसो रबाडा से तीन अधिक हैं। इसके अलावा वह चेन्नई सुपर किग्स के अंशुल कम्बोज से पांच विकेट आगे हैं। शाम वाले मैच में जोफ्रा आर्चर ने 35 रन देकर दो विकेट लिए और बेहतरीन वापसी की। आर्चर 17 विकेट के साथ चौथे स्थान पर आ गए हैं। चार अन्य गेंदबाजो के नाम 16 विकेट हैं। ऑरेंज कैप सूची में आरसीबी के विराट कोहली ने 37 गेंदों में 58 रनों की पारी खेली और कूपर कॉनली ने भी 22 गेंदों में 37 रन बनाए।

दोनों ने बल्लेबाजों पंजाब किग्स के खिलाफ टीम की जीत में अहम योगदान दिया। कोहली के इस सीजन 542 रन हो चुके हैं और वह शीर्ा दो पर मौजूद गुजरात टाइटंस के सलामी बल्लेबाज साई सुदर्शन (554 रन) और शुभमन गिल (552 रन) के करीब आ गए हैं। कॉनली के अब 473 रन हैं और वह आठवें स्थान पर हैं। दिन के दूसरे मैच में दिल्ली कैपिटल्स ने राजस्थान रॉयल्स को हराया जिसमें वैभव सूर्यवंशी ने 21 गेंदों में 46 रनों की पारी खेली और केएल राहुल ने 42 गेंदों में 56 रन बनाए। इस पारी के साथ ही राहुल ने सनराइजर्स हैदराबाद के हाइनरिक क्लासन को पांचवें स्थान पर धकेल दिया और खुद 533 रनों के साथ चौथे स्थान पर आ गए हैं। 486 रनों के साथ सूर्यवंशी छठे स्थान पर हैं।

# महवश ने चहल संग रिश्ते की अफवाहों पर तोड़ी चुप्पी

**नई दिल्ली, वार्ता।** एक्ट्रेस और कंटेंट क्रिएटर आरजे महवश ने क्रिकेटर युजवेंद्र चहल के साथ अपने रिश्ते को लेकर चल रही अफवाहों पर रिएक्शन दिया। महवश ने कहा कि उनके और चहल के बीच सिर्फ दोस्ती थी। हाल ही में दोनों ने इंस्टाग्राम पर एक-दूसरे को अनफालो किया था, जिसके बाद चर्चाएं तेज हो गईं। इस पर महवश ने पिंकविला को दिए इंटरव्यू में कहा, श्लोगों का यह है ना कि चीजों को बहुत बड़ा बना देते हैं।

इतनी कोई बड़ी बात नहीं होती, जब आप खुद उस चीज से गुजर रहे होते हो। दोस्तों में बहस हो गई, अनफालो हो गया और बात खत्म। इसमें इतनी बड़ी बात है ही नहीं। उन्होंने कहा कि जिन दोस्तों के साथ आपने छोटी-छोटी बातों पर हंसते हुए वक्त बिताया हो, उनके लिए दिल में बैर नहीं रखना चाहिए।

**सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय, अल्मोड़ा, उत्तराखण्ड**

पत्रांक: SSJU/सु0/2025-26/1263 दिनांक: 18-05-2026

**सुरक्षा कर्मियों हेतु निविदा विज्ञप्ति (2026-27)**

विश्वविद्यालय प्रशासनिक भवन, कुलपति आवास एवं विश्वविद्यालय के समस्त परिसरों में लगभग 95 सुरक्षाकर्मी (जो आवश्यकतानुसार घटाये बढ़ाये जा सकते हैं) (सुपरवाइजर, अकुशल, अर्द्धकुशल व उच्च कुशल सुरक्षाकर्मी / मैनपावर) की आवश्यकता है। जिस हेतु अनुभवी एवं मान्यता प्राप्त पंजीकृत सुरक्षा एजेंसियों से संलग्न नियम शर्तानुसार मुहरबंद पंजीकृत निविदा दिनांक: 02.06.2026 के सांय 04:00 बजे तक कुलसचिव कार्यालय, सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय, अल्मोड़ा में आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र का मूल्य रु0 5000.00 (रु0 पांच हजार मात्र) होगा, जो वित्त अधिकारी, सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय, अल्मोड़ा के नाम से देय होगा। निविदा शर्ते एवं प्रपत्रों को विश्वविद्यालय की आधिकारिक वैबसाइट www.ssju.ac.in से डाउनलोड किया जा सकता है।

कुलसचिव

**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता**
**पी.एम.जी.एस.वाई.**
**सिंचाई खण्ड चिन्यालीसौड़ उत्तरकाशी।**
प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना
Tele Phone No- 01371-237093
Fax No- 01371-237093
Emai ID:- eepmgsyidchinyallsaur@rediffmail.com

पत्रांक:- 344/पी0एम0जी0एस0वाई0/सिं0ख0/चि0सौड़, दिनांक: 18 मई, 2026

**PMGSY द्वारा निर्मित खालसी गांव मोटर मार्ग के किमी0 12.00 से गढ़वालगाड मोटर मार्ग से क्षतिग्रस्त मणि-बरोल के सिंवाणी तोक में सिंचाई नहर का पुर्ननिर्माण कार्य की निविदा**

महामहिम राज्यपाल महोदय उत्तराखण्ड राज्य की ओर से उत्तराखण्ड पी0एम0जी0एस0वाई0 सिंचाई खण्ड चिन्यालीसौड़ में अधोहस्ताक्षरी के द्वारा विभागीय निम्न कार्य के सम्पादन हेतु कोटेशन निविदा दिनांक 01/06/2026 को अपरान्ह 03:00 बजे तक आंमत्रित की जाती है यह कोटेशन निविदा अधोहस्ताक्षरी द्वारा उसी दिन सांय 03:30 बजे उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेगी। उक्त तिथि को अवकाश रहने की स्थिति में कोटेशन निविदा अगले कार्य दिवस में खोली जायेंगी।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | निविदा प्रपत्र का मूल्य | धरोहर धनराशि | निविदा की वैधता | कार्य समाप्त करने की अवधि | ठेकेदार की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | PMGSY द्वारा निर्मित खालसी गांव मोटर मार्ग के किमी0 12.00 से गढ़वालगाड मोटर मार्ग से क्षतिग्रस्त मणि-बरोल के सिंवाणी तोक में सिचाई नहर का पुर्ननिर्माण कार्य। | 500.00 + G.S.T. 18% | 11525.00 | 45 दिन | 02 माह | लो0नि0वि0 में श्रेणी डी एवं उच्चतर |

**शर्ते**-निविदा से, सम्बन्धित समस्त अन्य शर्ते कार्यालय दिवस में कार्यालय में देखी जा सकती है।

**अधिशासी अभियन्ता**
**पी.एम.जी.एस.वाई. सिंचाई खण्ड**
**चिन्यालीसौड़, उत्तरकाशी।**

## पुलिस उपाधीक्षक रूड़की नताशा सिंह का ट्रांसफर होने पर भावभीनी विदाई

# कुशल व्यवहार व कानून को हमेशा दी तवज्जो : एसएसपी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** रूडकी पुलिस उपाधीक्षक नताशा सिंह के सीआईडी देहरादून स्थानांतरण होने पर पुलिस कार्यालय रोशनाबाद में विदाई समारोह आयोजित किया गया।

जानकारी के अनुसार इस अवसर पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हरिद्वार नवनीत सिंह द्वारा डीएसपी नताशा सिंह को स्मृति चिह्न भेंट कर उनके उत्कृष्ट कार्यकाल, अनुशासित कार्यशैली एवं जनसेवा के प्रति समर्पण की सराहना की गई। एसएसपी नवनीत सिंह ने कहा कि नताशा सिंह ने अपने कार्यकाल के दौरान टीम भावना, संवेदनशील पुलिसिंग एवं प्रभावी नेतृत्व का परिचय देते हुए विभागीय कार्यों को कुशलतापूर्वक संपादित किया। उनके योगदान को सदैव याद रखा जाएगा। एसएसपी ने कहा कि बतौर डीएसपी नताशा सिंह ने अपनी डयूटी को पूरी ईमानदारी जिम्मेदारी के साथ निभाया। कभी अपने कर्तव्यों से नहीं डिगी। कानून को सर्वोपरि मानकर इंसाफ किया। हमेशा पीडितों की हिमायत की ओर अपराधियों के खिलाफ अभियान चलाया। नताशा सिंह की कार्यकुशलता व कुशल व्यवहार जनता व पुलिस विभाग के बीच हमेशा याद किया जायेगा। विदाई समारोह में एसपी देहात शेखर चंद्र सुयाल, एसपी सिटी अभय सिंह, एसपी क्राईम निशा यादव व अन्य अधिकारी एवं पुलिसकर्मी उपस्थित रहे तथा सभी ने उनके उज्ज्वल भविष्य एवं नई जिम्मेदारी के सफल निर्वहन हेतु शुभकामनाएं दीं।



डीएसपी नताशा सिंह का स्थानांतरण होने पर विदाई समारोह के दौरान प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित करते एसएसपी नवनीत सिंह

**❖नताशा सिंह अब बतौर डिप्टी एसपी सीआईडी देहरादून में देंगी अपनी सेवाएं**



डीएसपी नताशा सिंह का स्थानांतरण होने पर उपहार देकर विदाई देते एसपी देहात शेखर चंद्र सुयाल, एसपी सिटी अभय सिंह, एसपी क्राईम निशा यादव व अन्य अधिकारी

## सड़क हादसे में दो युवकों की मौत के मामले में मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झबरेड़ा।** झबरेड़ा थाना क्षेत्र के अंतर्गत साबतवाली गांव के मुख्य गेट के पास एक दर्दनाक सड़क हादसे में दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई थी। उक्त मामले में तहरीर मिलने पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है।

ग्राम बेहेड़ेकी सैदाबाद निवासी साधुराम के दो पुत्र, रितीक और गौरव, 14 मई को शाम 5 बजे झबरेड़ा से अपना जरूरी काम निपटाकर मोटरसाइकिल से वापस अपने गांव लौट रहे थे। जैसे ही वे साबतवाली मेन गेट के पास पहुंचे, तभी इकबालपुर की ओर से आ रहे एक ट्रक के चालक ने तेज रफ्तार और लापरवाही से वाहन चलाते हुए गलत दिशा में आकर उनकी मोटरसाइकिल को जोरदार टक्कर मार दी थी। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों भाई सड़क पर गिर गए और गंभीर चोटें आने के कारण दोनों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई थी। मृतकों के पिता साधुराम की तहरीर पर पुलिस ने आरोपित ट्रक चालक के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है।

## फुरकान विधायक ने पाडली में किया इंटरलॉकिंग सड़क व नाला निर्माण का उद्घाटन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिरान कलियर।** कलियर विधानसभा क्षेत्र के पाडली तेलीवाला में विधायक फुरकान अहमद ने राज्य योजना के तहत बनने वाली इंटरलॉकिंग टाइल सड़क और नाला निर्माण कार्य का फीता काटकर उद्घाटन किया। इस दौरान क्षेत्रवासियों ने विधायक का स्वागत कर विकास कार्यों पर खुशी जताई।

सोमवार को पिरान कलियर विधानसभा के पाडली तेलीवाला में पनियाला रोड से नई मस्जिद तक इंटरलॉकिंग टाइल सड़क तथा वाजिद के मकान से सत्तार के मकान तक नाला निर्माण का कार्य कराया जाएगा। विधायक फुरकान अहमद ने कहा कि सड़क और नाले के निर्माण से स्थानीय लोगों को आवागमन और जल निकासी की समस्या से राहत मिलेगी।उन्होंने कहा कि क्षेत्र में विकास कार्यों को प्राथमिकता देना उनकी प्रतिबद्धता है और वह लगातार जनता के बीच रहकर बुनियादी सुविधाओं को बेहतर बनाने के प्रयास कर रहे हैं। इस दौरान फुरकान ठेकेदार ,लियाकत, असलम



चेयरमैन, इनाम मुखिया, आबिद, दानिश सभासद,वसीम सभासद,एडवोकेट सबदर, राशिद ठेकेदार,मुकर्रम ठेकेदार आदि मौजूद रहे।

## गंभीर बीमार युवक ने गंगनहर में लगाई छलांग, तलाश जारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिरान कलियर।** गम्भीर बीमारी से जूझ रहे एक युवक ने मेहवड़-कलियर के बीच गंगनहर में छलांग लगा दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जल पुलिस और गोताखोरों की टीम के साथ युवक की तलाश शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार कासगंज अलीगढ़ उत्तर प्रदेश निवासी हेम सिंह (32) पिछले कुछ समय से किडनी की गंभीर बीमारी से ग्रसित था। वह अपने भाई ओम शंकर के साथ बाइक से उपचार के लिए ऋषिकेश एम्स जा रहा था। बताया गया कि मेहवड़-कलियर के बीच निर्माणाधीन पुल के पास पहुंचने पर हेम सिंह ने भाई से टॉयलेट जाने की बात कहकर बाइक रुकवाई और इसी दौरान उसने अचानक गंगनहर में छलांग लगा दी। भाई ओम शंकर ने शोर मचाते हुए उसे बचाने का प्रयास किया। लेकिन तेज बहाव के चलते युवक देखते ही देखते पानी में डुबकर लापता हो गया। सूचना मिलने पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और जल पुलिस व गोताखोरों की मदद से सर्च अभियान शुरू कराया।कोतवाली प्रभारी निरीक्षक कमल मोहन भंडारी ने बताया कि गंगनहर में डूबकर लापता हुए युवक की तलाश की जा रही है।

## अघोषित बिजली कटौती व पानी की समस्या को लेकर सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिरान कलियर।** पिरान कलियर में लगातार बढ़ रही अघोषित बिजली कटौती और पानी की समस्या को लेकर समाजवादी अंबेडकर वाहिनी के राष्ट्रीय सचिव मौसम अली ने रुड़की अधीक्षण अभियंता को ज्ञापन सौंपकर शीघ्र समाधान की मांग की है। मौसम अली ने ऊर्जा निगम के रुड़की अधीक्षण अभियंता को दिए गए ज्ञापन में कहा गया कि कलियर में प्रतिदिन देश-विदेश से हजारों जायरीन जियारत और दर्शन के लिए पहुंचते हैं लेकिन क्षेत्र इन दिनों अघोषित बिजली कटौती के कारण पानी के गंभीर संकट से जूझ रहा है। आरोप लगाया गया कि बिना पूर्व सूचना के घंटों बिजली कटौती की जा रही है जिससे आम जनजीवन पूरी तरह प्रभावित हो रहा है।भीषण गर्मी के बीच लगातार हो रही बिजली कटौती के कारण पेयजल आपूर्ति भी बाधित हो रही है। बिजली न होने से नलकूप संचालित नही हो पा रहे हैं जिससे स्थानीय लोगों और जायरीनों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।मौसम अली ने कहा कि बिजली संकट का सबसे अधिक असर बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों पर पड़ रहा है। बच्चों की पढ़ाई और लोगों की रात की नींद प्रभावित हो रही है। वहीं स्थानीय व्यापार और छोटे उद्योगों पर भी इसका प्रतिकूल असर पड़ रहा है।उन्होंने प्रशासन से मांग की गई कि ऊर्जा निगम के अधिकारियों को निर्देशित कर पिरान कलियर में बिजली और पानी की आपूर्ति सुचारु कराई जाए। साथ ही कहा कि यदि जल्द समाधान नही हुआ तो स्थानीय लोगों और जायरीनों में रोष बढ़ सकता है।इस अवसर पर हाजी खालिद,शाहरुख,उसामा आदि मौजूद रहें।

## 50 साल पुराना मोहनपुरा रेलवे ओवरब्रिज अंधेरे में डूबा, प्रशासन ने नहीं ली सुध

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** हरिद्वार-दिल्ली मार्ग को जोड़ने वाला मोहनपुरा रेलवे ओवरब्रिज इन दिनों पूरी तरह अंधेरे के साए में है। करीब 50 साल पुराने इस महत्वपूर्ण पुल पर आज तक समुचित स्ट्रीट लाइटों की व्यवस्था नहीं हो सकी है, जिसके चलते राहगीरों और वाहन चालकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। शाम ढलते ही पुल पर घना अंधेरा छा जाता है और हर दिन सड़क दुर्घटनाओं का खतरा बना रहता है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि पुल पर लाइटें न होने के कारण रात के समय आवाजाही करना बेहद जोखिम भरा हो गया है। कई बार अंधेरे की वजह से हादसे हो चुके हैं, लेकिन इसके बावजूद संबंधित विभाग और प्रशासन इस गंभीर समस्या को लेकर पूरी तरह उदासीन बना हुआ है। क्षेत्रवासियों ने आरोप लगाया कि राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण और संबंधित अधिकारियों को कई बार इस समस्या से अवगत कराया गया, लेकिन आज तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। लोगों का कहना है कि यह पुल हरिद्वार-दिल्ली मार्ग पर आने-जाने वाले हजारों लोगों के लिए बेहद महत्वपूर्ण मार्ग है, बावजूद इसके यहां मूलभूत सुविधाओं का अभाव बना हुआ है। मामले को लेकर वरिष्ठ कांग्रेस नेता उदय सिंह पुंडीर ने भाजपा सरकार और प्रशासन पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि प्रदेश में भाजपा की सरकार है और नगर निगम में भी भाजपा का बोर्ड होने के बावजूद जनता मूलभूत सुविधाओं के लिए परेशान है। उन्होंने कहा कि जब सरकार एक महत्वपूर्ण रेलवे ओवरब्रिज पर तक लाइटें नहीं लगवा पा रही है तो विकास के बड़े-बड़े दावे जनता को गुमराह करने के अलावा कुछ नहीं हैं। उदय सिंह पुंडीर ने कहा कि मोहनपुरा रेलवे ओवरब्रिज हरिद्वार-दिल्ली मार्ग का अहम पुल है, जहां हर दिन हजारों वाहन गुजरते हैं, लेकिन पुल पर अंधेरा होने के कारण लोगों की जान जोखिम में बनी हुई है। उन्होंने प्रशासन से तत्काल पुल पर स्ट्रीट लाइटें लगाने की मांग करते हुए कहा कि यदि जल्द व्यवस्था दुरुस्त नहीं हुई तो क्षेत्रवासी आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

## मई माह से ही लगातार बढ़ रहा भीषण गर्मी और लू का प्रकोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झबरेड़ा।** मई का महीना आधा बीतते ही झबरेड़ा कस्बे सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में सूरज के तेवर तल्ख हो गए हैं। क्षेत्र में भीषण गर्मी और लू का प्रकोप लगातार बढ़ता जा रहा है, जिससे आम जनजीवन पूरी तरह अस्त-व्यस्त हो गया है। दोपहर के समय तापमान 43 डिग्री के पार पहुँचने के कारण सड़कों पर सन्नाटा पसर जाता है।

सुबह 9 बजे से ही धूप इतनी तेज हो जाती है कि लोगों का घरों से निकलना दूभर हो रहा है। दोपहर 12 बजे से शाम 4 बजे तक झबरेड़ा के मुख्य बाजारों, बस स्टैंड और ग्रामीण रास्तों पर अघोषित कर्फ्यू जैसा नजारा देखने को मिल रहा है। बेहद जरूरी काम होने पर ही लोग पूरे बदन और चेहरे को ढककर बाहर निकल रहे हैं। भीषण गर्मी के बीच झबरेड़ा के देहाती इलाकों जैसे बेहेड़ेकी सैदाबाद, साबतवाली, कोटवाल आलमपुर, सढोली,खड़खड़ी दयाला ,खजूरी, डेलना आदि में कभी-कभी अघोषित बिजली कटौती ने ग्रामीणों की मुसीबत दोगुनी कर दी है। एक तरफ जहाँ चिलचिलाती धूप और उमस है, वहीं दूसरी तरफ घंटों बिजली गुल रहने से लोग रात में भी सो नहीं पाते हैं। तेज धूप और गर्म हवाओं के कारण फसलों को बार-बार पानी देना पड़ रहा है, जिससे भूजल स्तर नीचे जा रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों में दुधारू पशुओं के लिए चारे और पानी का संकट खड़ा हो गया है, जिससे दूध उत्पादन पर भी असर पड़ रहा है। गर्मी का सीधा असर लोगों के स्वास्थ्य पर पड़ रहा है।

सरकारी व निजी अस्पतालों में उल्टी, दस्त, डिहाइड्रेशन व हीट स्ट्रोक के मरीजों की संख्या में तेजी से हुआ इजाफा-स्थानीय सरकारी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चिकित्सक तारीक के अनुसार, इन दिनों सरकारी और निजी अस्पतालों में उल्टी, दस्त, डिहाइड्रेशन और हीट स्ट्रोक के मरीजों की संख्या में तेजी से इजाफा हुआ है। डॉक्टरों ने विशेषकर बच्चों और बुजुर्गों को धूप से बचने की सलाह दी है। चिकित्सकों ने सलाह दी है कि बिना वजह दोपहर में बाहर न निकलें। यदि बाहर जाना जरूरी हो, तो सिर ढककर निकलें और साथ में पानी की बोतल जरूर रखें। नीबू पानी, ओआरएस का घोल और मौसमी फलों का सेवन अधिक से अधिक करें। तापमान में और बढ़ोतरी दर्ज की जा सकती है।

## दुष्कर्म मामले में फरार आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिरान कलियर।** दुष्कर्म के मामले में फरार चल रहे एक आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। जबकि अन्य आरोपियों की तलाश की जारी है। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक कमल मोहन भंडारी ने बताया कि 13 मई को हरियाणा निवासी एक महिला ने तहरीर देकर आरोप लगाया था कि एक महिला समेत तीन तीन लोगों ने आपसी षड्यंत्र के तहत उसे डरा-धमकाकर एक कमरे में ले जाकर दुष्कर्म किया और जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता की शिकायत के आधार पर पुलिस ने एक महिला समेत तीन आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया था। आरोपियों की तलाश में पुलिस टीम गठित कर दी गई थी। शनिवार को फरार आरोपी जोगेंद्र निवासी मोहनपुरा रुड़की को नगला इमरती फ्लाईओवर के पास से गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया है। फरार अन्य आरोपियों की तलाश जारी है।

## ड्रिंक ड्राइव में गाड़ी सीज

**पिरान कलियर।** पुलिस मुख्यालय उत्तराखण्ड द्वारा चलाये जा रहे प्रहार अभियान के तहत वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हरिद्वार के निर्देशानुसार असामाजिक तत्वों एवं संदिग्ध व्यक्तियों के विरूद्ध कार्यवाही किये जाने के क्रम में दिनांक 18.05.26 को कोतवाली पिरान कलियर पुलिस द्वारा नया पुल के पास एक आल्टो कार को चैक किया गया जिसको वाहन चालक धीरज पुत्र हुकम सिंह निवासी कलाली थाना नहटौर जिला बिजनौर चला रहा था, नशे में प्रतीत होने पर एल्कोमीटर से चौक करने पर चालक के द्वारा शराब पीने की पुष्टि हुई, जिस पर मोटर वाहन अधिनियम के तहत गाड़ी चालक को हिरासत में लिया गया

### खोया पाया-सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आई०पी० का मूल विकय विलेख पत्र कमांक 5515 दिनांक 27.05.2019 मौजा भगवानपुर जदीद मु० जिसका खसरा संख्या 269म रकबई 76.67 वर्गमीटर जो कि उप-निबंधक कार्यालय रूडकी भगवानपुर में दर्ज है उक्त विकय पत्र का ONLINE PUBLIC DATA ENTRY SUMMARY का द्वितीय पेज वास्तव में दिनांक 12.03.2026 ई० को भगवानपुर तहसील में ही कहीं खो गया है। जिसका प्रयोग किसी अन्य का अवैध होगा।

गजेंद्र सिंह पुत्र बुद्ध सिंह निवासी भगवानपुर परगना व तहसील भगवानपुर जिला हरिद्वार।

## धूमधाम से मनाया एलायंस क्लब्स ने स्थापना दिवस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** एसोसिएशन ऑफ एलायंस क्लब्स इंटरनेशनल, डिस्ट्रिक्ट द्वारा 10वां स्थापना दिवस बड़ उत्साह और गरिमामय वातावरण में मनाया गया। कार्यक्रम में वर्ष 2026-27 के लिए नई डिस्ट्रिक्ट गवर्नर के रूप में अनीता गुप्ता ने विधिवत कार्यभार ग्रहण किया। समारोह में इंटरनेशनल चेयरमैन डॉ. वी.वी. शास्त्री ने मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित होकर नवगठित टीम को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि सामाजिक सेवा के क्षेत्र में एलायंस क्लब्स की भूमिका सदैव सराहनीय रही है और आने वाले समय में भी संस्था समाज सेवा के नए आयाम स्थापित करेगी। विशिष्ट अतिथि उत्तराखंड सरकार में कैबिनेट मंत्री एवं रुड़की के विधायक प्रदीप बत्रा ने संस्था द्वारा किए जा रहे सामाजिक कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि एलायंस क्लब्स समाज सेवा, स्वास्थ्य, शिक्षा और जनकल्याण के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है। इस अवसर पर अनेक प्रतिष्ठित सामाजिक कार्यकर्ताओं और गणमान्य नागरिकों ने भी सहभागिता की। नवनियुक्त डिस्ट्रिक्ट गवर्नर अनीता गुप्ता ने सभी अतिथियों और सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए समाज सेवा के क्षेत्र में मिलकर कार्य करने का संकल्प दोहराया। उन्होंने आगामी वर्ष में किए जाने वाले कार्यों की रूपरेखा प्रस्तुत की। अतिथियों का स्वागत रितु अग्रवाल और मीनू प्रधान व सोनिया आहूजा ने पटका पहनाकर किया। कार्यक्रम का संचालन दिलीप प्रधान और नरेंद्र आहूजा ने संयुक्त रूप से किया।कार्यक्रम में देश के विभिन्न हिस्सों से आए पदाधिकारियों जिनमें पीआईपी डॉ. अनिल गुप्ता, पीआईपी डॉ. जुगल मित्तल, सीनियर वीपी डॉ. एस.पी. सिंगर, आईडी डॉ. सुधीर गोयल, आईए इंद्र कुमार वर्मा, पीडीजी राधाकुमार गोयल, पीडीजी एम.एस. राणा, वीडीजी-एक अंकुश ओहरी, वीडीजी-दो अमित चौहान आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ। इस अवसर पर अजय कंसल, नरेंद्र आहूजा, एके दादू, तृप्ति कंसल, सुरभि भार्गव, रितु अग्रवाल, अशोक कुमार गोयल, राजीव गोयल, दिनेश सिंह पंवार, प्राची गोयल आदि मौजूद रहे।

### उत्तराखण्ड मदरसा शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष मुफ्ती शमून कासमी ने किया ग्राम बंदरजूड का दौरा

# हलाला पीड़िता के परिवार से मुलाकात कर जाना हालचाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** उत्तराखण्ड मदरसा शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष मुफ्ती शमून कघसमी ने आज जनपद हरिद्वार के ग्राम बंदरजूड का दौरा किया, जहाँ उन्होंने उत्तराखण्ड में समान नागरिक संहिता के अंतर्गत दर्ज हलाला के प्रथम प्रकरण से संबंधित पीड़िता के परिवारजनों से भेंट कर उनका हालचाल जाना तथा उन्हें न्यायिक प्रक्रिया में पूर्ण सहयोग एवं संवैधानिक अधिकारों के प्रति आश्वस्त किया।

इस अवसर पर मुफ्ती शमून कघसमी ने कहा कि उत्तराखण्ड में लागू समान नागरिक संहिता महिलाओं की गरिमा, समानता और न्याय सुनिश्चित करने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है। उन्होंने उत्तराखण्ड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की सराहना करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री धामी ने साहसिक नेतृत्व का परिचय देते हुए समाज में व्याप्त कुप्रथाओं के विरुद्ध प्रभावी कदम उठाया है।

उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि "समान नागरिक संहिता इस्लाम विरोधी नहीं है। इस्लाम महिलाओं को सम्मान, सुरक्षा, न्याय और गरिमा प्रदान करने की शिक्षा देता है। हलाला तथा तत्काल तीन तलाक जैसी कुप्रथाएँ महिलाओं के सम्मान और अधिकारों के प्रतिकूल हैं। मुख्यमंत्री धामी ने महिलाओं की सुरक्षा और सामाजिक समानता के लिए जो कदम उठाया है, वह सराहनीय एवं ऐतिहासिक है। मुफ्ती शमून कघसमी ने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी राष्ट्रहित, सामाजिक समरसता और संवैधानिक आदर्शों को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री धामी का नेतृत्व युवा, ऊर्जावान, पारदर्शी और जनकल्याणकारी नेतृत्व का प्रतीक है तथा उनके नेतृत्व में उत्तराखण्ड विकास, सुशासन और सामाजिक न्याय के नए आयाम स्थापित कर रहा है। मुफ्ती शमून कघसमी ने कहा कि उत्तराखण्ड सरकार द्वारा लागू की गई समान नागरिक संहिता संविधान की भावना के अनुरूप है और इसका उद्देश्य सभी नागरिकों के लिए समान अधिकार एवं समान न्याय सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा कि समाज को धर्म के नाम पर चल रही कुप्रथाओं और शोषणकारी प्रथाओं के विरुद्ध एकजुट होकर कार्य करना चाहिए। कघसमी ने कहा कि मुख्यमंत्री धामी ने केवल एक कानून लागू नहीं किया, बल्कि समाज में व्याप्त अन्याय, भेदभाव और कुप्रथाओं के विरुद्ध एक व्यापक सामाजिक जागरण का कार्य किया है। दौरे के दौरान स्थानीय ग्रामीणों एवं सामाजिक प्रतिनिधियों ने भी माननीय अध्यक्ष महोदय का स्वागत किया तथा क्षेत्रीय सामाजिक एवं शैक्षिक मुद्दों पर चर्चा की। मुफ्ती शमून कासमी ने ग्रामीणों से सामाजिक सद्भाव, शिक्षा और महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड सामाजिक सुधार, महिला सम्मान और संवैधानिक मूल्यों की दिशा में एक नए युग की शुरुआत कर रहा है तथा राज्य सरकार के प्रयास देश के लिए प्रेरणास्रोत बन सकते हैं। बाद में राज्यमंत्री शमून कासमी ने अंतरराष्ट्रीय शायर अफजल मंगलोरी को उत्तराखंड के मुख्यमंत्री द्वारा सम्मानित किए जाने पर उनके रुड़की आवास पहुँच कर बधाई दी और उनका अभिनन्दन किया।इस अवसर पर उत्तराखंड नागरिक सम्मान समिति के सचिव सलमान फरीदी, इमरान देशभक्त, सयैद नफिसुल हसन ,बिटन त्यागी आदि मौजूद रहे।



## 10 साल से फरार लंढौरा बवाल के दो मुख्य वारंटी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लंढौरा।** 10 साल से लंढौरा बवाल के फरार चल रहे दो मुख्य आरोपियों को पुलिस ने ऑपरेशन प्रहार के तहत गिरफ्तार कर लिया। बाद जमानत के दोनों आरोपी न्यायालय से फरार चल रहे थे। बाद पुछताछ के पुलिस ने दोनों वारंटीयों को न्यायालय में पेश कर दिया है।

1 जून 2016 को लंढौरा में दुकान खाली कराने को लेकर धार्मिक किताब की बेअदबी की अफवाह के बाद एक समुदाय के लोगों ने पूर्व विधायक कुंवर प्रणव सिंह चौंपियन के आवास रंगमहल में घुसकर तोड़-फोड़ व वाहनों में आगजनी की थी। विवाद इतना बढ़ा था कि बवालियों ने लंढौरा चौकी में तोड़-फोड़ करने के साथ साथ पुलिसकर्मियों के वाहनों को भी आग के हवाले कर दिया था। उपद्रव में पुलिसकर्मी समेत स्थानीय लोग घायल हो गए थे। पुलिस ने वीडियो व आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे की रिकार्डिंग की जांच के आधार पर 62 लोगों के खिलाफ चार्जशीट लगाकर कोर्ट में आरोप पत्र दाखिल किया था। मामले में बाद जमानत के फरार चल रहे दो मुख्य आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। इंस्पेक्टर भगवान सिंह मेहर ने बताया कि 10 साल से फरार लंढौरा बवाल के जाहिद पुत्र कल्लू प्रधान निवासी कासमपुर थाना पथरी तथा कुर्बान पुत्र महबूब निवासी ग्राम बुढाहेड़ी थाना पथरी जनपद हरिद्वार के खिलाफ कोर्ट से गैर जमानती वारंट जारी होने के बाद दोनों को रविवार देर रात मुखबिर की सूचना पर गिरफ्तार कर लिया गया बाद पुछताछ के दोनों को न्यायालय में पेश किया गया है।

# परीक्षा में सुधार जरूरी

नीट पेपर लीक केस में सरकार एक्शन मोड में दिख रही है और वह इस मामले में ताबड़तोड़ गिरफ्तारी कर रही है। लेकिन अगर लीक होने से पहले ही इसका पता चल जाता, तो बेहतर होता। क्योंकि विपक्ष सरकार पर हमलावर हो रहा है और कह रहा है कि सरकार ने युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर दिया है। विपक्ष का यह आरोप सही भी है, क्योंकि आज के युवा ही कल के भारत के कर्णधार हैं। अगर हर साल ऐसा ही होता रहा, तो अधिकतर विद्यार्थी प्रतियोगी परीक्षा ही छोड़ देंगे। अगर ऐसा हुआ, तो सरकार अधिकारी कहां से लाएगी। इसलिए सरकार को इस बात पर गंभीर मंथन करना चाहिए और ऐसी नीति बनानी चाहिए कि पेपर लीक ही न हों। हालांकि सरकार ने सोमवार को 10वीं गिरफ्तारी कर ली है और सीबीआई ने महाराष्ट्र के लातूर से केमिस्ट्री कोचिंग डायरेक्टर शिवराज रघुनाथ मोटेगांवकर को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों के अनुसार रविवार को सीबीआई की तलाशी के दौरान रघुनाथ के मोबाइल से नीट यूजी का लीक पेपर बरामद हुआ। सरकार को अब और मजबूती के साथ प्रतियोगी परीक्षाएं करवानी होंगी। नीट जैसी परीक्षाओं में पेपर लीक और धांधली रोकने के लिए एन्क्रिप्टेड डिजिटल पेपर लागू करनी चाहिए, जिसमें परीक्षा से कुछ मिनट पहले ही केंद्र पर पासवर्ड के जरिए पेपर प्रिंट हों। इसके अलावा एआई आधारित सीसीटीवी मॉनिटरिंग और बायोमेट्रिक वेरिफिकेशन जैसे कदम बहुत जरूरी हैं। प्रश्न पत्रों को ब्लॉकचेन तकनीक और एन्क्रिप्शन के जरिए डिजिटल लॉक किया जाए। कंप्यूटर-बेस्ड टेस्टिंग मोड या हाइब्रिड मॉडल को बढ़ावा दिया जाए, जिससे शारीरिक रूप से पेपर ले जाने की आवश्यकता न पड़े। पेपर लीक करने वालों के खिलाफ सार्वजनिक परीक्षा (अनुचित साधनों की रोकथाम) अधिनियम के तहत सख्त सजा (10 साल तक की कैद और भारी जुर्माना) सुनिश्चित की जाए। पेपर ले जाने वाले सभी वाहनों की लाइव जीपीएस ट्रैकिंग हो और वे पुलिस सुरक्षा में रहें। डबल-लॉक सिस्टम वाले स्ट्रांग-रूम में पेपर रखे जाएं और सीसीटीवी कैमरों की सीधी निगरानी केंद्रीय कंट्रोल रूम से हो। बायोमेट्रिक फिंगर प्रिंट्स, आइरिस स्कैन (आँखों की स्कैनिंग) और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से लैस सीसीटीवी का उपयोग हो, ताकि सॉल्वर गैंग या मुन्ना भाई जैसे फर्जी उम्मीदवारों को पकड़ा जा सके। परीक्षा केंद्रों के आवंटन में लॉटरी सिस्टम अपनाया जाए और कोचिंग संस्थानों से जुड़े केंद्रों को बाहर रखा जाए। एक स्वतंत्र और केंद्रीय निगरानी संस्था का गठन किया जाए, जो परीक्षा के हर चरण (पेपर सेटिंग से लेकर रिजल्ट तक) की ऑडिट कर सके और परीक्षा प्रक्रिया में इंसानी दखल को कम से कम करके पूरी तरह से स्वचालित और केंद्रीकृत व्यवस्था बनाई जाए, ताकि ऐसी परीक्षाओं में सुधार हो सके। इस बात से असहमत नहीं हुआ जा सकता कि अगर हर साल ऐसा ही होता रहा, तो अधिकतर विद्यार्थी प्रतियोगी परीक्षा ही छोड़ देंगे, उनका भविष्य खराब होगा।

# तेल से लेकर महंगाई तक की बढ़ेगी मार

ईरान युद्ध की वजह से दुनिया में ऊर्जा संकट लगातार बढ़ता जा रहा है। यह संकट एक नए और ज्यादा खतरनाक दौर में पहुंचता दिख रहा है। दुनिया के करीब 80 देशों ने अपनी अर्थव्यवस्था को बचाने के लिए इमरजेंसी कदम उठाने शुरू कर दिए हैं। सबसे बड़ी चिंता होर्मुज स्ट्रेट को लेकर है, जहां से तेल और गैस की सप्लाई अभी भी पूरी तरह सामान्य नहीं हो पाई है। फाइनेंशियल टाइम्स ने अपनी रिपोर्ट में इसे लेकर चेतावनी दी है। फाइनेंशियल टाइम्स के मुताबिक, एक्सपर्ट्स का कहना है कि अगर जल्द हालात नहीं सुधरे तो कच्चे तेल की कीमतों में फिर भारी उछाल आ सकता है।



फंड मैनेजमेंट कंपनी एबरडीन के मुख्य अर्थशास्त्री पाल डिगल ने कहा कि उनकी टीम ऐसे हालात पर नजर रख रही है, जिसमें ब्रेंट क्रूड आयल 180 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच सकता है। अगर ऐसा हुआ तो कई देशों में महंगाई तेजी से बढ़ेगी और मंदी का खतरा पैदा हो जाएगा। उन्होंने कहा कि दुनिया फिलहाल उधार के समय पर चल रही है। गर्मी का मौसम शुरू होने के कारण एयर कंडीशनर का इस्तेमाल और हवाई यात्राएं बढ़ रही हैं। इससे पेट्रोल, डीजल, जेट फ्यूल और कच्चे तेल की मांग तेजी से बढ़ रही है। दूसरी तरफ दुनिया भर में तेल का भंडार रिकॉर्ड स्तर पर तेजी से घट रहा है। आस्ट्रेलिया ने ईंधन और खाद के भंडार बढ़ाने के लिए 10 अरब डॉलर खर्च करने का फैसला किया है। फ्रांस ने कहा है कि वह अपनी अर्थव्यवस्था को बचाने के लिए मदद का दायरा और बढ़ाएगा। वहीं भारत ने लोगों से अपील की है कि वे सोना कम खरीदें और विदेश यात्राओं से बचें, ताकि देश का विदेशी मुद्रा भंडार सुरक्षित रहे।

### पांच शर्तों की वजह से अमेरिका-ईरान में नहीं बन रही बात

ईरान और अमेरिका के बीच तनाव अभी भी कम नहीं हुआ है। युद्धविराम के बाद दोनों देश फिर से शांति वार्ता शुरू करने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन दोनों ने एक-दूसरे के सामने सख्त शर्तें रख दी हैं। ईरान की फर्स न्यूज एजेंसी के मुताबिक, अमेरिका ने ईरान के सामने पांच बड़ी मांगें रखी हैं। अमेरिका चाहता है कि ईरान अपने पास मौजूद 400 किलो हाई-एनरिच्ड यूरेनियम सौंप दे। अमेरिका का कहना है कि ईरान सिर्फ एक न्यूक्लियर फैसिलिटी चालू रखे और बाकी परमाणु गतिविधियों को सीमित करे। रिपोर्ट में कहा गया है कि अमेरिका युद्ध में हुए नुकसान का कोई मुआवजा नहीं देगा। इसके अलावा अमेरिका ईरान की विदेशों में जमा पूरी रकम भी वापस करने के लिए तैयार नहीं है। अमेरिका 25: से भी कम राशि जारी करना चाहता है। अमेरिका की एक और शर्त यह है कि बातचीत के दौरान क्षेत्र में सैन्य गतिविधियां कम की जाएं और आगे की कार्रवाई बातचीत की प्रगति के हिसाब से तय हो। इसके जवाब में ईरान ने भी अपनी पांच शर्तें रख दी हैं। ईरान ने कहा है कि वह तभी बातचीत करेगा जब पूरे क्षेत्र में सैन्य कार्रवाई बंद होगी। खासतौर पर लेबनान में चल रही सैन्य गतिविधियां खत्म करनी होंगी। ईरान ने अमेरिका से सभी आर्थिक प्रतिबंध हटाने की मांग की है।

अंतर्राष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी यानी आईईए के मुताबिक, मार्च के अंत तक 55 देशों ने इमरजेंसी कदम उठाए थे, लेकिन अब यह संख्या बढ़कर 76 हो गई है। एक्सपर्ट का कहना है कि अगर आने वाले कुछ हफ्तों में युद्ध खत्म नहीं हुआ और होर्मुज स्ट्रेट पूरी तरह नहीं खुला, तो दुनिया मंदी की तरफ जा सकती है। यूरोपीय संघ के ट्रांसपोर्ट कमिश्नर अपोस्टोलोस त्जित्जिकोस्तास ने भी कहा कि हालात खतरनाक होते जा रहे हैं। आईईए के मुताबिक मार्च से जून के बीच दुनिया में तेल की खपत उत्पादन से करीब 60 लाख बैरल प्रतिदिन ज्यादा रही है। कुछ एक्सपर्ट्स का कहना है कि यह कमी 80 से 90 लाख बैरल प्रतिदिन तक हो सकती है। इस कमी को पूरा करने के लिए सरकारें और कंपनियां अपने पुराने तेल भंडार तेजी से इस्तेमाल कर रही हैं। युद्ध शुरू होने के बाद से दुनिया के तेल भंडार में करीब 38 करोड़ बैरल की कमी आ चुकी है। सरकारें अपने इमरजेंसी रिजर्व से रोज 20 लाख बैरल से ज्यादा तेल बाजार में भेज रही हैं, लेकिन यह व्यवस्था जुलाई तक खत्म हो सकती है। अगर हालात और बिगड़े तो कई देशों में पेट्रोल-डीजल की राशनिंग शुरू हो सकती है। फैक्ट्रियां बंद हो सकती हैं और सप्लाई चेन पर बड़ा असर पड़ सकता है। फिलहाल ब्रेंट क्रूड की कीमत 105 डॉलर प्रति बैरल से ऊपर चल रही है। लेकिन एक्सपर्ट्स का कहना है कि मांग कम करने के लिए कीमतों का और ज्यादा बढ़ना पड़ सकता है। पाकिस्तान, श्रीलंका और फिलीपींस जैसे देशों में पहले से ईंधन संकट दिखने लगा है। इन देशों ने अस्थायी तौर पर चार दिन का वर्किंग वीक लागू किया है। सबसे ज्यादा असर पेट्रोकेमिकल और एविएशन सेक्टर पर पड़ रहा है। कई रिफाइनरी कंपनियां महंगा तेल खरीदने से बच रही हैं और पुराने स्टाक का इस्तेमाल कर रही हैं। उन्हें उम्मीद है कि युद्ध जल्द खत्म होगा। हालांकि कुछ अर्थशास्त्रियों को उम्मीद है कि आने वाले समय में तेल की सप्लाई सुधर सकती है और कीमतें फिर 100 डॉलर प्रति बैरल से नीचे आ सकती हैं। लेकिन अगर तेल 150 डॉलर प्रति बैरल से ऊपर गया, तो दुनिया को भारी महंगाई, सप्लाई संकट और मंदी का सामना करना पड़ सकता है।

## श्रीमुख से...

### अराजकता के विरुद्ध सख्त हो जाना चाहिए



सरकारों को ऐसा कुछ नहीं करना चाहिए, जिससे संकीर्ण राजनीति, धार्मिक भेदभाव या जातीय द्वेष का आरोप लगे, भारत की दुनिया भर में अच्छी और अनोखी मानवतावादी पहचान बाबा साहेब डा. भीमराव अम्बेडकर के संविधान से है, जो पूरी तरह धर्मनिरपेक्षता के सिद्धांत पर आधारित है। संविधान सभी धर्मों के लोगों को एक-समान आदर-सम्मान, जान-माल और मजहब की आजादी की सुरक्षा सुनिश्चित करता है, उच्च न्यायालय के निर्देशों के बाद सरकारों को अराजकता के विरुद्ध सख्त हो जाना चाहिए, ताकि किसी भी सरकार पर संकीर्ण राजनीति, धार्मिक भेदभाव, जातीय द्वेष व पक्षपात का दोष न लगे। यह अति-चिंता की बात होनी चाहिए, जनहित में बनाए गए कानूनों का अनुपालन सभी धर्मों के लोगों पर एक समान रूप से होना चाहिए,संविधान और कानून की मान-मर्यादा बनाए रखना जरूरी है।

**सुश्री मायावती, अध्यक्ष बहुजन समाज पार्टी**

## अपने विचार रखें...

**शाह टाइम्स अपने पाठकों के साथ ही वरिष्ठ स्तंभकारों, लेखकों को सम्पादकीय पेज हेतु आलेख अथवा जनमानस से जुड़े मुद्दों पर अपनी राय भेजने के लिए आमंत्रित करता है, सम्पादकीय पेज पर प्रकाशित किसी भी लेख से सम्पादक अथवा संस्थान का सहमत होना आवश्यक नहीं है, यह लेखक के अपने निजी विचार होते हैं।**

**फीचर डेस्क, शाह टाइम्स**

**पत्राचार: सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड मुजफ्फरनगर-251003**

**E-mail: Dainikshahtimes@gmail.com**

# केरलम: सतीशन ने वेणुगोपाल को पछाड़ा

केरलम के नए मुख्यमंत्री की रेस में सतीशन के अलावा वरिष्ठ नेता के। सी। वेणुगोपाल और रमेश चेन्निथला भी शामिल थे, लेकिन लगातार मंथन के बाद सतीशन के नाम पर मुहर लगी। चुनाव परिणाम आने के बाद से ही सहयोगी दलों ने खुलकर सतीशन का समर्थन किया था। उन्हें पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ-साथ इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग और केरल कांग्रेस (जोसेफ) जैसे सहयोगी दलों का भी समर्थन था। दोनों दल खुलकर सतीशन के समर्थन में थीं। मुख्यमंत्री की रेस में वेणुगोपाल को पीछे छोड़ने वाले सतीशन केरलम कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और प्रख्यात वकील भी हैं। वकालत की दुनिया से सक्रिय राजनीति में आए सतीशन के बारे में कहा जाता है कि वह अपने कार्यकर्ताओं के बीच खासे लोकप्रिय हैं। वह जमीनी स्तर पर काम करने के लिए जाने जाते हैं। वह एर्नाकुलम जिले की परावुर विधानसभा सीट से विधायक हैं। साल 2001 में वह परावुर सीट से पहली बार विजयी हुए थे। इसके बाद से वह इस सीट पर लगातार अजेय बने रहे। सतीशन ने 2001 में पहली जीत हासिल करने के बाद 2006, 2011, और 2016 में भी जीत हासिल की। फिर 2021 के चुनाव में विजय हासिल करने हुए जीत का पंजा लगाया। 2026 में उन्होंने इस सीट पर अपनी छठी सीट पर जीत दर्ज कराई। शुरुआत में परावुर सीट नार्थ परावुर सीट हुआ करती थी। हालांकि वह स्कूली जीवन से ही छात्र राजनीति में आ गए थे और लगातार सक्रिय रहे। वह MG यूनिवर्सिटी यूनियन के चेयरमैन रहे, जो कांग्रेस की युवा शाखा, केरल स्टूडेंट्स यूनियन का प्रतिनिधित्व करती है। बाद में वे कांग्रेस की राष्ट्रीय छात्र शाखा छैन के सचिव बने। वह मजदूर नेता भी रहे। वे कोचीन के औद्योगिक क्षेत्र में एक दर्जन से अधिक श्रमिक संघों के अध्यक्ष रहे हैं। कांग्रेस के अंदर उनकी सक्रियता भी लगातार बनी रही। सथीसन केरल प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी सदस्य होने के अलावा अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सदस्य और कांग्रेस विधायक दल के व्हिप भी रहे हैं। सतीशन को किताबों का भी शौक है। वह प्रकृति प्रेमी भी हैं और उन्हें ट्रेकिंग करना भी पसंद हैं। उन्होंने अपनी स्कूली शिक्षा नेटूर और पनांगड से पूरी की, जबकि आगे कालेज की पढ़ाई कोचीन और तिरुवनंतपुरम से पूरी की। भावी मुख्यमंत्री ने अपनी डिग्री स्तर की पढ़ाई एर्नाकुलम के थेवारा स्थित सेक्रेड हार्ट कालेज से हासिल की, फिर उन्होंने राजगिरी कालेज ऑफ़ सोशल साइंसेज से सोशल सर्विस में पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा किया। इसके बाद वह तिरुवनंतपुरम आ गए और ला एकेडमी से स्स्ठ की डिग्री हासिल ली फिर यहीं पर गवर्नमेंट ला कालेज से स्स्ड भी पूरा किया। वे एक बेहतरीन वक्ता हैं और उन्होंने केरल विधानसभा में कई अहम मुद्दे उठाए हैं। चुनाव हलफनामे के अनुसार, एडवोकेट सतीशन के पास 6।7 करोड़ रुपये की संपत्ति है जबकि उन पर 41।5 लाख रुपये की देनदारी भी है। उन्होंने अपनी वार्षिक आय 2।8 लाख रुपये बताई है। हलफनामे के अनुसार उनके खिलाफ 18 लंबित आपराधिक मामले हैं, जिनमें से 7 मामले गंभीर प्रकृति के हैं। केरल के मुख्यमंत्री के नाम को चुनने में देरी पर पीएम मोदी के बयानों पर कांग्रेस नेता रमेश चेन्निथला ने जवाब दिया है। चेन्निथला ने पीएम मोदी को याद दिलाया कि बीजेपी ने खुद दिल्ली में सीएम चुनने में 50 दिन लगाए थे। उन्होंने कांग्रेस को लोकतांत्रिक बताया और कहा कि बीजेपी में हाई कमान ही सभी फैसले लेता है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता रमेश चेन्निथला ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि ऐसा लगता है कि पीएम मोदी को दिल्ली में अपनी ही पार्टी के में हुई देरी लीडरशिप चुनने के इतिहास को लेकर शायद याददाश्त चली गई है। केरल के मुख्यमंत्री के चुनने में हो रही देरी को लेकर पीएम के तंज का उन्होंने जवाब दिया। चेन्निथला ने कहा कि भाजपा ने खुद दिल्ली में अपने मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार को चुनने में 50 दिनों की देरी की थी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस अपनी पार्टी के कामकाज में एक पूरी तरह से लोकतांत्रिक प्रक्रिया का पालन करती है। कांग्रेस में किसी तरह की 'तानाशाही' व्यवस्था के लिए कोई जगह नहीं है। इसके विपरीत भाजपा में पीएम मोदी और अमित शाह ही पार्टी के सभी फैसले लेते हैं। चेन्निथला ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को याद रखना चाहिए कि दिल्ली में मुख्यमंत्री के नाम का ऐलान करने में उन्हें 50 दिन लगे थे। अब जाकर मुझे एहसास हुआ है कि पीएम मोदी की याददाश्त शायद कमजोर हो गई है।



# चीन यात्रा को लेकर खुलकर नहीं बोल पा रहे हैं डोनाल्ड ट्रम्प

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प अपनी तीन दिवसीय चीन के दौरे को लेकर अब तक खुलकर नहीं बोल रहे हैं। ट्रम्प जब तीन दिन के चीन दौरे पर रवाना हो रहे थे, तब उनकी हालत देखकर चीन के लोगों को माओत्से तुंग की बात याद आ रही थी। बात सितम्बर 1958 की है। ताइवान पर कब्जा करने के लिए चीन ने हमला किया था और अमेरिका ने ताइवान की मदद के लिए अपनी नौसेना का बेड़ा साउथ चाइना सी में उतार दिया था।

उस वक्त माओत्से तुंग ने कहा था कि अगर अमेरिका ने अपनी आक्रामक और युद्धकारी नीतियां जारी रखीं, तो वो दिन दूर नहीं, पूरी दुनिया उसे सूली पर लटका देगी और अमेरिका के सहयोगियों का भी यही अंजाम होगा। दरअसल, चीन दौरे से पहले ट्रम्प का हाल कुछ ऐसा ही था। ईरान युद्ध में अमेरिका अकेला फंसा था। सहयोगी देशों ने पल्ला झाड़ लिया था और ऐसे में ट्रम्प को चीन की याद आई। तीन दिन तक ट्रम्प, उनकी कैबिनेट के तीन बड़े मंत्री और 30 अमेरिकी उद्योगपति बीजिंग में मीटिंग, चैटिंग और ईटिंग करते रहे। कैपिटल एयरपोर्ट पर उस दिन अमेरिकी राष्ट्रपति रिचर्ड निक्सन का विमान लैंड कर चुका था। चीन के प्रधानमंत्री चाउ एनलाई राष्ट्रपति निक्सन और फर्स्ट लेडी पैट्रिसिया निक्सन का स्वागत करने के लिए एयरपोर्ट पर मौजूद थे। ग्लोबल डिप्लोमेसी के लिए वो ऐतिहासिक दिन था, क्योंकि दुनिया के सबसे बड़े पूंजीवादी देश अमेरिका ने कम्युनिस्ट चीन के लिए अपने दरवाजे खोल दिए थे। राष्ट्रपति निक्सन का चीन दौरा सामान्य नहीं था। ये मजबूरी का दौरा था। अमेरिका 17 साल से वियतनाम युद्ध में फंसा हुआ था। राष्ट्रपति निक्सन वियतनाम युद्ध से बाहर निकलना चाहते थे और उन्हें अच्छी तरह मालूम था कि चीन की मदद के बिना वियतनाम युद्ध खत्म नहीं हो सकता। ये बात उन्होंने चीन की यात्रा पर जाने का ऐलान करने से पहले ही कबूल कर ली थी। राष्ट्रपति निक्सन को चीन से मदद चाहिए थी, इसलिए अमेरिका से चीन की उड़ान भरते समय वो पूरे रास्ते कूटनीतिक सौदे की लिस्ट बनाते रहे कि चीन को बदले में क्या दिया जा सकता है? कम्युनिस्ट चीन उस समय अमेरिका और पश्चिम देशों के लिए अछूत था। अमेरिका ने चीन को मान्यता तक नहीं दी थी।



चीन की आर्थिक हालत खराब थी। राष्ट्रपति निक्सन ने कम्युनिस्ट चीन को आर्थिक मदद और पूंजी निवेश का भरोसा दिया। साथ ही चीन का भरोसा जीतने के लिए वो वहां की जनता, संस्कृति और इतिहास का बखान करते रहे। अमेरिका और चीन के रिश्तों का वर्तमान एक बार फिर अतीत की दहलीज पर खड़ा था। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प लगभग रिचर्ड निक्सन वाले हालात में ही चीन के दौरे पर पहुंचे। निक्सन को वियतनाम युद्ध के दलदल से बाहर निकलना था, तो ट्रम्प ईरान युद्ध में बुरी तरह फंसे हुए थे। होर्मुज स्ट्रेट बंद करके ईरान अपनी शर्तों पर समझौता करने की जिद पर अड़ा था। राष्ट्रपति ट्रम्प को मालूम था कि ईरान का मसला चीन को साथ लिए बिना नहीं सुलझने वाला। हालांकि ट्रम्प का लहजा चीन पर एहसान लादने जैसा ही था। याद कीजिए कि चीन दौरे पर रवाना होने से पहले उन्होंने क्या कहा था। ट्रम्प ने कहा था कि ईरान के पीछे चीन खड़ा है। युद्ध में ट्रम्प के इकलौते पार्टनर इजरायल के राष्ट्रपति बेंजामिन नेतन्याहू भी उसी दिन ये बता चुके थे कि ईरान की अकड़ के पीछे असली ताकत चीन की ही है। राष्ट्रपति ट्रम्प के चीन दौरे के एजेंडा में ईरान युद्ध और होर्मुज पहले नंबर पर था। सवाल सिर्फ ये था कि ईरान पर चीन से दबाव डलवाना है, तो बदले में ट्रम्प चीन को क्या दे सकते हैं? इस सवाल का जवाब किसी के पास नहीं था। राष्ट्रपति ट्रम्प के पास भी नहीं, लिहाजा उन्होंने चीन की तारीफों के पुल बांधने शुरू कर दिए। ईरान के मसले पर ट्रम्प को चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने मायूस कर दिया। उन्होंने ईरान को कोई संदेश देने के बजाय सिर्फ इतना कहा कि होर्मुज स्ट्रेट से गुजरने वाले जहाजों से टोल नहीं वसूला जाना चाहिए और ना ही फारस की खाड़ी को जंग का मैदान बनाना चाहिए। चीन का इशारा अमेरिका की ओर ही था, जिसकी नौसेना ने ईरान की समुद्री नाकाबंदी कर रखी है। राष्ट्रपति ट्रम्प ईरान और चीन की जिस रणनीतिक दोस्ती को खत्म कराना चाहते हैं, उस दोस्ती का जन्म ही ट्रम्प की वजह से हुआ। ये सिलसिला ट्रम्प के पहले कार्यकाल में शुरू हुआ। राष्ट्रपति ट्रम्प ने ईरान के साथ परमाणु समझौता रद्द कर दिया था। ईरान पर अमेरिकी प्रतिबंधों की मार बढ़ती जा रही थी। उस वक्त ट्रम्प को उनके सलाहकारों ने बताया कि ईरान का 80 प्रतिशत तेल चीन ही खरीद रहा है।

लिहाजा ट्रम्प ने चीन पर दबाव बनाना शुरू कर दिया कि वो ईरान से तेल खरीदना बंद कर दे। खबर थी कि अमेरिका से टकराव टालने के लिए चीन ऐसा करने के बारे में सोच रहा है। लेकिन, दो महीने बाद ही जुलाई 2019 में राष्ट्रपति ट्रम्प ने चीन की सरकारी तेल कंपनियों पर पाबंदी लगाने का एलान कर दिया। ट्रम्प सरकार के इसी फैसले ने चीन को उकसा दिया। इसके बाद चीन को अमेरिका की दादागीरी बर्दाश्त नहीं थी।



नॉर्वे। ओस्लो पहुंचने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का स्वागत करते हुए।

## एफआरआरओ से जुड़े शेल्टर होम से चार अफ्रीकी महिलाएं फरार

**बेंगलुरु।** विदेशी नागरिकों के लिए यहां बने सरकारी निगरानी वाले शेल्टर होम में रह रही चार अफ्रीकी महिलाओं के खिड़की तोड़कर परिसर से भाग जाने का मामला सामने आया है। पुलिस ने सोमवार को बताया कि यह घटना 11 मई को तड़के तीन बजे से सुबह छह बजे के बीच उत्तरी बेंगलुरु के डोड्डागुब्बी में 'न्यू अर्क मिशन ऑफ इंडिया' संचालित 'होम ऑफ होप' शेल्टर होम की है और एक सप्ताह बीत जाने के बाद भी उन चारों अफ्रीकी महिलाओं का कोई पता नहीं चला है। रिपोर्टों के मुताबिक ये महिलाएं क्षेत्रीय विदेशी पंजीयन कार्यालय की देखरेख और निर्देशों के तहत वहां रह रही थीं। शेल्टर होम के मैनेजर श्रीनिवास एन की दर्ज कराई शिकायत के अनुसार, इस संस्थान में 22 पुरुषों और 18 महिलाओं सहित कुल 40 विदेशी नागरिक रह रहे थे।

# भारत-स्वीडन के बीच संबंधों को नई ऊर्जा और गति मिलेगी: मोदी

## दोनों देशों के बीच सुरक्षा, आर्थिक, प्रौद्योगिकी और नवाचार सहित छह क्षेत्रों में हुए समझौते

**गोथेनबर्ग ( स्वीडन )।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि भारत और स्वीडन के बीच सुरक्षा, आर्थिक, प्रौद्योगिकी और नवाचार सहित छह क्षेत्रों में हुए समझौतों और घोषणाओं से भारत-स्वीडन संबंधों को नई ऊर्जा और गति मिलेगी। स्वीडन की यात्रा पर गए मोदी ने रविवार देर रात स्वीडन के प्रधानमंत्री उल्फ क्रिस्टर्सन के साथ द्विपक्षीय वार्ता की जिसके बाद दोनों देशों ने छह क्षेत्रों में सहयोग की घोषणा और समझौते किए।

मोदी ने सोमवार को सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में विश्वास व्यक्त किया कि भारत-स्वीडन साझेदारी एक अधिक समृद्ध और भविष्य-दृष्टि संपन्न विश्व के निर्माण में सार्थक योगदान देगी। उन्होंने कहा कि ये समझौते भारत-स्वीडन संबंधों को नई ऊर्जा और गति प्रदान करेंगे। मुझे विश्वास है कि भारत-स्वीडन साझेदारी एक अधिक समृद्ध



■ मुझे विश्वास है कि भारत व स्वीडन साझेदारी एक अधिक समृद्ध और भविष्य-दृष्टि संपन्न विश्व के निर्माण में सार्थक योगदान देगी: पीएम

और भविष्य-दृष्टि संपन्न विश्व के निर्माण में सार्थक योगदान देगी। इन समझौतों और घोषणाओं के तहत दोनों देशों ने अपने संबंधों को रणनीतिक साझेदारी के स्तर तक ले जाने का निर्णय लिया है। इसके अंतर्गत स्थिरता और सुरक्षा के लिए दोनों देश रणनीतिक संवाद करेंगे। उनके बीच अगली पीढ़ी की आर्थिक साझेदारी होगी। प्रौद्योगिकी के क्षेत्र और लोगों के बीच सहयोग को बल मिलेगा। दोनों देशों ने भारत-स्वीडन संयुक्त नवाचार भागीदारी 2-0 शुरू करने का भी निर्णय लिया है। भारत और स्वीडन संयुक्त रूप से प्रौद्योगिकी और कृत्रिम बुद्धिमत्ता कॉरिडोर का विकास करेंगे। उन्होंने अगले पांच वर्षों में द्विपक्षीय व्यापार और निवेश को दोगुना करने पर सहमति व्यक्त की है। स्टार्ट अप और नवाचार को बढ़ावा देने के लिए उन्होंने भारत-स्वीडन एसएमई और स्टार्ट अप प्लेटफार्म के विकास की भी घोषणा की। दोनों देशों ने विकास भी विरासत श्रृंखला के तहत टैगोर-स्वीडन व्याख्यान भी शुरू करने का निर्णय लिया। प्रधानमंत्री ने यूरोपीय उद्योग गोलमेज सम्मेलन में भारत की सुधारोन्मुख विकास यात्रा पर प्रकाश डाला और बताया कि यह अवसंरचना, नवाचार, प्रौद्योगिकी सहित अनेक क्षेत्रों में नए अवसर प्रदान कर रही है।

## ट्रम्प ने चीन से 17 अरब डॉलर के वार्षिक कृषि उत्पाद खरीदने का वादा किया

**वाशिंगटन।** अमेरिका और चीन ने एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं जिसके तहत चीन ने अगले तीन वर्षों तक प्रतिवर्ष कम से कम 17 अरब अमेरिकी डॉलर मूल्य के अमेरिकी कृषि उत्पाद खरीदने की प्रतिबद्धता जताई है। यह अक्टूबर 2025 में की गई सोयाबीन संबंधी पूर्व प्रतिबद्धताओं के अतिरिक्त है। व्यापार के अलावा यह समझौता दो नए द्विपक्षीय तंत्रों, अमेरिका-चीन व्यापार बोर्ड और अमेरिका-चीन निवेश बोर्ड की स्थापना भी करता है, जिनका उद्देश्य राष्ट्रपति ट्रम्प की चीन यात्रा के बाद आर्थिक समन्वय को मजबूत करना है। दोनों पक्षों ने ईरान, उत्तर कोरिया और होर्मुज जलडमरूमध्य सहित प्रमुख भू-राजनीतिक मुद्दों पर भी सहमति के संकेत दिए हैं।

## राजनाथ वियतनाम और कोरिया की यात्रा पर रवाना

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह रणनीतिक सैन्य सहयोग को गहरा करने, रक्षा औद्योगिक साझेदारियों को मजबूत करने तथा समुद्री सहयोग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सोमवार को वियतनाम और दक्षिण कोरिया की यात्रा पर रवाना हुए। रक्षा मंत्रालय ने आज बताया कि सिंह 18 से 19 मई तक वियतनाम की आधिकारिक यात्रा पर जाएंगे, जिसके बाद वह 19 से 21 मई तक दक्षिण कोरिया की यात्रा करेंगे। सिंह ने दोनों देशों की यात्रा पर रवाना होने से पहले सोशल मीडिया में एक पोस्ट में दोनों एशियाई देशों की यात्रा को लेकर उत्साह व्यक्त किया ताकि द्विपक्षीय सहभागिता के दायरे का और विस्तार किया जा सके। उन्होंने कहा कि इस दौरान मुख्य ध्यान रणनीतिक सैन्य सहयोग को गहरा करने, रक्षा औद्योगिक साझेदारियों को मजबूत करने तथा समुद्री सहयोग को बढ़ावा देने पर होगा, जिससे हिंद-प्रशांत क्षेत्र में शांति और स्थिरता को प्रोत्साहन मिलेगा। रक्षा मंत्री की वियतनाम यात्रा दोनों देशों के बीच व्यापक रणनीतिक साझेदारी के 10 वर्ष पूर्ण होने का प्रतीक है, जिसे पांच से सात मई तक वियतनाम के राष्ट्रपति की भारत यात्रा के दौरान उन्नत व्यापक रणनीतिक साझेदारी में परिवर्तित किया गया था।

# होर्मुज स्ट्रेट बंद होने से कतर का गैस निर्यात ठप

## इकोनॉमी 8.6 प्रतिशत गिर सकती है, होर्मुज स्ट्रेट से ही होता है भारत का सबसे ज्यादा एलपीजी आयात

**दोहा।** कतर फारस की खाड़ी में मौजूद एक छोटा-सा रेगिस्तानी देश था, जहां ज्यादातर लोग मोती निकालने और समुद्र से जुड़े छोटे-मोटे कारोबार पर निर्भर थे। फिर प्राकृतिक गैस ने इस देश की किस्मत पूरी तरह बदल दी। कतर ने 90 के दशक में बड़े पैमाने पर एलएनजी यानी लिक्विफाइट नैचुरल गैस बनाकर उसे होर्मुज स्ट्रेट के जरिए दुनियाभर में भेजना शुरू किया। इससे उसे हर साल अरबों डालर की कमाई होने लगी। सिर्फ 30 साल में वह दुनिया के सबसे अमीर देशों में शामिल हो गया, लेकिन 28 फरवरी के बाद अचानक सब बदल गया। जंग शुरू होने के बाद होर्मुज स्ट्रेट बंद हो गया और कतर की दुनिया तक पहुंच लगभग कट गई है।

युद्ध और तनाव की खबरों ने पर्यटन और कारोबार पर भी असर डाला है। इससे देश में मंदी का खतरा बढ़ गया है। भारत भी कतर से भारी मात्रा में प्राकृतिक गैस खरीदता है। अलग-अलग रिपोर्टों के मुताबिक, भारत की कुल एलएनजी आयात का करीब 40 प्रतिशत से 47 प्रतिशत हिस्सा कतर से आया है। कतर में 1971 में नार्थ फील्ड नाम का विशाल गैस भंडार मिला था। इसे दुनिया के सबसे बड़े प्राकृतिक गैस भंडारों में गिना जाता है। तब दुनिया में ज्यादातर देशों तक गैस पाइपलाइन के जरिए पहुंचाई जाती थी। समस्या यह थी कि कतर एक छोटा-सा खाड़ी देश है और उससे सीधे यूरोप या एशिया तक पाइपलाइन बिछाना बेहद महंगा और मुश्किल था। तब कतर ने एक बड़ा दांव खेला। उसने अपनी प्राकृतिक गैस को बहुत ज्यादा ठंडा करके तरल, यानी लिक्विड बनाने की तकनीक अपनाई। इसमें गैस को करीब माइनस 162 डिग्री सेल्सियस तक ठंडा किया जाता है। इतना ठंडा होने पर गैस सिकुड़कर तरल बन जाती है और उसका आकार करीब 600 गुना छोटा हो जाता है। यही एलएनजी यानी लिक्विफाइड नेचुरल गैस कहलाती है। इससे गैस को पाइपलाइन की बजाय जहाजों से दुनियाभर में भेजना संभव हो गया। यहीं से कतर एक ऊर्जा महाशक्ति बनकर उभरा। 1996 में जापान को 60 हजार टन एलएनजी की पहली खेप भेजी गई। इसके बाद उत्पादन तेजी से बढ़ा और 2010 तक कतर की क्षमता 7.7 करोड़ टन सालाना पहुंच गई। कतर की 60 फीसदी से ज्यादा कमाई गैस और उससे जुड़े कारोबार से होती रही। इस कमाई ने कतर के रेगिस्तान की तस्वीर बदल दी। जहां कभी कच्ची सड़कें और खाली रेतीले मैदान थे, वहां आज ऊंची-ऊंची कार्पोरेट इमारतें, चौड़ी सड़कें और आधुनिक शहर खड़े हैं। शहरों में ऐसी सिंचाई व्यवस्था बनाई गई कि रेगिस्तान के बीच भी हरियाली, घास और चमकीले फूल दिखाई देने लगे।

दोहा जैसे शहर आधुनिक महानगरों में बदल गए। कतर ने मेट्रो नेटवर्क बनाया, जो राजधानी दोहा को उत्तर में बसे लुसैल शहर से जोड़ता है। लुसैल में पेरिस जैसे डिजाइन वाला विशाल माल बनाया गया और कृत्रिम बर्फ वाला थीम पार्क भी तैयार किया गया। कतर ने साल 2022 में दुनिया का सबसे महंगा फुटबाल वर्ल्ड कप आयोजित किया। इतना ही नहीं, उसने करीब 600 अरब डालर का सावरेन वेल्थ फंड बनाया, जिसने लंदन के हीथ्रो एयरपोर्ट, न्यूयॉर्क की एम्पायर स्टेट बिल्डिंग और दुनिया भर की बड़ी संपत्तियों में निवेश किया। लुसैल में पेरिस की तर्ज पर बना एक बड़ा माल और कृत्रिम बर्फ वाला थीम पार्क मौजूद है। कतर की आर्थिक सफलता में रस लाफान की बहुत बड़ी भूमिका रही है। इसे कतर की गैस इकोनामी का दिल माना जाता है। दोहा से 80 किमी उत्तर रेगिस्तान में बसे इस इंडस्ट्रियल सिटी की वजह से कतर दुनिया के सबसे बड़े एलएनजी निर्यातकों में शामिल हुआ।



■ युद्ध और तनाव की खबरों ने पर्यटन और कारोबार पर भी असर डाला
■ भारत भी कतर से भारी मात्रा में प्राकृतिक गैस खरीदता है

### ईरान की हमले से कतर के रस लाफान को नुकसान

**दोहा।** कतर एनर्जी ने ईरानी हमलों और होर्मुज स्ट्रेट बंद होने की वजह से दो महीने से ज्यादा पहले रस लाफान में एलएनजी यानी तरलीकृत प्राकृतिक गैस का उत्पादन रोक दिया था। हाल के युद्ध में ईरान ने इसे निशाना बनाया। मिसाइलों और ड्रोन हमलों में रस लाफान के कुछ महत्वपूर्ण उपकरणों को नुकसान पहुंचा, जिससे कतर की गैस उत्पादन क्षमता करीब 17 फीसदी घट गई। इसी वजह से यह इलाका अब कतर की सबसे बड़ी चिंता भी बन गया है। कतर का सबसे बड़ा गैस उत्पादन केंद्र रस लाफान लगभग बंद पड़ा है। वहां की सड़कें बंद कर दी गई हैं। राजधानी दोहा के दक्षिण में बने विशाल हमाद पोर्ट पर लोडिंग क्रेन खामोश खड़ी हैं। जहाजों की आवाजाही लगभग रुक गई है। राजधानी के होटल, लग्जरी दुकानें और बाजार खामोश हैं। एशिया ग्रुप नाम की रणनीतिक सलाहकार कंपनी के मैनेजिंग डायरेक्टर अहमद हेलाल ने कहा कि कतर की पूरी अर्थव्यवस्था गैस निर्यात पर टिकी हुई है। उनके मुताबिक कि आज कतर में जो कुछ भी दिखाई देता है, वह ऊर्जा से आई दौलत की वजह से बना है।

## मेक्सिको में 10 लोगों की गोली मारकर हत्या

**मेक्सिको सिटी।** मेक्सिको के पुएब्ला राज्य में एक बड़े गोलीकांड में 10 लोगों की मौत हो गई। राज्य सरकार ने पुष्टि की कि मरने वालों में छह पुरुष, तीन महिलाएं और एक नाबालिग शामिल है। अधिकारियों ने अभी तक किसी पीड़ित का नाम सार्वजनिक नहीं किया है। अधिकारियों के मुताबिक, पड़ोसियों ने गोलियों की आवाज सुनने के बाद पुलिस को सूचना दी। पुलिस जब मौके पर पहुंची तो घर के अंदर कई लोग गोली लगने से घायल मिले। एक महिला को अस्पताल ले जाया जा रहा था, लेकिन रास्ते में उसकी मौत हो गई।

तेहुइत्जिंगो करीब 11300 आबादी वाला शहर है, जो मेक्सिको सिटी से लगभग 208 किमी पर है। मेक्सिको 11 जून से फीफा वर्ल्ड कप की सह- मेजबानी करने जा रहा है। मेक्सिको सिटी, मान्टेरी और ग्वाडलहारा में 13 मैच खेले जाएंगे। राष्ट्रपति क्लाउडिया शीनबाम 1 लाख सुरक्षा कर्मियों की तैनाती का ऐलान कर चुकी हैं। प्यूब्ला सरकार ने कहा कि पीड़ितों पर हथियारबंद लोगों ने हमला किया। अब तक किसी गिरफ्तारी की जानकारी नहीं दी गई है। हमले की वजह भी साफ नहीं है। अधिकारी मामले की जांच कर रहे हैं। प्यूब्ला के गवर्नर अलेजांद्रो अर्मेंटा ने भी अब तक इस घटना पर कोई बयान नहीं दिया है। मामले की जांच में नेशनल गार्ड, राज्य का अटार्नी जनरल आफिस, राज्य और स्थानीय पुलिस के साथ इंटेलिजेंस टीमें भी शामिल हैं। अधिकारियों ने कहा कि हमले के पीछे कौन है, इसका पता लगाने की कोशिश की जा रही है। मध्य मेक्सिको में हाल के महीनों में ड्रग कार्टेल से जुड़ी हिंसा बढ़ी है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, इसके चलते 800 से 1,000 परिवार घर छोड़ने को मजबूर हुए हैं। मेक्सिको में ड्रग कार्टेल के लीडर के मौत से नाराज समर्थकों ने ग्वाडलाहारा और प्यूर्टो वालार्टा इलाकों में आगजनी की।




■ मृतकों में 3 महिलाएं और एक बच्चा, हमलावर फरार, अगले महीने मेक्सिको में फुटबाल वर्ल्ड कप होना है



## सैयामी खेर ने साझा किया दिल छू लेने वाला नोट

**मुंबई।** अभिनेत्री सैयामी खेर ने फिल्ममेकर विक्रम फडनीस की आगामी अनटाइटल्ड फिल्म की शूटिंग पूरी करने पर इंस्टाग्राम पर एक भावुक और बेहद निजी नोट साझा किया है। इस फिल्म में ताहिर राज भसीन और विनीत कुमार भी अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे। अपने इस सफर को याद करते हुए सैयामी ने आभार जताया कि उन्हें एक बार फिर ऐसा किरदार निभाने का मौका मिला जो कहानी का मजबूत और अहम हिस्सा है। उन्होंने इस फिल्म को अपने दिल के बेहद करीब बताया। भावनात्मक और परफॉर्मेंस आधारित फिल्मों को चुनने के लिए पहचानी जाने वाली सैयामी ने विक्रम फडनीस की तारीफ करते हुए कहा कि उन्होंने सेट पर बेहद स्नेह, ईमानदारी और अपनापन भरा माहौल बनाया।

# ईरान को चारों तरफ से घेरने की तैयारी

## ट्रम्प ने संकेतात्मक तस्वीर साझा की, नक्शे से दोनों के बीच फिर जुबानी जंग तेज हुई

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के ईरान को निशाना बनाकर सोमवार को सोशल मीडिया पर साझा किए गए एक नक्शे से दोनों देशों के बीच फिर से जुबानी जंग तेज हो गई है। पश्चिमी एशिया के इस नक्शे पर अमेरिकी झंडा लगा हुआ था और कई दिशाओं से लाल रंग के तीर ईरान की तरफ इशारा कर रहे थे। ट्रम्प द्वारा अपने सोशल मीडिया मंच 'ट्रुथ सोशल' पर साझा किए गए नक्शे के साथ हालांकि कोई स्पष्टीकरण नहीं दिया गया था, लेकिन इस दृश्य को रणनीतिक दबाव बनाने के संदेश के रूप में देखा जा रहा है।

इसमें कई लाल तीर ईरान की तरफ बढ़ते दिख रहे हैं, जिसका सीधा मतलब ईरान को चारों तरफ से घेरने का संकेत देना है। यह भड़काऊ तस्वीर ट्रम्प द्वारा रविवार को ट्रुथ सोशल पर साझा किए गए एक संदेश के बाद आई है, जिसमें उन्होंने लिखा था कि ईरान के



■ ट्रम्प ने इजरायल के पीएम नेतन्याहू से फोन पर बात करने के तुरंत बाद यह पोस्ट साझा की

लिए उल्टी गिनती शुरू हो चुकी है। उन्हें बहुत तेजी से कदम बढ़ाने होंगे, वरना उनका वजूद ही नहीं बचेगा। उन्होंने जोर देकर कहा था कि समय बहुत कम है। यह चेतावनी ऐसे समय में आई है जब चल रहे संघर्ष को समाप्त करने के लिए अमेरिका समर्थित शांति प्रस्ताव अधर में लटका हुआ है और कूटनीतिक स्तर पर बातचीत आगे बढ़ती नहीं दिख रही है। रिपोर्टों के मुताबिक, ट्रम्प ने रविवार शाम को इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से फोन पर बात करने के तुरंत बाद यह पोस्ट साझा की। दोनों नेताओं ने अपनी बातचीत में ईरान के खिलाफ फिर से सैन्य कार्रवाई शुरू करने की संभावना और ट्रम्प की हालिया चीन यात्रा पर चर्चा की। ईरान पर अमेरिकी-इजरायली हमलों के बाद यह संघर्ष 28 फरवरी को शुरू हुआ था, जो सात अप्रैल से लागू एक नाजुक युद्धविराम के सहारे थमा हुआ है। हालांकि, शांति वार्ता में कोई खास प्रगति नहीं हो सकी है। इस युद्ध की वजह से होर्मुज जलडमरूमध्य की पूरी तरह से नाकेबंदी हो गई है, जहां से आम दिनों में दुनिया के कुल तेल निर्यात का लगभग 20 प्रतिशत हिस्सा गुजरता था।

## अमेरिका में एयर शो के दौरान दो लड़ाकू विमान टकराए

**वाशिंगटन।** अमेरिका के इडाहो प्रांत में आयोजित एक एयर शो के दौरान दो लड़ाकू विमान हवा में टकराकर दुर्घटनाग्रस्त हो गए, गनीमत रही दोनों विमानों के पायलट सुरक्षित पैराशूट के जरिए बाहर निकल आए।

अधिकारियों ने बताया कि चारों कर्मियों की हालत स्थिर है। बीबीसी की एक रिपोर्ट में अमेरिकी नौसेना के एक प्रवक्ता ने बताया कि बॉइंग ईए-18जी ग्राउलर विमान हवाई प्रदर्शन के दौरान एक-दूसरे से टकराकर दुर्घटनाग्रस्त हो गए। गनीमत रही कि समय रहते पायलट सुरक्षित बाहर निकल आए। यह स्पष्ट नहीं है कि उन्हें कोई चोट आई है या नहीं। यह दुर्घटना रविवार को 'गनफाइटर स्काइज एयर शो' के दूसरे और अंतिम दिन हुई। एयर शो माउंटेन होम एयर फोर्स बेस से लगभग 3-2 किलोमीटर उत्तर-पश्चिम में आयोजित किया गया था। हादसे के बाद मौके पर आग लग गई और एयर बेस को कुछ समय के लिए बंद कर दिया गया। इसके साथ ही एयर शो के बाकी कार्यक्रम रद्द कर दिए गए। मामले की जांच शुरू कर दी गई है। माउंटेन होम एयर फोर्स बेस गनफाइटर्स ने सोशल मीडिया पर जारी बयान में कहा कि घटना में शामिल चालक दल के सदस्य स्थिर स्थिति में हैं।

■ दोनों विमानों के पायलट सुरक्षित पैराशूट के जरिए बाहर निकल आए

# पुतिन की चीन यात्रा में वैश्विक मुद्दों पर होगी चर्चा

## पुतिन शी जिनपिंग के निमंत्रण पर 19-20 मई को चीन की यात्रा पर

**बीजिंग/मॉस्को।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के बाद, चीन रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की मेजबानी करेगा और वार्ता में रणनीतिक साझेदारी और वैश्विक मुद्दों पर चर्चा होगी। पुतिन चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के निमंत्रण पर 19-20 मई को चीन की यात्रा पर हैं।

दो दिवसीय यात्रा के दौरान पुतिन और शी के बीच द्विपक्षीय संबंधों के साथ-साथ अन्य महत्वपूर्ण अंतर्राष्ट्रीय मुद्दों पर भी बातचीत होने की उम्मीद है। पुतिन चीनी प्रधानमंत्री ली कियांग से भी मुलाकात करेंगे। दोनों नेताओं ने फरवरी 2022 में 'बिना किसी सीमा' वाली रणनीतिक साझेदारी पर हस्ताक्षर किए थे। रूसी राष्ट्रपति की यात्रा से पहले, शी और पुतिन ने रविवार को 'बधाई पत्र' का आदान-प्रदान किया। ये संदेश अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की चीन की उच्च स्तरीय यात्रा के कुछ ही दिनों बाद आए हैं, जो चार दिन पहले समाप्त हुई थी। चीनी सरकारी मीडिया में प्रसारित बयान में शी जिनपिंग ने कहा कि चीन और रूस के बीच सहयोग लगातार गहराता और मजबूत होता जा रहा है और उन्होंने यह भी बताया कि इस वर्ष उनकी रणनीतिक साझेदारी की 30वीं वर्षगांठ है। सरकारी मीडिया टैब्लॉइड ग्लोबल टाइम्स में प्रकाशित एक लेख में कहा गया है कि अमेरिकी और रूसी राष्ट्रपतियों की यात्राओं से पता चलता है कि बीजिंग 'वैश्विक कूटनीति के केंद्र बिदु के रूप में तेजी से उभर रहा है'। ग्लोबल टाइम्स ने कहा कि इन लगातार यात्राओं ने व्यापक ध्यान आकर्षित किया है, और विश्लेषकों का कहना है कि शीत युद्ध के बाद के युग में किसी देश के लिए एक सप्ताह के भीतर अमेरिका और रूस के नेताओं की मेजबानी करना अत्यंत दुर्लभ है। रूस के साथ चीन के बढ़ते संबंधों ने पश्चिम में चिंता पैदा कर दी है, खासकर 2022 में मॉस्को द्वारा यूक्रेन पर पूर्ण पैमाने पर आक्रमण शुरू करने के बाद से। तब से रूस को चीन के आर्थिक और राजनयिक समर्थन ने संघर्ष को जारी रखने में मदद की है। दोनों देशों के नेताओं की 40 से अधिक बार मुलाकात हो चुकी है। इस बीच, 2022 के बाद से चीन और रूस के बीच द्विपक्षीय व्यापार में भारी वृद्धि हुई है, और अब रूस के निर्यात का एक चौथाई से अधिक हिस्सा चीन का है। ऊर्जा और स्वच्छ वायु अनुसंधान केंद्र के अनुमानों के अनुसार, अकेले रूसी कच्चे तेल की चीनी खरीद से मॉस्को को सैकड़ों अरब डॉलर का राजस्व प्राप्त हुआ है, जो आक्रमण के बाद से कुल ईंधन खरीद को 367 अरब डॉलर से अधिक बताता है।



■ दोनों नेताओं ने फरवरी 2022 में 'बिना किसी सीमा' वाली रणनीतिक साझेदारी पर हस्ताक्षर किए थे

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ



पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108

RECRUITMENT 2026
THE S.D. DEGREE COLLEGE
NIRANA, JANSATH ROAD, MUZAFFARNAGAR, 251001
(Affiliated to Maa Shakumbhari University, SAHARANPUR)
APPLICATIONS ARE INVITED FOR FACULTY POSITIONS
(Asst. Professor, Assoc. Professor & Professor)
DISCIPLINES
- BBA, BCA, B.Com. B.Sc. (PCM,CBZ, Micro Biology)
- BA (Hindi, English, Political Science, Sociology, History, Educaton, Drawing & Painting
QUALIFICATION
UGC NET, Ph.D
SALARY
As Per University Norms
APPLY WITHIN 15 DAYS
SEND YOUR RESUME TO:
thesddegree@gmail.com
Attach copies of all degrees and testimonials.
Paste a colored photograph on the CV.